www.navbharatlive.com
4 राज्य | 3 भाषाएं | 32 संस्करण
मुंबई, रविवार
29.9.2024
पृष्ठ : 16 | मूल्य : ₹ 6.00 | अश्विन कृष्ण 12
सदैव अपने पाठकों के साथ
पत्र समूह संस्थापक : स्व. श्री रामगोपाल माहेश्वरी
# नवभारत
1934 से

GKJ



26 नवंबर के पहले नई सरकार
अंदर के पृष्ठ पर

# नेपाल में जल प्रलय

62 की मौत, सैकड़ों दबे

## बाढ़ से मची भारी तबाही

■ **काठमांडू,** एजेंसियां. नेपाल में भारी बारिश और लैंडस्लाइड ने भयंकर तबाही मचाई है, जिसकी चपेट में आकर 62 लोगों की मौत हो गई वहीं सैकड़ों लोग घायल हो गए. वहीं कई लापता हैं. सुरक्षा एजेंसियों, नेपाल सेना और सशस्त्र बलों ने अब तक रेस्क्यू ऑपरेशन के जरिए 1,415 लोगों को बचा लिया है. बाढ़ और भूस्खलन से प्रमुख सड़कें बंद हो गई हैं और घरेलू हवाई यात्रा बाधित हुई है. गृह मंत्रालय के अधिकारी दिल कुमार तमांग ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है. अधिकांश मौतें काठमांडू घाटी में हुईं, जहां बाढ़ के कारण यातायात और सामान्य गतिविधि ठप हो गई है. काठमांडू के कुछ हिस्सों में 322.2 मिमी (12.68 इंच) तक बारिश दर्ज की गई. बचावकर्मियों ने छतों या ऊंची जमीन पर फंसे लोगों की मदद के लिए हेलीकॉप्टर और रबर की नावों का इस्तेमाल किया.



### स्कूल-कॉलेज 3 दिनों तक बंद

भारी बारिश की चेतावनी के बाद नेपाल के शिक्षा मंत्रालय ने सभी शैक्षणिक संस्थानों को 3 दिनों के लिए बंद करने का निर्णय लिया है.

### 44 जगहों पर हाईवे ठप

देश की करीब 44 जगहों पर हाईवे ठप पड़ गए हैं. कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने इमरजेंसी बैठक बुलाई और राहत बचाव के काम को लेकर जरूरी निर्देश दिए हैं.

## महाराष्ट्र सहित 6 राज्यों में पानी-पानी

■ **दिल्ली,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. मानसून की वापसी हो रही है. साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से पिछले 24 घंटे में महाराष्ट्र और उसके आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश दर्ज की गई. मुंबई, पुणे, पालघर और आसपास के इलाकों में जिलों में रेड अलर्ट जारी करना पड़ा. पिछले 24 घंटे में उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम, पश्चिम मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र में भारी बारिश दर्ज की गई.

## मणिपुर में मैतेई गांव पर फायरिंग

■ **इंफाल,** एजेंसियां. मणिपुर में जिरीबाम जिले के एक गांव में शनिवार को कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने गोलीबारी की, जिसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. पुलिस ने यह जानकारी दी. कुछ हथियारबंद लोगों ने पास की पहाड़ियों और आसपास के घने जंगलों से मोंगबुंग मैतेई गांव पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसके बाद क्षेत्र के गांव के स्वयंसेवकों ने जवाबी कार्रवाई की.




## QUICK NEWS

### ओडिशा में UP की बस पलटी, 4 मृत

**बालासोर.** ओडिशा के बालासोर जिले में उत्तर प्रदेश से आई एक पर्यटक बस के पलट जाने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई जबकि 30 व्यक्ति घायल हो गए.

## अजीत की 'घड़ी' पर ग्रहण

### पवार की याचिका पर 1 को SC में सुनवाई

■ **मुंबई / दिल्ली,** नवभारत न्यूज़ नेटवर्क. राकां में फूट के बाद शरद पवार और अजीत पवार गुट के बीच क़ानूनी लड़ाई जारी है. शरद गुट ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर अजीत गुट के घड़ी चुनाव चिन्ह को बदलने के साथ उन्हें असली राकां घोषित किए जाने के फैसले को चुनौती दी है. इस मामले पर अगली सुनवाई 1 अक्टूबर को होगी. राकां शरद गुट की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा है कि उनकी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया है कि पार्टी के दोनों गुटों के साथ समान व्यवहार किया जाए और जिस तरह उनकी पार्टी को नया चुनाव चिन्ह दिया गया है, उसी तरह अजीत के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी गुट के लिए भी ऐसा ही किया जाना चाहिए. इस वजह से अजीत के घडी चिन्ह पर ग्रहण लग गया है.

### शरद गुट को तुतारी चिन्ह

■ 19 मार्च को शीर्ष अदालत ने शरद पवार गुट को लोकसभा चुनावों से पहले अपने नाम के साथ 'राकांपा-शरदचंद्र पवार' और चुनाव चिन्ह 'तुतारी' का उपयोग करने की अनुमति दी थी. हालांकि इससें मिलते हुए चिन्ह की वजह से लोकसभा चुनाव में शरद गुट को भारी घाटा उठाना पड़ा था.



### अजीत की मांग, BJP असहज

अजीत पवार मुख्यमंत्री पद के लिए जोर लगा रहे हैं. अजीत ने मांग की है कि महागठबंधन में मुख्यमंत्री का पद तीनों घटक दलों को बारी-बारी से दिया जाना चाहिए. इससे भाजपा असहज हो उठी है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय महाराष्ट्र दौरे पर थे. इस दौरे के दौरान उन्होंने विदर्भ, मराठवाड़ा और उत्तरी महाराष्ट्र में बीजेपी की चुनावी तैयारियों की समीक्षा की. इस दौरे के दौरान अमित शाह ने छत्रपति संभाजीनगर में बैठक की.

## लाडली बहना पर राज भी नाराज

### महायुति पर तंज इससे तो अच्छा नौकरी दे देते

■ **अमरावती,** ब्यूरो. मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना को लेकर सरकार पर निशाना साधा हैं. शनिवार को मीडिया से बातचीत में राज ठाकरे ने वर्तमान महायुति सरकार पर सत्ता में वापसी हेतु सरकारी तिजोरी लुटाने का आरोप लगाया. योजना में महिलाओं को अक्टूबर महीने की किस्त देने के बाद सरकार की तिजोरी पूर्ण खाली हो जायेगी. जिससे अब आगामी जनवरी महीने से सभी अधिकारी-कर्मियों के वेतन के वांदे होंगे. समाज का कोई भी घटक सरकार से कुछ भी मुफ्त में नहीं मांगता हैं. राजनीतिक दल अपने स्वार्थ के लिए लोगो को मुफ्तखोरी की आदत लगा रहे हैं, जो उचित नहीं है. मिशन विदर्भ के तहत दो दिवसीय अमरावती दौरे पर आये राज ठाकरे ने दौरे के दूसरे दिन शनिवार को कहा कि पत्रकारिता की नीतिमित्ता अब दिनों-दिन घट रही हैं. पहले नेता पत्रकारों से घबराते थे, लेकिन अब स्थिति उलटी हैं. अब तो सवाल भी पहले से तय रहते हैं, और जवाब भी जिससे मीडिया का महत्व कम हो रहा हैं.

### विदर्भ के सभी 11 जिलों की नब्ज टटोली

विधानसभा चुनाव में स्वबल परखने के इरादे से मैदान में उतरे राज ठाकरे का विदर्भ पर विशेष फोकस हैं. अपने इस दो दिवसीय अमरावती दौरे के पहले दिन पश्चिम विदर्भ के पांच जिलों अमरावती, बुलढाना, अकोला, वाशिम और यवतमाल के पदाधिकारियों से मंथन बैठक कर विधानसभा चुनाव तैयारी तथा चुनाव जितने लायक स्थिति को लेकर चर्चा की.

### जीतने के लिए लड़ना है

यह विधानसभा चुनाव हमें जितने के लिए लड़ना हैं. यह मंत्र उन्होंने पार्टी पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं को दिया. अब हर हाल में राज्य के प्रत्येक जिले-प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में मनसे की ताकत बढ़ानी हैं. इसलिए उम्मीदवारों की घोषणा होते ही सभी कार्यकर्ता पूर्ण ताकत से चुनाव में जीत का लक्ष साधने के लिए काम पर लग जाएं.






## 50 रु. बढ़ी परीक्षा फीस



**पुणे.** राज्य शिक्षा बोर्ड ने एसएससी और एचएससी के परीक्षा शुल्क में 12% तक बढ़ोतरी का फैसला लिया है. पेपर महंगे होने के कारण इस साल से परीक्षाओं की फीस बढ़ा दी गई है. इसलिए अब छात्रों को परीक्षा देने के लिए 50 रुपये अधिक चुकाने होंगे. जानकारी के अनुसार, राज्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने इस साल से दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षा फीस बढ़ाने का फैसला किया है. जैसे-जैसे हर साल छात्रों की संख्या बढ़ती है.






GKJ

# ये नया भारत है घुसकर मारता है



## सरकार ने गोली का जवाब गोले से दिया : मोदी

■ **जम्मू, एजेंसियां.** जम्मू-कश्मीर के एमए स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजय संकल्प रैली के दौरान कहा कि 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक हुई थी... भारत ने दुनिया को बता दिया था कि ये नया भारत है... ये घर में घुस कर मारता है. आतंक के आकाओं को पता है कि अगर कुछ भी हिमाकत की... तो मोदी पाताल में भी उन्हें खोज निकालेगा. कांग्रेस वो पार्टी है, जिसने हमारी फौज से सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे थे. कांग्रेस वो पार्टी है, जो आज भी सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर पाकिस्तान की भाषा बोलती है. क्या आप ऐसी कांग्रेस को माफ कर सकते हैं? देश के लिए मर-मिटने वालों का कांग्रेस कभी सम्मान नहीं कर सकती. मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग आतंकवाद, अलगाववाद और हिंसा नहीं चाहते हैं. यहां के लोग शांति और समृद्धि चाहते हैं. यहां के लोग अपने बच्चों के लिए उज्ज्वल भविष्य चाहते हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए यहां के लोग भाजपा सरकार चाहते हैं. जम्मू-कश्मीर के लोग कांग्रेस, एनसी और पीडीपी के तीन खानदानों से त्रस्त हैं. लोग फिर वही निजाम नहीं चाहते, जिसमें भ्रष्टाचार हो, नौकरियों में भेदभाव हो. जम्मू-कश्मीर के लोग आतंक, अलगाव और खून-खराबा अब नहीं चाहते हैं. यहां के लोग अमन-शांति चाहते हैं. पीएम ने कहा कि पिछले दो चरणों में हुए भारी मतदान ने जम्मू-कश्मीर की जनता का मूड बता दिया है. दोनों चरणों में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त वोटिंग हुई है. अब यहां भाजपा की पूर्ण बहुमत की पहली सरकार बनना तय है.

### आतंकवाद, अलगाववाद से मुक्ति चाहते हैं लोग

मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर के लोग अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए 'भ्रष्टाचार, आतंकवाद और अलगाववाद' से मुक्त सरकार की आस लगाए हुए हैं. लोगों को इस मौके का फायदा उठाना चाहिए और भाजपा को चुनना चाहिए. आज की जो कांग्रेस है वो पूरी तरह से 'शहरी नक्सलियों' के कब्जे में है. जब विदेशों से घुसपैठिए यहां आते हैं तो न जाने क्या कारण है कि कांग्रेस को अच्छा लगता है. उनमें इनको अपना वोट बैंक दिखता है. लेकिन अपने ही लोगों की पीड़ा पर वे उनका भद्दे तरीके से मजाक उड़ाते हैं.



## फोटोबाजी छोड़ें नौकरी दें PM

■ **दिल्ली, एजेसियां.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देश में युवाओं में बेरोजगारी के 'भयावह स्तर' को लेकर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि क्या 2023-24 में युवा बेरोज़गारी दर 10.2% नहीं रही. उन्होंने आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के आंकड़ों का हवाला देते हुए यह भी कहा कि लाख कोशिशों के बावजूद ये सरकारी डेटा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहा है. बेरोज़गारी से बड़ा देश में कोई मुद्दा नहीं है. युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने में मोदी का सबसे बड़ा योगदान है. ताज़ा आंकड़ों को अगर बारीकी से देखें तो लाख कोशिशों के बावजूद भी ये सरकारी डेटा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहे हैं.



## कश्मीर की सुरक्षा को किया बर्बाद

■ **दिल्ली, नवभारत ब्यूरो.** जम्मू कश्मीर में तीसरे चरण के मतदान से पहले कांग्रेस ने भाजपा पर राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने का आरोप लगाया है. प्रमुख विपक्षी दल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा से सवाल किया है कि आखिर वह जम्मू कश्मीर की जनता के साथ किस बात का बदला ले रहे हैं. साथ ही कांग्रेस ने भाजपा के राष्ट्रवाद को लेकर भी सत्तारूढ़ दल से सवाल किया है. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जम्मू कश्मीर को लेकर 4 सवाल पूछा है. उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद पर अपने एकाधिकार का दावा करती है. लेकिन उसने जम्मू में सुरक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है.

# OPS के साथ महिलाओं को ₹2,000 की गारंटी

## हरियाणा में कांग्रेस का घोषणापत्र

■ **दिल्ली, नवभारत ब्यूरो.** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने शनिवार को चंडीगढ़ में मेनिफेस्टो जारी कर दिया. पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, ऑब्जर्वर राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत और प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने इसे जारी किया. मेनिफेस्टो में सरकारी कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम और महिलाओं को हर माह 2,000 रुपये देने सहित कई वादे किए गए हैं.
किसानों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी व फसल खराब होने पर तुरंत मुआवजा देने का वादा किया गया है. हालांकि कांग्रेस के घोषणा पत्र में अग्निवीर को लेकर कोई जिक्र नहीं है. कांग्रेस लगातार चुनाव में अग्निवीर को शहीद का दर्जा न देने और पेंशन छीने जाने का विरोध करती रही है. 7 दिन पहले दिल्ली में कांग्रेस प्रदेश के लोगों के लिए 7 गारंटियां दे चुकी है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुआई में 7 वादे-पक्के इरादे के नाम से इसे जारी किया गया था.



### मेनिफेस्टो में कांग्रेस की घोषणाएं

- हरियाणा में ओल्ड पेंशन योजना लागू करने का वादा.
- एसवाईएल नहर विवाद सुलझाने का वादा किया है. किसान आंदोलन में मारे गए 700 से अधिक शहीद किसानों के एक परिजन को सरकारी नौकरी देने का वादा. किसानों की हर फसल एमएसपी पर बिकेगी.
- 8 से 60 साल की महिलाओं के खाते में हर महीने 2 हजार रुपए आएंगे. लोगों को 25 लाख तक फ्री इलाज मिलेगा. महिलाओं को सरकारी नौकरी में 33 फीसदी आरक्षण देंगे.

### भाजपा ने छीन ली हरियाणा की खुशहाली, कांग्रेस करेगी बहाल : राहुल



हरियाणा विस चुनाव में कांग्रेस और भाजपा का चुनाव प्रचार जोरों पर है. दोनों दलों की ओर से आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया है. इस क्रम में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि भाजपा के 10 साल के कार्यकाल में हरियाणा विकास और समृद्धि का दौड़ में पीछे छूट गया है. केंद्र सरकार ने अग्निवीर योजना लागू कर देशभक्त युवाओं के सपनों को तोड़ने का काम किया है. राहुल ने हरियाणा की जनता से वादा किया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर आम जनता के अधिकारों की रक्षा और सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने का काम किया जाएगा. उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की गारंटी है. राहुल ने कहा कि भाजपा ने अपने चुने हुए 'मित्रों' को फायदा पहुंचाने के लिए हरियाणा का आत्मसम्मान तक छीन लिया. लेकिन कांग्रेस की आने वाली सरकार 'दर्द के दशक' का अंत करेगी और हर हरियाणा के लोगों की उम्मीदों, आकांक्षाओं और ख्वाबों को पूरा करने का काम करेगी.

### कल्पना सोरेन ने लगाया केंद्र सरकार पर आरोप

# मंईयां सम्मान रोक रही BJP

■ **चाईबासा, एजेंसियां.** झारखंड सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी तथा झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने पश्चिमी सिंहभूम के तांतनगर में मंईया सम्मान यात्रा की शुरुआत करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा गरीब-गुरबा लोगों को आगे बढ़ा रहा है. उन्होंने भाजपा पर मंईया सम्मान योजना को रोकने का आरोप लगाया और हेमंत सोरेन को बिना सबूत जेल में डालने की बात कही. सभा को संबोधित करते हुए कल्पना ने कहा कि मंईया सम्मान योजना महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए लाई गई है लेकिन इस योजना से बीजेपी को बहुत तकलीफ हो रही है. योजना को रोकने के लिए हर प्रकार का प्रयास किया जा रहा है. हेमंत सोरेन अकेला दिखता है, अकेला है नहीं. राज्य की आधी महिला आबादी समेत पूरा राज्य उनके साथ खड़ा है. आप लोग बातें सभी की सुनें, लेकिन सही को चुनें.




### 'लाडली बहना' की नकल : शिवराज

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंईयां सम्मान योजना पर तंज कसते हुए कहा कि यह योजना उनकी लाडली बहना योजना की नकल है. झारखंड सरकार ने 5 वर्ष पहले वादा किया था कि हर महिला को चूल्हा खर्च के रूप में 2,000 रुपये दिए जाएंगे,लेकिन 4 वर्ष और 10 माह तक उन्होंने कुछ नहीं किया. अब चुनाव के समय उन्होंने सिर्फ 1000 रुपये जमा करने शुरू कर दिए.

# बेटे की रील बनी मुसीबत

## राजस्थान के DCM दिल्ली तलब



■ **जयपुर, एजेंसियां.** राजस्थान के डिप्टी सीएम प्रेमचन्द बैरवा के बेटे की वायरल रील पर सियासी बवाल मचा हुआ है. बताया जा रहा है कि उनकी कुर्सी जा सकती है. बीजेपी आलाकमान ने उन्हें दिल्ली तलब किया है. वे बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह से मिलेंगे. सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी आलाकमान बैरवा से इस्तीफा ले सकता है. बेटे की रील मामले को लेकर सरकार की हुई किरकिरी से आलाकमान नाराज है.
दरअसल, प्रेमचंद बैरवा के बेटे और सांगानेर विधानसभा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके पुष्पेंद्र भारद्वाज के बेटे कार्तिकेय भारद्वाज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. वीडियो में बैरवा का बेटा आशु जीप दौड़ाते नजर आ रहा है. जीप के आगे-पीछे राजस्थान पुलिस एस्कॉर्ट करते हुए नजर आ रही है. जीप में उनके साथ 3 और लड़के हैं. एक आशु के साथ आगे बैठा है जबकि 2 लड़के पीछे बैठे हुए हैं. इनमें ने एक कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र भारद्वाज के बेटे कार्तिकेय भी हैं. वायरल हो रहे रील वीडियो में उनका बेटा अपने कुछ दोस्तों के साथ एक खुली जीप में मौज-मस्ती करता दिख रहा है.

### पहले बचाव, फिर माफी

- मामले को बढ़ता देख बैरवा ने इस पर सफाई दी. उन्होंने कहा कि अभी वो बच्चा है. 18 साल का भी नहीं हुआ है. वीडियो में दिख रहे बच्चे उसके दोस्त हैं. पुलिस की गाड़ी बच्चे का एस्कॉर्ट नहीं कर रही थी, बल्कि उसकी गाड़ी के पीछे चल रही थी.
- मैं अपने बच्चे को कोई दोष नहीं देता हूं क्योंकि वे बच्चे स्कूल के दोस्तों के साथ थे और उसमें उस तरह की कोई बात नहीं है. इस बयान के 24 घंटे बाद बैरवा ने एक और बयान दिया, जिसमें उनका रवैया बदला हुआ था. उन्होंने इस मामले पर मांफी मांगी.

## QUICK NEWS

### पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने छोड़ी पार्टी

**बक्सर.** बिहार में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है. इंदिरा गांधी के करीबी रहे बक्सर के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री केके तिवारी के बेटे तथागत हर्षवर्द्धन ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया. वह जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष भी रहे हैं. उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से लगभग 2 दर्जन पार्टी समर्थकों के साथ त्यागपत्र दे दिया. उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व ने पार्टी हित से ऊपर अपने निजी हितों को रखा है. प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व ने दुराग्रही सोच तथा निजी पसंद को पार्टी हित से ऊपर रखकर पार्टी के सिद्धांतों को नेस्तनाबूद कर दिया है.



### केजरीवाल का अजीत के नाम पर मोदी पर तंज

# घोटालेबाजों को बनाते हैं DCM

■ **दिल्ली, एजेंसियां.** दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा में जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का मुद्दा उठाते हुए कहा कि क्या बीजेपी को शर्म आती है. अजीत पवार का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जिस व्यक्ति पर घोटाले का आरोप लगाते हैं, उसे ही राज्य का डिप्टी सीएम बना देते हैं. ऐसे 25 'नगीने' पीएम नरेंद्र मोदी के नगीने हैं. मैंने 4-5 दिन पहले मोहन भागवत को चिट्ठी लिखी थी. उस चिट्ठी में उनसे 5 मुद्दों पर बात की थी. इसमें एक मुद्दा ये भी था कि जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी इस देश के सबसे भ्रष्ट नेताओं को ईडी और सीबीआई से डराकर या पैसों का लालच देकर दूसरी पार्टी से तोड़-तोड़कर अपनी पार्टी में शामिल कर रहे हैं, क्या वो (मोहन भागवत) उनसे सहमत हैं. केजरीवाल ने कहा कि 27 जून 2023 को प्रधानमंत्री ने कहा कि अजीत पवार पर 70 हजार करोड़ के घोटाले का आरोप है. हम इनको जेल भेंजेगे. 5 दिन के बाद 2 जुलाई को उनको सरकार में शामिल कराया और उपमुख्यमंत्री बना दिया. मैं बीजेपी से पूछना चाहता हूं कि कुछ शर्म आती है. क्या मुंह दिखाते हो जब अपनी गली में और अपने घर जाते हो.



### 2015 तक हिमंत भी थे भ्रष्टाचारी

पूर्व सीएम ने कहा कि 22 जुलाई 2015 को बीजेपी कहती है कि हिमंत बिस्व सरमा बहुत बड़ा भ्रष्टाचारी है. एक महीने बाद 23 अगस्त 2015 को उसे अपनी पार्टी में शामिल कर लेते हैं. एनसीपी नेता प्रफुल पटेल पर सीबीआई और ईडी का केस था, पीएम मोदी ने बंद करा दिए. प्रताप सरनाईक पर ईडी का केस था, ईओडब्ल्यू का केस था, दोनों बंद करा दिए. हसन मुश्रिफ पर ईडी का केस था, ठंडे बस्ते में डाल दिया. भावना गवाली पर ईडी का केस था.

# भाजपा, आजसू, जदयू झारखंड में साथ लड़ेंगी



## बंटवारे पर सहमति, नवरात्र में बजेगा बिगुल

■ **रांची, एजेंसियां.** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने घोषणा की कि भाजपा झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव राजग के घटक दलों ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) और जनता दल (यूनाइटेड) के साथ मिलकर लड़ेगी. भाजपा के झारखंड चुनाव के सह-प्रभारी शर्मा ने कहा कि सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे का समझौता अंतिम चरण में है. उन्होंने कहा कि भाजपा, आजसू और जदयू के साथ मिलकर झारखंड चुनाव लड़ेगी. सहयोगियों के साथ 99 प्रतिशत सीट पर सहमति बन गई है. बाकी की एक या दो सीट के लिए बातचीत की जा रही है और इन पर जल्द ही फैसला लिया जाएगा. शर्मा ने कहा कि इस संबंध में औपचारिक घोषणा 'पितृ पक्ष' के बाद की जाएगी जो दो अक्टूबर को समाप्त हो रहा है. झारखंड में 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव इस साल के अंत में प्रस्तावित है.

### अभ्यर्थियों की मौत की जांच हो

राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को पत्र लिखकर उन अभ्यर्थियों की मौत की विस्तृत जांच के लिए सहायता मांगी है जो आबकारी भर्ती अभियान के तहत शारीरिक परीक्षण के लिए उपस्थित हुए थे. इस पर शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार को इसकी जांच करनी चाहिए. चूंकि मौत झारखंड में हुई है तो जांच की पहली जिम्मेदारी राज्य सरकार की है.

### इस्तीफे के बाद विभाग ने थमाया नोटिस

# पूर्व मंत्री छोड़ेंगे बंगले

■ **चंडीगढ़, एजेंसियां.** पंजाब सरकार ने 5 पूर्व मंत्रियों को सरकारी कोठी खाली करने के लिए नोटिस जारी किया है. इसमें उन मंत्रियों के नाम शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में अपने पद से इस्तीफा दिया था. पूर्व मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर, चेतन सिंह जौड़ामाजरा, बलकार सिंह, ब्रह्म शंकर जिम्पा और अनमोल गगन मान को सरकारी कोठी खाली करने के लिए कहा गया है. नोटिस मे कहा गया कि किसी भी कैबिनेट मंत्री द्वारा पद से हटने के बाद सरकारी रिहायश में अधिक से अधिक 15 दिनों तक रिटेन किया जा सकता है इसलिए आप आवास खाली कर लोक निर्माण विभाग को सौंप दें, ताकि नवनियुक्त मंत्रियों को आवास आवंटित किए जा सकें.

# सिरसा में भाजपा का प्रत्याशी नहीं

## कांडा का कांग्रेस से सीधा मुकाबला

■ **सिरसा, एजेंसियां.** हरियाणा की सिरसा विधानसभा सीट पर भाजपा के चुनाव नहीं लड़ने से यहां सीधा मुकाबला कांग्रेस और गोपाल कांडा की हरियाणा लोकहित पार्टी (एचएलपी) के बीच लगभग तय माना जा रहा है. एचएलपी पिछले पांच वर्षों से हरियाणा में एनडीए का समर्थन कर रही है. हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा में सिरसा एकमात्र ऐसी सीट है, जहां सत्तारूढ़ भाजपा ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है. कांग्रेस ने भाजपा पर कांडा को अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन देने का आरोप लगाया है. राज्य में भाजपा और कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ रही इनडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) ने भी इस सीट से कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है और मौजूदा विधायक कांडा को अपना समर्थन दिया है. आईएनएलडी के वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला ने भी निर्वाचन क्षेत्र में कांडा के लिए प्रचार किया. वहीं कांग्रेस ने कहा कि एचएलपी के नेता इनेलो के समर्थन का दावा करके मतदाताओं को गुमराह कर रहे हैं, जबकि वे 'खुले तौर पर भाजपा का समर्थन' भी कर रहे हैं.



# सरकार को अस्थिर करने करवाया किसान आंदोलन

## खट्टर ने कहा सीमा पर बैठे लोग किसान नहीं

■ **कैथल, एजेंसियां.** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में केंद्र सरकार में मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए किसान आंदोलन को लेकर बड़ा बयान दिया. कैथल जिले की गुहला विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी कुलवंत बाजीगर के लिए प्रचार के दौरान खट्टर ने कहा कि किसानों का मुखौटा पहनकर पंजाब के कुछ लोगों ने चढ़ाई शुरू कर दी थी. हमने एक साल वो सब भुगता. उसके पीछे मंशा थी कि केंद्र और हरियाणा की सरकारों को कैसे गिराया जाए. किसान आंदोलन के पीछे जो लोग थे, उनकी केंद्र और राज्य की बीजेपी सरकार को अस्थिर करने की मंशा थी. खट्टर के इस बयान पर सियासी घमासान मच गया है. कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधा है. खट्टर ने कहा कि मुखौटा पहने वो लोग ट्रैक्टर लेकर दिल्ली में पहुंच गए थे. वहां लाल किले पर चढ़ गए थे. वो किसान नहीं थे. हम तो देशभक्त लोग हैं. कुछ लोग आपको भ्रम में डालेंगे लेकिन उनके बहकावे में नहीं आना है.



### किसानों से बीजेपी को मतलब नहीं : कांग्रेस

खट्टर के इस बयान पर कांग्रेस ने बीजेपी को घेरने की कोशिश की है. कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा ने कहा कि किसानों से बीजेपी का कोई लेना- देना नहीं है. किसानों के प्रति राहुल गांधी की कमिटमेंट है. कांग्रेस के एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा गया, 'हरियाणा के पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा- 'शंभू बॉर्डर पर जो बैठे हैं, वो किसान नहीं हैं. उन्होंने बस किसान का मुखौटा पहन रखा है. ये पहली बार नहीं है, जब बीजेपी ने किसानों का अपमान किया है. मंत्री खट्टर का ये बयान बीजेपी का किसान विरोधी चेहरा दिखाता है.'

# अफजल गुरु का भाई कर रहा विकास की बात

## राजनीति से पहचान की आस

■ **सोपोर, एजेंसियां.** जम्मू-कश्मीर की सोपोर विधानसभा सीट से विकास और रोजगार के मुद्दे पर चुनाव लड़ रहे एजाज अहमद गुरु का कहना है कि उनके विधानसभा क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियां केंद्र शासित प्रदेश की व्यापक समस्याओं को दर्शाती हैं. एजाज अहमद गुरु, संसद पर हमले के दोषी अफजल गुरु के भाई हैं. क्षेत्र के उत्थान और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के वादे के साथ गुरु अपने भाई की छवि से अलग अपनी राजनीतिक पहचान बनाने के लिए चुनाव मैदान में हैं. गुरु ने कहा कि मेरे भाई का दृष्टिकोण अलग था और मेरा अलग है. उनका ध्यान अलगाववादी विचारधाराओं के बजाय विकास पर है.
निर्दलीय उम्मीदवार एजाज अहमद गुरु ने संविधान को बनाए रखने और सोपोर की गंभीर समस्याओं को दूर करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की. मैट्रिक की पढ़ाई पूरी नहीं करने वाले एजाज गुरु ने कहा कि इस क्षेत्र को वर्षों से उपेक्षा का सामना करना पड़ा है.



### बागों के लिए प्रसिद्ध था सोपोर

किसी जमाने में सेब के बागों के लिए प्रसिद्ध रहा सोपोर 1990 के दशक की शुरुआत में आतंकवाद के गढ़ के रूप में तब्दील हो गया था. अलगाववादी नेता सैयद अली गिलानी इस सीट से तीन बार निर्वाचित हुए थे. वह आखिरी बार 1987 में विधायक के रूप में चुने गये थे. सोपोर की गलियों और कस्बों में प्रचार करते हुए गुरु ने स्थानीय अर्थव्यवस्था की खस्ता हालत को रेखांकित किया. उन्होंने कहा कि सोपोर के युवा बेरोजगार हैं और पिछले चार-पांच वर्ष में मंहगाई बढ़ने से जीवनयापन मुश्किल हो गया है.

# उग्रवादी कहने पर कुलस्ते से आदिवासी नाराज

## आंदोलन की दी चेतावनी

■ **उमरिया, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** मध्य प्रदेश के उमरिया में आदिवासी आंदोलन के दौरान आंदोलनकारियों को उग्रवादी कहने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते से आदिवासी समाज नाराज है और उनके खिलाफ आंदोलन की योजना बना रहा है. उमरिया में 26 सितंबर 2023 को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के आंदोलन के दौरान पुलिस लाठीचार्ज में कई आदिवासी घायल हो गए थे. पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राधेश्याम काकोड़िया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था. इस घटना के बाद कुलस्ते के बयान ने फिर बवाल खड़ा कर दिया. उन्होंने आंदोलनकारियों को उग्रवादी करार दिया था, जिसके जवाब में काकोड़िया ने कुलस्ते पर आरएसएस के प्रभाव में होने का आरोप लगाया. इस बात से गुस्साया आदिवासी समाज 30 सितंबर को कुलस्ते के संसदीय क्षेत्र मंडला में आंदोलन करने की योजना बना रहा है. कुलस्ते ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आदिवासियों का उग्रवादी जैसा व्यवहार करना ठीक नहीं है. इस बयान के बाद से मामला गरमा गया है.



*काकोड़िया ने पलटवार करते हुए कहा कि कुलस्ते मेरे काका लगते हैं. उनके मन और दिल में आरएसएस ने जगह बना ली है. उनका देखने और सोचने का दृष्टिकोण आदिवासियों के प्रति अलग है. चुटका परमाणु परियोजना और बसनिया बांध में कुलस्ते का गांव और जमीन चली गई है. जो नेता अपनी जमीन और गांव को बचा नहीं सकता है, वो आदिवासी के हितों की क्या बात करेगा.*

### समुदाय करेगा आंदोलन

काकोड़िया ने कहा कि फग्गन सिंह कुलस्ते द्वारा एक साल पहले आदिवासी आंदोलन को उग्रवादी कहे जाने से आदिवासी समाज नाराज है. इस घटना के विरोध में और अपनी मांगों को लेकर आदिवासी समुदाय के लोग 30 सितंबर को मंडला में आंदोलन करेंगे.

**सियासत** | हरियाणा में सत्ता बचाने के लिए चुनाव के अंतिम दौर में झोंकी ताकत

# भाजपा ने शुरू की गैर जाट क्षेत्रों में किलेबंदी

■ **संतोष ठाकुर @ नवभारत**

**दिल्ली.** हरियाणा विधानसभा चुनाव में अपना किला बचाने के लिए भाजपा ने अपनी रणनीति में कई बदलाव किये हैं. इनमें से सबसे बड़ा बदलाव यह है कि एक ओर उसने जहां फिर से पूववर्ती भूपेंद्र सिहं हुडडा सरकार के समय के कथित भ्रष्टाचार और उससे रॉबर्ट वाड्रा को लाभ पहुंचाने के आरोपों को जोर-शोर से उठाना शुरू किया है. वहीं, भाजपा ने जाट मतदाताओं को लुभाते हुए सर्वसमाज के वोटों से जीत दर्ज करने की अपनी योजना में भी बदलाव किया है. भाजपा ने चुनाव से ठीक पहले जाटों को राजनीतिक संदेश भेजने के कई कदम उठाए थे, लेकिन अब चुनाव में कांग्रेस के साथ सीधी टक्कर होते हुए देखने के बाद भाजपा ने अपने मूल मतदाता वर्ग गैर जाट पर फिर से ध्यान केंद्रीत कर दिया है. इसके तहत वह राज्य की करीब 36 सीटों पर अधिक ध्यान केंद्रीत कर रही है. ये समस्त इलाके गैर जाट बहुल वाले हैं. भाजपा को उम्मीद है कि अगर उसने इन क्षेत्रों में बढ़त हासिल करने में कामयाबी हासिल कर ली तो वह राज्य में तीसरी बार सरकार बना सकती है. सूत्रों के मुताबिक भाजपा ने अपना ध्यान अब पानीपत, कुरूक्षेत्र, फरीदाबाद, बल्लवगढ़, गुड़गांव, रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ इलाकों पर केंद्रीत कर यहां पर अपनी समस्त ताकत झोंक दी है. इनमें से गुड़गांव से लेकर महेंद्रगढ़ का इलाका अहीरवाल कहलाता है. इन जिलों में यादव मतदाता अधिकतर सीटों पर जीत हार को तय करते हैं. इस समस्त क्षेत्र में करीब 22 विधानसभा सीट हैं. हालांकि इसी क्षेत्र में मेवात का इलाका भी आता है. जहां पर मुस्लिम मतदाता कुछ सीटों पर निर्णायक हैं. लेकिन इन इलाकों में भी भाजपा गैर जाट- गैर मुस्लिम रणनीति पर काम कर रही है.

### मतदाता के बीच नया संदेश देने का प्रयास

भाजपा के एक नेता ने कहा कि यह सही है कि चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने कांग्रेस से जाट नेता किरण चौधरी को अपने पाले में किया. जाटों मतदाताओं को संदेश देने के लिए उनको राज्यसभा भेजा तो उनकी बेटी को तोशाम से विधानसभा उम्मीदवार बनाया गया. इसी तरह से करीब आधा दर्जन अन्य जाट नेताओं को भी भाजपा ने प्रमुखता दी. लेकिन इससे भाजपा के मूल मतदाताओं के बीच यह संदेश गया कि पार्टी शायद अन्य दलों की तरह राज्य में बहुलता रखने वाले जाट वर्ग की राजनीति की ओर बढ़ रही है. जबकि भाजपा की ताकत गैर जाट वर्ग के मतदाता रहे हैं. जिसकी वजह से भाजपा राज्य में लगातार दो बार सरकार बनाने में सफल रही. यही वजह है कि चुनाव में फिर से गैर जाट वर्ग वाले इलाकों में अधिक ताकत लगाई जा रही है. इसकी वजह यह है कि अगर भाजपा को तीसरी बार जीतना है तो इन क्षेत्रों में बढ़त बरकरार रखनी होगी.



# स्टैंडिंग कमेटी चुनाव आतिशी ने बताए अवैध

## सुको जाने की तैयारी में AAP

■ **दिल्ली, एजेंसियां.** दिल्ली नगर निगम की स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य चुनाव को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने अवैध और अमान्य बताया है. शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आतिशी ने कहा कि बीजेपी ने एमसीडी की स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव कराए जो एमसीडी कानून का उल्लंघन है. उन्होंने कहा कि एमसीडी एक्ट में साफ तौर पर कहा गया है कि स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव निगम की मीटिंग में ही कराए जाएंगे और मीटिंग केवल मेयर ही बुला सकते हैं. आम आदमी पार्टी इस चुनाव के लिए खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी. सीएम आतिशी ने कहा कि हमारा भारत देश संविधान से चलता है और संविधान के अनुसार बनाए गए कानूनों से चलता है. दिल्ली के नगर निगम को चलाने के लिए भारत की संसद ने एक कानून पारित किया हुआ है जो है दिल्ली नगर निगम अधिनियम 1957.



www.navbharatlive.com
4 राज्य | 3 भाषाएं | 32 संस्करण
मुंबई, रविवार
29.9.2024

सदैव अपने पाठकों के साथ
पत्र समूह संस्थापक : स्व. श्री रामगोपाल माहेश्वरी
# नवभारत
1934 से


सिनर क्वार्टर फाइनल में
अंदर के पृष्ठ पर

# 26 नवंबर के पहले नई सरकार

## चीफ EC ने की घोषणा, समय से पूरी होगी चुनाव प्रक्रिया


■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. महाराष्ट्र में जल्द ही विधानसभा के चुनाव हो सकते हैं. मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 26 नवंबर से पहले राज्य में चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग कृत संकल्प है. उन्होंने कहा कि चुनाव का समय, चरण और तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी. ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि 26 नवंबर से पहले राज्य में नई सरकार का गठन हो जाएगा. मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव आयोग महाराष्ट्र में 'हमारा महाराष्ट्र, हमारा वोट' इस घोष वाक्य के साथ राज्य में चुनाव कराने जा रहा है. पिछले 2 दिनों से राज्य के दौरे के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों सहित चुनाव से संबंधित विभिन्न जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य सभी हितधारकों से चर्चा कर चुनाव के संबंध में उनकी राय जानी. इसी के साथ उन्होंने यह भी संकेत दिए कि 26 नवंबर को मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल खत्म होने से पहले यानी चुनाव प्रक्रिया संपन्न करा ली जाएगी. अतः आगामी अक्टूबर माह के पहले पखवाड़े के अंत तक राज्य में चुनावी आचार संहिता लगाई जा सकती है.





**राज्य में कुल मतदाता 9.59 करोड़**
4.59 करोड़ पुरुष
4.64 करोड़ महिला
19.48 लाख वोटर करेंगे पहली बार मतदान

**विधानसभा चुनाव के लिए 1,00,186 मतदान केंद्र**
शहरी इलाकों में 52,585 केंद्र
ग्रामीण इलाकों में 57,601 केंद्र
प्रत्येक मतदान केंद्र पर औसतन 950 मतदाता



### लाइन में खड़े रहने का समाधान ढूंढ लेंगे



लोकसभा चुनाव के दौरान कुछ पार्टियों ने शिकायत की कि मुंबई समेत कई शहरों में मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर घंटों इंतजार करना पड़ा. इसके लिए भविष्य में उचित कदम उठाने चाहिए. इसी तरह कुछ दलों ने चुनाव अवधि के दौरान अधिकारियों के तटस्थ स्थानांतरण पर जोर दिया तो कुछ ने विशेष रूप से अनुरोध किया कि बुजुर्ग और विकलांग मतदाताओं को दूर के मतदान केंद्रों तक ले जाने में होने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए उचित उपाय किए जाएं. इसके अलावा मतदान केंद्र पर उसी बूथ के पोलिंग एजेंट नियुक्त किए जाने चाहिए. ऐसी मांगों व सुझावों पर सीईसी ने सभी बूथों पर कतार में मतदाताओं के लिए बेंच, पीने का पानी और भीड़भाड़ वाले इलाकों में स्थित बूथों के लिए वाहनों की पार्किंग जैसी सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया.

### 1 अपराधी को टिकट क्यों?



सीईसी ने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं अपराध मुक्त चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग ने कुछ कदम उठाए हैं. यह जानना मतदाताओं का अधिकार है कि क्या किसी उम्मीदवार की आपराधिक पृष्ठभूमि है; पार्टियों को भी बताना चाहिए.

### 2 रश्मि की शिकायत मिली



राजीव कुमार ने कहा कि जो अधिकारी 3 साल से ज्यादा समय से एक ही जगह पर हैं, खासकर जो अपने ही जिले में तैनात हैं, उनका तुरंत ट्रांसफर किया जाएगा. पुलिस महानिदेशक रश्मी शुक्ला के बारे में शिकायत मिली है.

### 3 ATM वैन पर रात में प्रतिबंध



चुनाव के दौरान धन के दुरुपयोग की आशंका रहती है. इसलिए शाम 6 बजे से सुबह 8 बजे तक एटीएम के लिए पैसे ले जाने वाले वाहनों पर पैसा नहीं ले जाया जा सकता है. इस दौरान एंबुलेंस, बैंक और क्रेडिट संस्थानों पर खास नजर रखी जाएगी.

### 4 कदाचार की शिकायत ऐप पर




चुनाव आयोग ने चुनाव के दौरान गड़बड़ी रोकने के लिए सुविधा पोर्टल नाम से एक ऐप बनाया है. इस ऐप पर मतदाता अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं. चुनाव अधिकारियों ने बताया कि उदाहरण के तौर पर अगर किसी जगह पर कोई घटना हो या देर तक मतदान चल रहा हो तो सिर्फ फोटो खींचकर इस ऐप पर अपलोड करने से 90 मिनट के अंदर चुनाव आयोग की टीम वहां पहुंच जाएगी.

# कठुआ व कुलगाम में मुठभेड़ 2 आतंकी ढेर, जवान शहीद



■ **श्रीनगर,** एजेंसियां. जम्मू-कश्मीर के कुलगाम तथा कठुआ में आतंकियों के साथ हुई अलग-अलग मुठभेड़ में जहां 2 आतंकी ढेर हो गए वहीं एक जवान शहीद हो गया. कठुआ जिले के एक सुदूर गांव में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ के दौरान जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक हेड कांस्टेबल शहीद हो गया और एक सहायक उपनिरीक्षक घायल हो गया.

### सेना के 3 जवान सहित कुलगाम के एएसपी घायल

- वहीं कुलगाम के आदिगाम देवसर इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया.
- इलाके में 2-3 आतंकियों के छिपे होने की आशंका थी. सेना के 3 जवान और कुलगाम के एएसपी घायल हुए हैं.
- चारों को इलाज के लिए श्रीनगर शिफ्ट किया गया है. मालूम हो कि राज्य में चुनाव के चलते आतंकी गतिविधियों पर विशेष निगरानी है.

# वित्त मंत्री निर्मला पर एक्सटार्शन की FIR

## चुनावी बांड मुद्दे पर बेंगलुरु कोर्ट ने दिया आदेश

■ **बेंगलुरु,** एजेंसियां. बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने अब बंद हो चुकी चुनावी बॉन्ड योजना के जरिए जबरन वसूली (एक्सटार्शन) के आरोपों को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है. जनाधिकार संघर्ष संगठन (जेएसपी) के आदर्श अय्यर की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत में निर्मला और अन्य पर चुनावी बॉन्ड की आड़ में जबरन वसूली का रैकेट चलाने का आरोप लगाया गया था. बेंगलुरू में दर्ज कराई गई शिकायत में न केवल निर्मला बल्कि बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, कर्नाटक बीजेपी के नेता नलिन कुमार कतील और बीवाई विजयेंद्र का भी नाम शामिल है. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कॉर्पोरेट संस्थाओं को हजारों करोड़ रुपए के चुनावी बॉन्ड खरीदने के लिए मजबूर किया गया. इसमें ईडी द्वारा दबाव की रणनीति के तहत छापेमारी किए जाने का हवाला दिया गया है. इन चुनावी बॉन्ड को कथित तौर पर राष्ट्रीय और राज्य दोनों स्तरों पर बीजेपी नेताओं द्वारा भुनाया गया. शिकायत में दावा किया गया है कि चुनावी बॉन्ड योजना के तहत राजनीतिक उद्देश्यों के लिए अवैध धन एकत्र करने में मदद की गई, जिसमें सीतारमण और बीजेपी के अन्य वरिष्ठ नेता भी शामिल थे.

बीजेपी ने आरोपों को नकारते हुए सीतारमण का बचाव किया है. पार्टी ने तर्क दिया है कि आरोप राजनीति से प्रेरित हैं और चुनावी बॉन्ड का मुद्दा नीतिगत मामला है, न कि आपराधिक. बीजेपी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर चल रहे मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी केस को लेकर भी हमला किया.



### सीतारमण और कुमारस्वामी से इस्तीफा क्यों नहीं मांगा जा रहा : सिद्धारमैया



मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण भूमि आवंटन मामले में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर के कारण दबाव में आए सिद्धारमैया ने सवाल उठाया कि भ्रष्टाचार की जांच का सामना कर रही निर्मला सीतारमण और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी जैसे वरिष्ठ नेताओं से इस्तीफा क्यों नहीं मांगा जा रहा है.

# अब अयोध्या के प्रसाद की जांच




### इलायची दाना लैब भेजा

■ **अयोध्या,** एजेंसियां. तिरुपति बालाजी के लड्डू प्रसादम में मिलावट की खबरों के बाद अब मंदिरों के प्रसाद पर लोग संदेह करने लगे हैं. इसी संदेह को दूर करने के लिए एक रामभक्त ने मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल आईजीआरएस पर अयोध्या राममंदिर में वितरित होने वाले प्रसाद की जांच का भी अनुरोध किया. इसे गंभीरता से लेते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने सैंपलिंग करके उसकी जांच प्रयोगशाला भेज दिया है. उल्लेखनीय है कि रामलला जब से टेंट से निकलकर नए अस्थायी स्ट्रक्चर में आए हैं तब से इलायची दाना का प्रसाद वितरित किया जाने लगा. प्रति दिन औसतन 80 हजार इलायची दाने के पैकेट प्रसाद के रूप में वितरित किए जाते हैं. सहायक खाद्य आयुक्त मानिक चंद सिंह ने बताया कि शिकायत के बाद हैदरगंज में जिस स्थान पर इलायची दाने का प्रसाद बनता है, वहां से सैंपलिंग करके जांच के लिए झांसी राजकीय प्रयोगशाला भेजा गया है.

### रामलला का भोग उनकी ही रसोई में होता है निर्मित

राममंदिर में रामलला की स्पेशल रसोई है, जिसमें उनके रसोइये पूरी सनातन परंपरा के मानक के अनुसार उनका भोग प्रसाद अलग-अलग समय के अनुसार बनाते हैं. सामान्य रूप से रामलला को रसोई में बनी पूड़ी, सब्जी और खीर का भोग लगाया जाता है.

# 4 दिव्यांग बेटियों सहित पिता ने किया सुसाइड



■ **दिल्ली,** एजेंसियां. दिल्ली में एक ही परिवार के 5 लोगों ने सुसाइड कर लिया. मरने वालों में पिता और 4 बेटियां हैं. सभी की लाश सड़ चुकी थी. कमरे से बदबू आ रही थी. पुलिस ने बताया कि पड़ोसियों से सूचना मिली थी. उन्होंने मौके पर पहुंचकर फ्लैट का दरवाजा तोड़ा और शवों को बाहर निकाला. सभी ने जहर खाकर जान दी है. मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन माना जा रहा है कि बेटियों के दिव्यांग होने के कारण परिवार ने खुद को खत्म कर लिया.

### गरीबी से परेशान था कारपेंटर

मृतकों की पहचान हीरालाल और उनकी 4 बेटियां नीतू, निशि, नीरू और निधि के तौर पर हुई. परिवार बिहार के छपरा के मशरख का रहने वाला है. चारों लड़कियां दिव्यांग थीं और चलने-फिरने में असमर्थ थीं. पत्नी की कैंसर से पहले ही मौत हो चुकी थी. पुलिस अधिकारी ने बताया कि हीरालाल परिवार के साथ रंगपुरी गांव में किराए के मकान में रहते थे. हीरालाल वसंत कुंज स्थित एक अस्पताल में कारपेंटर के तौर पर काम करते थे.

# छपरा एक्सप्रेस भी पलटाने का षड़यंत्र

## ट्रैक पर रखा पत्थर



■ **बलिया,** एजेंसियां. देश में ट्रेन हादसों का सिलसिला लगातार जारी है. शनिवार को बलिया-छपरा रेलखंड के मांझी रेल पुल के पास रेलवे ट्रैक पर पत्थर रख बदमाशों ने लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस को डीरेल करने की कोशिश की. चालक की सूझबूझ से बड़ी घटना होने से बच गई. मामले की खबर लगते ही रेलवे महकमे में खलबली मच गई. पटरी पर कितना बड़ा पत्थर रखा गया था, इसकी पूरी जानकारी नहीं है. जिस जगह पर पत्थर देखा गया, उसके आगे घाघरा नदी बहती है. नदी में कटान रोकने के लिए जो बोल्डर रखे जाते हैं, वही, बोल्डर पटरी पर किसी ने रख दिया था. छपरा-लखनऊ एक्सप्रेस हादसे का शिकार होने से बच गई. ट्रेन अपने नियत समय से सुरेमनपुर से छपरा के लिए लिए निकली थी, चालक को मांझी पुल के पहले सुबह 10.20 बजे बकुल्हा-मांझी के मध्य किमी 18-10 पर ट्रैक पर बड़ा पत्थर रखा हुआ दिखाई दिया.

मांझी स्टेशन पहुंकर स्टेशन मास्टर रंजन कुमार को मेमो उपलब्ध कराया गया जिनके माध्यम से घटना की सूचना कंट्रोल को दी गई. वाराणसी व जिला पुलिस की स्पेशल टीम ट्रैक पर पत्थर रखने वालों की तलाश में जुटी है. मामले की जांच की जा रही है. परिचालन में कोई समस्या नहीं है.

## QUICK NEWS

### राहुल 5 अक्टूबर को कोल्हापुर में



**कोल्हापुर** कांग्रेस के नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 5 अक्टूबर को कोल्हापुर आ रहे हैं. वह कोल्हापुर में आयोजित संविधान सम्मेलन के मौके पर आ रहे हैं. इस बैठक में पूरे महाराष्ट्र से एक हजार लोगों को आमंत्रित किया गया है. संविधान सम्मेलन 5 अक्टूबर को कोल्हापुर में आयोजित किया गया है. इसके लिए जगह तय करने का काम चल रहा है. दिल्ली की एक टीम ने अब तक सुझाए गए महासैनिक दरबार, दरिया प्रसाद हॉल और होटल सयाजी के पीछे का लॉन इन तीन स्थानों का निरीक्षण किया है. इसके अलावा दो और जगहें सुझाई गई है. इसी तरह मंडप लगाकर इस बैठक को आयोजित करने पर भी चर्चा चल रही है.

## छग पीडीएस घोटाले में ईडी ने लगाए गंभीर आरोप

# AG व जज ने मिलकर दी आरोपियों को बेल

■ **दिल्ली,** एजेंसियां. छत्तीसगढ़ के नागरिक आपूर्ति निगम घोटाला यानी एनएएन या पीडीएस घोटाले को लेकर ईडी और राज्य सरकार ने गंभीर आरोप लगाए हैं. ईडी के मुताबिक आरोपी दो पूर्व नौकरशाहों ने अग्रिम जमानत के लिए राज्य के तत्कालीन एडवोकेट जनरल के साथ मिलकर हाई कोर्ट के जज को प्रभावित करने की कोशिश की. उन्हें अग्रिम जमानत मिल भी गई. हलफनामों में सुप्रीम कोर्ट में वॉट्सऐप चैट समेत तमाम सबूत सीलबंद लिफाफे में जमा किए गए हैं. एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि ऐसे दीमकों को न्यायिक व्यवस्था को कमजोर नहीं करने देना चाहिए. शीर्ष अदालत ने भी कहा है कि आरोप गंभीर है और वो इस मामले में सबूतों को देखेंगे. वह प्रवर्तन निदेशालय और छत्तीसगढ़ सरकार के उन गंभीर आरोपों की जांच करेगा कि नागरिक आपूर्ति निगम घोटाले के आरोपी पूर्व नौकरशाह अनिल के. तुतेजा और आलोक शुक्ला ने अग्रिम जमानत पाने के लिए हाईकोर्ट के एक जज को प्रभावित किया था.

### यह है ईडी का दावा

ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में दावा किया है कि छत्तीसगढ़ नान घोटाले के आरोपी 2 वरिष्ठ नौकरशाहों अनिल कुमार तुतेजा और आलोक शुक्ला लगातार हाई कोर्ट के एक जज के संपर्क में थे. इसमें तत्कालीन एडवोकेट जनरल सतीश चंद्र वर्मा बीच की कड़ी बने थे. जज ने अक्टूबर 2019 को दोनों आरोपियों तुतेजा और शुक्ला को जमानत दे दी. ईडी ने यह भी दावा किया है कि वॉट्सऐप चैट से खुलासा हुआ है कि जज की बेटी और दामाद के बायोडाटा तुतेजा को भेजे गए थे ताकि उस पर 'फेवरेबल ऐक्शन' हो सके. इस पूरे घटनाक्रम के केंद्र में हाई कोर्ट के जो जज हैं, फिलहाल वह पटना हाई कोर्ट में हैं. करोड़ों का ये घोटाला 2015 में सामने आया था. तब आरोप लगे थे कि पीडीएस के तहत घटिया चावलों को बांटा गया और इसके लिए रिश्वत दी गई थी.



**दहशत** हिज्बुल्लाह चीफ की हत्या के बाद डरे ईरान के मुखिया

# अयातुल्ला खामेनेई 'छिपाए' गए



■ **तेहरान,** एजेंसियां. इजराइल के हमले में हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह के मारे जाने के बाद ईरान में दहशत फैल गई है. ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई सुरक्षित स्थान पर चले गए हैं. बताया जा रहा है कि खामेनेई देश के अंदर ही हैं, मगर वह जिस जगह पर ले जाए गएं हैं, वहां सुरक्षा एकदम कड़ी कर दी गई है. ईरान लेबनान के हिजबुल्लाह और अन्य क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ लगातार संपर्क में था. इस दौरान इसे लेकर प्लानिंग चल रही थी कि इजराइल के खिलाफ अगला एक्शन क्या होगा. इससे पहले, खामेनेई ने अपने घर पर देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई थी.

### नसरल्ला मारा गया, कई कमांडर भी ढेर



इजराइली सेना ने शनिवार को दावा किया कि उसने बेरूत में किए गए एक हमले में हिजबुल्ला के नेता हसन नसरल्ला को मार गिराया. जब हिजबुल्ला का नेतृत्व बेरूत के दक्षिण में दहियेह स्थित अपने मुख्यालय में बैठक कर रहा था तभी एक सटीक हवाई हमला किया गया. इजराइली सेना ने कहा कि हिजबुल्ला के दक्षिणी मोर्चे के कमांडर अली कार्की और उसके अन्य कमांडर भी हमले में मारे गए हैं. सेना ने बताया था कि उसने नसरल्ला को निशाना बनाकर बेरूत स्थित हिजबुल्ला के केंद्रीय मुख्यालय पर हमला कियौ.

- हमले में 6 की मौत, 91 घायल
- 2,11,000 लोग विस्थापित
- 85,000 लोग आश्रय स्थलों में रह रहे.

### नसरल्लाह की बेटी भी ढेर



हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर नसरल्लाह की बेटी के मारे जाने की रिपोर्ट सामने आई हैं. इसमें दावा किया गया कि बेरुत में शुक्रवार को हुए इजराइली हमले में हसन नसरल्लाह की बेटी जैनब नसरल्लाह भी मारी गई है. हालांकि हिजबुल्लाह या लेबनानी अधिकारियों की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है. जैनब हिजबुल्लाह और अपने परिवार के बलिदानों का खुलकर समर्थन करती थी. जब 1997 में जैनब का भाई हादी इजराइली सेना द्वारा मारा गया था तो उसने इजराइल की आलोचना की थी. अगर जैनब के मारे जाने की बात सही निकलती है तो यह हिजबुल्लाह के लिए एक बड़ा झटका होगा.इतना ही नहीं, कहा यह भी जा रहा है कि इजराइल के साथ चल रही लड़ाई पर भी इसका असर पड़ सकता है.

## जादुई एहसास...



क्या ये ''जादुई एहसास'' को महसूस करना इतना आसान है? कई घर तो ऐसे होते है के घरवालों को किसी भी बात का एहसास छूता तक नही है।

ऐसे ही एक घर में मै वास्तू व्हिजिट के लिये गयी थी, साथ मे मेरे असिस्टंट भी थे। घर बहोत पुराना था, बडा भी था।

घर मे दो बहने और एक भाई रहता था और इनकी एक बहन जो मॅरीड थी उसने ही हमे वास्तू व्हिजिट के लिये बुलाया था। घर मे सबसे बडी बहन जिसकी उम्र ५२ साल थी जिसकी शादी नही हुई थी। उसके बाद भाई जो ४८ साल का था, पढा-लिखा था लेकीन कोई काम नही करता था, उसकी भी शादी नही हुई थी। उसके बाद ये बहन जिसने हमे बुलाया था और इसके बाद और भी एक छोटी बहन थी।

घर मे प्रवेश करते ही महसूस किया था के घर बडा है लेकीन बहोत ही गंदा, कई सालों से इन्होने घर को कोई कलरिंग नही किया था। बहोत पुरानी चीजों से घर भरा हुआ था। उसमे पुराने स्टाईल के टेबल, कुर्सियाँ, झूला, बडी-बडी अलमारी, सब फर्निचर काला, गंदा, टुटा-फुटा, धूल से भरा हुआ था।

वास्तुशास्त्र के हिसाब से देखते है तो घर का main entrance उत्तर दिशा मे याने अच्छी दिशा मे था। उत्तर और ईशान्य दिशा मे लिव्हींग हॉल था।

वायव्य दिशा मे भाई की बेडरूम थी। पुराने स्टाईल का बहोत बडा बेड था उसपर वह भाई बैठा था। इतना दुर्बल, बहोत ही गंदे-पुराने कपडे, कंधे तक बढाए हुए बाल, आँखे अंदर धँसी हुई थी। बेड पर बैठा था और अपने से ही कुछ बाते कर रहा था।

नैऋत्य दिशा मे बहोत बडा किचन, इतना सामान और इतनी गंदगी के बाहर का कोई व्यक्ति वह देखकर उनके घर मे पानी भी ना पिये। उसी किचन मे सबसे बडी बहन किचन मे काम कर रही थी। उसका चेहरा इतना निर्विकार था उसने हमारी तरफ देखा भी नही, अपने काम मे मश्गुल थी।

पूर्व दिशा मे बडी बहन की बेडरूम थी। उसके बाद हम तीनों याने मै, मैरा असिस्टंट और जो मॅरीड बहन मंदीर मे आये। मंदिर देखने के बाद तो हम चकित हो गये, इतना बडा मंदीर दुनिया के सारे भगवान की मूर्तियाँ, फोटो, साथ मे मृत व्यक्तियों की सारी फोटो रखी थी। कई महिनों से शायद इन्होने पूजा भी नही की थी। इतनी गंदगी मंदीर मे। सढे हुए पुराने फुलों का ढेर भी वही पडा हुआ था और ये मंदीर बराबर घर के सेंटर याने ब्रम्हतत्व मे आ रहा था।

दक्षिण दिशा मे एक और रूम दिखाई दे रही थी। वहाँ पर सामानों का ढेर लगा था। पुरे घर मे घुमते-घुमते हमने देखा कि अग्नेय दिशा मे एक और रूम दिखाई दे रही थी जिसका दरवाजा बाहर से बंद था। हमने पुछा कि ''यहा पर क्या है?'' वैसे ही इस बहन ने बताया ''वहाँपर मेरी छोटी बहन रहती है।'' मैने कहा ''दरवाजा खोलो, हम भी देखना चाहते है''। तब उसने कहा के ''हम उस रूम मे नही जा सकते, वहा जाना बहोत डेंजर साबित हो सकता है, इसलिए हम उसे बाहर से बंद ही रखते है।''

मैने कहा ''कुछ भी हो हमे वहा जाना जरूरी है, उसके बिना हमारा काम पुरा नही हो सकता''। उसने बडी बहन को बुलाया और जो दरवाजे की कडी बाहर से बंद थी उसे खोलने के लिये कहा और कहाँ ''मॅडम सिर्फ बाहर से ही झाँकना, अंदर मत जाना, संम्भल के जाना मॅम।'' मेरा असिस्टंट और ये बहन दोनो तो थोडे दूर ही हो गये।

जैसे ही बडी बहन ने दरवाजा खोला। दरवाजे का एक तो आवाज आया कर्र-कर्र। बहन ने दरवाजा खोला और वह वहाँ से निकल गयी।

मैने भगवान का नाम लेके अंदर कदम रखा। एक तो रूम मे पुरा अंधेरा था, वहाँ से इतनी दुर्गंध आ रही थी के रूकना मुश्किल था। लाईट भी नही लगाई थी। खिडकी भी बंद थी। टुटा-फुटा कबाड रखा था। फिर मेरी नजर गई उसपर, रोंगटे खडे हो गये।

एक लेडी जो मुझे घुर रही थी। कई सालों के फटे - पुराने कपडे मे, कई सालों से नहायी नही थी, पुरी गंदगी से भरी हुई, खुले गंदे बाल। जैसे उसने मुझे देखा हूँ-हूँ कर रही थी। बहोत ही क्रोध भरी निगाहों से मुझे देख रही थी। शायद उसका खाना-पिना, शौच करना उसी रूम मे होता था। इतनी दुर्गंध कि मै झटके से उस रूम से बाहर आ गयी। मुझे उल्टी जैसा हो रहा था।

मै सिधा घर से बाहर आयी, बाद मे हम लिव्हींग हॉल मे आकर बैठ गये। फिर ये मॅरीड बहन ने मुझे इनके घर की History बताना शुरू की। इनका यह घर ६0 साल पुराना था। इनके पापा सट्टेबाजार मे पैसे लगाते थे, उससे इनको काफी पैसा मिलता था। उन्होने कई सारी प्रॉपर्टी लेकर रखी थी उसके किराए पर ही इनके घर का खर्चा चलता था। लेकीन २२ साल पहले पापा का मर्डर हुआ था।

उसके बाद इनके घर का वातावरण पुरा चेन्ज हो गया। बडे बहन की शादी नही हुई। भाई ने भी अपना ग्रॅज्यूएशन पुरा किया लेकीन कही पर भी नौकरी नही लगी थी। एक बात अच्छी हुई थी के ये तिसरे नंबर की लडकी ने अपनी लव्ह मॅरेज करके अलग हो गयी थी।

घर मे सभी लोग अलग ही बरताव करने लगे थे। जब पापा की डेथ हुई तब छोटी बहन १८ साल की थी। उसके उपर इतना असर हुआ था कि वो अचानक व्हॉयोलंट बन जाती थी। तब उसे काबू करना बहोत ही मुश्किल हो जाता था।

ऐसे ही मे माँ के साथ हाथा-पायी हो गयी, माँ के सर पर इतनी बडी चोज आयी के एक साल बाद माँ की भी मौत हो गयी। तीनों बहन-भाई सिर्फ झगडते थे। एक दुसरे से मारामारी करते थे।

अभी छह साल से दोनों भाई और बहन ने छोटी बहन को उसके कमरे मे बंद कर दिया था। बडी बहन दोनों टाईम खाना देने के लिये रूम मे जाती थी बस।

अभी दो सालों से ऐसा हुआ था के छोटी बहन कमरे के बाहर नही आयी थी। अंदर ही रहती थी। जब उसे खाना देते थे तब वह पूरी थाली जमीन पर पटकती थी और जमीन पर से ही खाना खाती थी। सभी उससे इतना डरते थे की कोई भी रूम मे नही जाता था। बडी बहन रूम का दरवाजा खोल के थाली अंदर ढकेल देती थी और फिर वह जमीन से ही खाना खाती थी।

सब सुनकर सभी बातें इतनी भयानक और डरावनी लगी और यह बहन चाहती थी के मै इनको सभी बातों से छुटकारा दिला दूँ। मै तो मन ही मन मे भगवान को पूँछ रही थी के मै क्या करू? अब तुम ही रास्ता निकालने दो भगवान!

क्रमश.....

- Vastu World Manjushree, 8000411158

■ ■ ■

लेख "Vastu World Manjushree" YouTube चैनल पर उपलब्ध!

नवभारत कनेक्ट

2 अक्टूबर | गांधी जयंती पर विशेष

# आज की पीढ़ी के लिए अधिक प्रासंगिक हैं गांधीजी




भारत आज दुनिया के नक्शे में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक ताकत है, लेकिन यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि आज भी भारत को दुनिया में इन सब हैसियतों से ज्यादा गांधीजी के देश के रूप में जाना जाता है. यही नहीं भले हम हिंदुस्तानी राजनीति में या रोजमर्रा के जीवन में गांधीजी के आदर्शों पर न चलकर, सिर्फ उनका ढिंढोरा पीटते हैं, पर यह सच्चाई है कि आज दुनिया में अगर 20वीं सदी की किसी शख्सियत को सर्वाधिक सम्मान दिया जाता है, तो वह महात्मा गांधी हैं. यह अकारण नहीं है कि 1982 में रिचर्ड एटनबरो की फिल्म 'गांधी' के प्रदर्शित होने के बाद पश्चिमी देशों में, विशेषकर लंदन में युवाओं के बीच खादी का जबर्दस्त चलन बढ़ गया था. दुनिया के 150 से भी ज्यादा देशों में अगर किसी एक राजनेता की मूर्तियां पाई जाती हैं, तो वह अकेले गांधी हैं. प्रकाशित जीवनियों के मामले में भी गांधी और कार्ल मार्क्स दुनिया की दो ऐसी शख्सियतें हैं, जिनकी सबसे ज्यादा जीवनियां प्रकाशित हुई हैं. इस सदी के बाद 20वीं सदी की कुछ गिनी चुनी शख्सियतें ही याद रखी जाएंगी और जो याद रखी जाएंगी, उनमें गांधी सबसे प्रमुख होंगे.

**यह सारे तथ्य बताते हैं कि गांधी न सिर्फ हमारी आजादी की लड़ाई के सबसे प्रासंगिक राजनेता व स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि आज भी भारत के सबसे बड़े संरक्षक पितृपुरुष हैं. आमतौर पर माना जाता है कि तमाम बड़े राजनेता दो पीढ़ी के बाद अप्रासंगिक हो जाते हैं. लेकिन, गांधीजी अपनी मौत के बाद गुजरी पांच पीढ़ियों के बावजूद आज भी देश की सबसे प्रासंगिक शख्सियत हैं. इसलिए सवाल है कि 20वीं सदी के सबसे महान भारतीय से 21वीं सदी की महत्वाकांक्षी पीढ़ी क्या सीख सकती है? दुनिया के नक्शे में 21वीं सदी के सबसे प्रॉमिसिंग देश भारत की युवा पीढ़ी गांधीजी से कम से कम सात बातें ऐसी सीख सकती है, जो उसके समूचे व्यक्तित्व को बदल देगी. याद रखने की बात है कि गांधीजी से सीखना सबसे सरल है.**

## सच्चाई और ईमानदारी

सबसे पहली बात तो यही है कि जीवन में सच्चे और ईमानदार रहें. लेकिन सच्चाई यह भी है कि इस साधारण सी बात को सीखने में पसीने छूट जाते हैं. क्योंकि ईमानदारी से जीवन जीना आसान तो है, लेकिन इसको अपनी आदत बना लेना बहुत मुश्किल है. क्योंकि जब हम ईमानदार और सच्चे बनते हैं, तो दुनिया के ज्यादातर लोग या तो हमारे विरोध में होते हैं या हमारे लिए बाधाएं खड़ी कर रहे होते हैं.

## अहिंसा

गांधीजी अहिंसा की सिर्फ बात ही नहीं कहते थे, बल्कि अपने व्यवहारिक जीवन के जरिये अहिंसा के सिद्धांत को जीते थे. इसलिए अगर गांधीजी के प्रति आज का युवा वाकई श्रद्धा व्यक्त करना चाहता है तो उसे अहिंसक बनना ही चाहिए. अहिंसा का मतलब सिर्फ जीवों की हत्या न करना ही नहीं है, बल्कि अहिंसा का एक अर्थ हर मामूली से मामूली व्यक्ति और उसके अस्तित्व को स्वीकार करना भी है. जब हम दूसरे के अस्तित्व को स्वीकारते हैं, तो हम अहिंसक हो जाते हैं.



## क्षमाशील व दृढ़ता

क्षमाशील बनना और दृढ़ रहना ये भी दो ऐसे विचार हैं, जो हर युवा को गांधीजी से सीखने चाहिए. गांधीजी मानते थे कि अगर हम किसी को दिल से क्षमा कर देते हैं तो बड़ा से बड़ा जख्म भी भर जाता है और अगर हम किसी को क्षमा नहीं करते तो संतोष पाने का कोई जरिया नहीं है. जब हम दूसरों को क्षमा करते हैं तो अपने अंदर के क्रोध और घृणा जैसे दुर्गुण से भी मुक्ति पा लेते हैं. इसी क्रम में अपने सिद्धांत पर दृढ़ रहना या सच के साथ दृढ़ता से खड़े रहना भी किसी इंसान का सबसे मजबूत चरित्र होता है. एक बार किसी इंसान में यह चारित्रिक दृढ़ता आ जाए तो फिर उसे दुनिया की कोई ताकत न तो हरा सकती है, न डरा सकती है.

## सरल और दयालु

सरल और दयालु होने के साथ व्यवहार में विनम्र होना ये तीन भी ऐसे महान गुण हैं, जो आज की युवा पीढ़ी को गांधीजी से सीखना चाहिए, क्योंकि ये गुण किसी भी व्यक्ति को सामान्य इंसान से महापुरुष बना देते हैं. दरअसल सरल होना कम जानकार होना या बेवकूफ होना नहीं है. सरल होने का मतलब इतना सहज होना है कि कोई भी बिना पूर्वाग्रह के आपके साथ सहजता से मुखातिब हो सके. दयालु होना कमजोर होना नहीं है. न भावनात्मक रूप से और न ही सैद्धांतिक रूप से भी, बल्कि दयालु होने का मतलब है दूसरों की परवाह करना, दूसरों का सम्मान करना. आज की युवा पीढ़ी गांधीजी से दयालु होने का गुण भी सीख सकती है, क्योंकि वह सबके प्रति दयालु रहते थे.

## विनम्रता

जिस एक और गुण को आज की पीढ़ी को हर हाल में गांधीजी से सीखना चाहिए, वह विनम्रता है. गांधीजी बेहद दृढ़ और अपनी बातों पर हमेशा अडिग रहने वाले राजनेता थे कि उनके जमाने के सभी ब्रिटिश वायसराय इस बात को भली भांति जानते थे कि अगर गांधीजी को कोई बात पसंद नहीं होगी तो वह किसी भी रूप में उसे नहीं स्वीकारेंगे. लेकिन वह न स्वीकारने के क्रम में कभी आक्रामक नहीं होते थे. विनम्रता किसी इंसान को ही नहीं, बल्कि किसी व्यवस्था को भी बदलने के लिए मजबूर कर देती है, जैसे गांधीजी ने विनम्र रहकर अंग्रेजों को हार मानने के लिए मजबूर किया.

> गांधीजी के प्रति सम्मान व श्रद्धा दिखाने के लिए चीख-चीखकर दावे करने की कोई जरूरत नहीं है, बल्कि गांधीजी के ये सात विचार आत्मसात करने चाहिए. इन्हें अपने जीवन में उतारना चाहिए.

✦ लोकमित्र गौतम

---

29 सितंबर | विश्व हृदय दिवस

# दुनिया की सबसे जानलेवा बीमारी है हृदय रोग

**दुनिया में हर साल 2 करोड़ 5 लाख से ज्यादा लोगों की मौत विभिन्न किस्म के हृदय रोगों के कारण होती है. बावजूद इसके दुनिया के ज्यादातर देश हृदय रोग को इतना भयावह नहीं समझते कि उनके लिए इस बीमारी से निपटने की कोई विशेष योजना हो या दूसरी बीमारियों के मुकाबले इससे निपटने में वे किसी किस्म की प्राथमिकता बरतते हों. इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि लोग आज भी विभिन्न तरह के हृदय रोगों को लेकर कितने लापरवाह हैं.**

### ABCD यानी 'एनी बॉडी कैन डाई'

विश्व हृदय दिवस का मकसद न सिर्फ लोगों को इस बीमारी की भयावहता से अवगत कराना है, बल्कि विश्व स्तर पर हर साल हृदय रोग संबंधी किसी एक समस्या को लेकर अभियान चलाना भी है, जिससे इस रोग में कमी आए. साल 2024 के विश्व हृदय दिवस की थीम- एबीसीडी है यानी 'एनी बॉडी कैन डाई' कहने का मतलब इससे किसी भी इंसान की मौत हो सकती है. इसलिए इसे हल्के में न लें. वास्तव में यह थीम लोगों को हृदय रोग की गंभीरता को समझाने के लिए तय की गई है.

## कई रोगों का समूह है यह

दरअसल हृदय रोग कोई एक अकेला रोग नहीं है. यह कई तरह के रोगों का एक समूह है. जैसे- कोरोनरी या धमनी संबंधी रोग, इसमें वसायुक्त पदार्थ धमनियों में जमा हो जाता है, जिससे वे संकरी हो जाती हैं या अंततः बंद हो जाती हैं. जिस कारण दिल का दौरा पड़ता है या फिर कई दूसरे तरह के स्ट्रोक हो सकते हैं. इसमें आमतौर पर मौत का खतरा रहता है.

## माइट्रल वाल्व प्रोलैप्स

दूसरा आम हृदय रोग है माइट्रल वाल्व प्रोलेप्स. वास्तव में हृदय के चार वाल्वों में से यह एक है. यह एक छोटा सा फ्लैप है, जो वास्तव में रक्त को गलत दिशा में बहने से रोकता है. अगर माइट्रल वाल्व में किसी तरह की समस्या हो जाए तो शरीर में रक्त प्रवाह बाधित होता है. माइट्रल वाल्व में होने वाली प्रमुख समस्याओं में एक यह है कि यह बहुत ज्यादा लचीला हो जाता है, जिससे ब्लड पंप नहीं होता. दूसरी किस्म की समस्या को माइट्रल रेगुर्गिटेशन कहते हैं. इस समस्या में वाल्व लीक हो जाता है और खून इधर-उधर बहने लगता है. तीसरी समस्या होती है माइट्रल स्टेनोसिस, इसके चलते वाल्व उतना नहीं खुलता, जितना कि उसे खुलना चाहिए. इस तरह अगर माइट्रल वाल्व संबंधी हृदय रोग हो जाता है, तो चलने के समय रह-रहकर चक्कर आते हैं. सांस फूलती है, थकान महसूस होती है. हृदय की धड़कन अनियमित हो जाती है. यह समस्या आमतौर पर नियमित धूम्रपान, ज्यादा से ज्यादा कैफीन का सेवन और शराब की लत के कारण होती है. माइट्रल वाल्व प्रौलैप्स की समस्या तब होती है, जब किसी के हृदय को सामान्य से कई गुना ज्यादा काम करना पड़ता है. इससे बचने के लिए जरूरी है कि लगातार शरीर की जांच कराते रहें.

## रुमेटिक हृदय रोग

हृदय से संबंधित एक अन्य प्रमुख बीमारी है- रुमेटिक हृदय रोग. यह तब होता है जब हमारी हृदय रोग संबंधी बीमारी डायग्नोज नहीं हो पाती. यह दरअसल स्ट्रेप थ्रोट या स्ट्रेप्टोकोकस बैक्टीरिया से होने वाला एक संक्रमण है. इसके चलते गले में भयानक दर्द होता है, सूजन हो जाती है, लगातार बुखार आता है, सिरदर्द बना रहता है, उल्टी, मतली आती है और शरीर में बेहद कमजोरी महसूस होती है. स्ट्रेप थ्रोट के लिए आमतौर पर हैवी डोज एंटीबायोटिक दवाओं की दी जाती है, जिसके अलग से कई साइड इफेक्ट होते हैं. हृदय रोग का कोई एक निश्चित कारण नहीं है, इसके कई कारण हो सकते हैं- हमारी अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और आहार, उच्च



कोलेस्ट्रॉल, वायु प्रदूषण, लगातार शारीरिक निष्क्रियता, मधुमेह, तनाव, मोटापा, तंबाकू का निरंतर सेवन और पारिवारिक पृष्ठभूमि. जिन लोगों के मां-बाप को हृदय रोग संबंधी बीमारी होती है, आमतौर पर उनके बच्चों को भी हृदय रोग की आशंका रहती है.

## इसके लक्षणों को पहचानें

*हृदय रोग के प्रमुख लक्षणों में से हैं- रह रहकर मतली आना, उल्टी आना, चक्कर आना, सांस लेने में कठिनाई होना, सीने में दर्द, दबाव और भारीपन का एहसास, दिल की तेज धड़कन, लगातार थकान महसूस होना, जरूरत से ज्यादा पसीना आना, गर्दन में दर्द रहना, सीने में अकसर जलन महसूस होना या अपच रहना, पैरों, टखनों में सूजन का होना, घरघराहट के साथ खांसी आना, व्यायाम करने में बहुत ज्यादा परेशानी महसूस होना, नींद न आना, सोने में कठिनाई महसूस करना, अकसर बेहोश हो जाना. ये सब हृदय रोग के लक्षण हैं. लोगों को हृदय संबंधी बीमारी से जागरूक बनाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है.*

## सावधानी ही बचा सकती है

जहां तक भारत का सवाल है तो अपने देश में हृदय रोगों के कारण 22 लाख 60 हजार लोगों की औसतन मौत 1990 में हो रही थी, जो साल 2020 में बढ़कर 47 लाख 70 हजार प्रतिवर्ष हो गई थी. इससे हम इस बात को अच्छी तरह से समझ सकते हैं कि अपने यहां हृदय रोग संबंधी बीमारियां कितनी तेजी से बढ़ रही हैं. एक तरह से पूरी दुनिया में हृदय रोगों से जितनी मौतें होती हैं, उनमें करीब 22 फीसदी मौतें अकेले हिंदुस्तान में होती हैं. दुनिया के साथ-साथ भारत में भी हृदय रोग सबसे ज्यादा जानलेवा है. हमारे यहां भी हृदय रोगों से जुड़ी मौतों में 85 फीसदी से ज्यादा मौतें कोरोनरी हृदय रोग के कारण होती हैं. दूसरा सबसे बड़ा कारण सेरेब्रोवास्कुलर बीमारी है. पूरी दुनिया में हृदय रोग से सबसे ज्यादा मौतें निम्न और मध्यम आय वाले देशों में होती हैं. हृदय रोग संबंधी बीमारियों से बचने का सबसे असरकारी तरीका यह है कि धूम्रपान से पूरी तरह से दूर रहें, न सिर्फ धूम्रपान से बचें, बल्कि ऐसे लोगों के साथ भी न रहें जो अकसर धूम्रपान करते हों. नियमित रूप से स्वस्थ आहार खाएं. हर दिन नियमित रूप से व्यायाम करें. अपने वजन को काबू में रखें. हर दिन कुछ न कुछ शारीरिक गतिविधि करें. हर दिन कम से कम दो से चार किलोमीटर पैदल चलें. शुगर से बचें और अगर हो गई हो तो इसे नियंत्रण में रखने की कोशिश करें. तंबाकू का सेवन और शराब का ज्यादा सेवन भी हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाता है. सोडियम, चीनी और वसा से भरपूर आहार भी हृदय संबंधी बीमारी का कारण बनता है.

✦ संध्या सिंह

---

# भारतीय शतरंज के ये गोल्डन बॉयज एंड गर्ल्स...!!

*बुडापेस्ट, हंगरी में खेले गये चेस ओलंपियाड में भारत ने अभूतपूर्व डबल टीम गोल्ड मेडल जीता है. यह पहला अवसर है जब भारत ने चेस ओलंपियाड के दोनों पुरुष व महिला वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किए हैं. इससे पहले चेस ओलंपियाड में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2022 में मामल्लपुरम, तमिलनाडु में रहा था, जब उसने दो टीम कांस्य पदक जीते थे. भारत की पुरुष टीम ने 2014 में भी कांस्य पदक जीता था. हालांकि चेस ओलम्पियाड टीम मुकाबलों पर आधारित होता है कि एक टीम को चार बोर्ड पर अपने खिलाड़ी उतारने पड़ते हैं और उनके संयुक्त प्रदर्शन से टीम को रैंकिंग व पदक मिलते हैं. लेकिन, गेम में भी किसी खिलाड़ी का प्रदर्शन अन्यों से बेहतर होता है, इसलिए उसे अलग से पुरस्कृत किया जाता है. चेस ओलंपियाड में भारत ने दो टीम गोल्ड मेडल के अतिरिक्त चार बोर्ड गोल्ड मेडल भी जीते, जो कि डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, दिव्या देशमुख व वंतिका अग्रवाल को मिले. इसलिए इस चेस ओलंपियाड में यही चारों भारतीय शतरंज के गोल्डन बॉयज एंड गर्ल्स रहे. इन चारों को यह सम्मान तो मिलना ही था क्योंकि व्यक्तिगत तौर पर इनका ही प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा, जो कि प्रतियोगिता के डाटा से भी स्पष्ट है. अर्जुन एरिगैसी ने 11 चक्रों में 10 पॉइंट्स अर्जित किए (9 जीत व 2 ड्रा), डी गुकेश ने 10 चक्रों में 9 पॉइंट्स अर्जित किए (8 जीत व 2 ड्रा), दिव्या देशमुख ने 11 चक्रों में 9.5 पॉइंट्स अर्जित किये (8 जीत व 3 ड्रा) और वंतिका अग्रवाल ने 9 चक्रों में 7.5 पॉइंट्स अर्जित किये (6 जीत व 3 ड्रा). हालांकि, जिसके सिर सेहरा बंधता है वह ही विजेता होता है, लेकिन जीत के मक़ाम तक पहुंचाने में बहुत लोगों का हाथ होता है, जिसे अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है या उसे कोई खास महत्व नहीं दिया जाता. मसलन, यह बात किसी से छुपी हुई नहीं है कि गुकेश की मां पदमा उनकी मुख्य मेंटर व उनके सपोर्ट स्टाफ की 'अनधिकृत' सदस्य हैं.*



◗ हर मैच से पहले गुकेश अपनी माइक्रोबायोलॉजिस्ट मां पदमा से अवश्य संपर्क करते हैं, भले ही दोनों दुनिया के अलग अलग कोनों में हों और समय का घंटों के हिसाब से अंतर हो. गुकेश को रोज़ ही अपनी मां के टिप्स चाहिए होते हैं. इस 'रूटीन' का पालन बुडापेस्ट चेस ओलंपियाड में भी किया गया, जहां भारत की पहली गोल्ड मेडल जीत में गुकेश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. पदमा के ज्ञान का 18-वर्षीय गुकेश पर इतना अधिक प्रभाव पड़ा कि उन्होंने अपना कोई मैच नहीं हारा और लगातार दूसरी बार व्यक्तिगत बोर्ड गोल्ड हासिल किया. यह दिलचस्प है कि गुकेश के पिता रजनीकांत हर प्रतियोगिता में उनके साथ जाते हैं, लेकिन भावनात्मक समर्थन उन्हें अपनी मां से ही प्राप्त होता है, जोकि अक्सर घर पर ही रहती हैं. मां बेटे में रोज़ाना कुछ ही मिनट बात होती हैं, लेकिन गुकेश को गोल्डन बॉय बनाने के लिए इतना ही दैनिक समय पर्याप्त है.

◗ लगभग तीन माह पहले दिव्या देशमुख ने विश्व जूनियर शतरंज चैंपियन का खिताब जीता था. अब नागपुर की इस 18-वर्षीय लड़की ने बुडापेस्ट में भारत की सफलता कहानी में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है. पोलैंड के विरुद्ध 8वें चक्र में सिर्फ़ दिव्या ने ही जीत दर्ज की थी, जबकि हमारी तीन अन्य लड़कियां हार गईं थीं. इसी तरह चीन के विरुद्ध भी वह एकमात्र विजेता थीं, जबकि शेष तीन बो पर ड्रा खेला गया था. अंतिम चक्र में दिव्या ने अज़रबैजान की बी. गौहर को मात्र 30 चालों में पराजित किया और भारत को स्वर्ण पदक के नज़दीक पहुंचाया. बाकी काम वंतिका अग्रवाल ने पूरा कर दिया. वंतिका जुडित पोल्गर से ट्रेनिंग प्राप्त कर रही हैं, जो मैगनस कार्लसन जैसे सर्वकालिक महान खिलाड़ी पर भी जीत दर्ज किये हुए हैं.



◗ दिव्या भारत की एकमात्र महिला खिलाड़ी रहीं जिन्होंने सभी 11 चक्र खेले. उन्हें अपने प्रदर्शन पर ख़ुशी व गर्व है. वह बताती हैं, "पिछले ओलंपियाड में मैं टीम बी के लिए रिज़र्व खिलाड़ी थी, जहां मैंने बोर्ड-5 कांस्य पदक जीता था. तब से मेरी इच्छा मज़बूत खिलाड़ी बनने की थी ताकि मैं गोल्ड के लिए अच्छा योगदान कर सकूं. मैं अपने प्रदर्शन को लेकर खुश हूं, गर्व भी है."

◗ शतरंज ऐसा खेल है जो जिस्म के साथ शरीर को भी थका देता है. ऐसे में ऊर्जा का स्तर बनाए रखना आसान नहीं होता है. इसलिए दोनों अर्जुन व दिव्या को सलाम है कि उन्होंने सभी 11 चक्र खेलने की हिम्मत दिखाई. इन दोनों का कहना है कि जब देश की बात आती है तो करो या मरो की स्थिति होती है और तब अपना सब कुछ दांव पर लगाना पड़ता है. शतरंज में खिलाड़ियों पर कितना अधिक मानसिक दबाव होता है, इसे वंतिका के शब्दों में जानिए, "अब (जीत के बाद) मैं राहत महसूस कर रही हूं. मैच से पहले के दो दिन तो इतना अधिक तनाव था कि यही सोचते सोचते मेरा बीपी बढ़ रहा था कि क्या होगा." संभवतः तनाव के कारण अक्सर यह भी देखने को मिलता है कि हाई रेटिंग वाला खिलाड़ी अपने से कम रेटिंग वाले खिलाड़ी से हार जाता है. इसलिए टीम प्रतियोगिता में बहुत सोच समझकर योजना बनानी पड़ती है. यही कारण है कि अर्जुन को तीसरे बोर्ड पर खिलाना मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ. वह अपने से कम रेटिंग वाले खिलाड़ी को हराने में माहिर हैं. यही योजना भारत की जीत का आधार बनी. इस पर ग्रैंडमास्टर सूसन पोल्गर का कहना है कि भारत के गोल्डन बॉयज एंड गर्ल्स ने अविश्वसनीय शतरंज खेली. यह टीम वर्षों तक टॉप पर रहेगी.

✦ साशा

---

शारदीय नवरात्रि पर विशेष





शारदीय नवरात्रि को भारत में 'गेट वे ऑफ फेस्टिवल' भी कहा जाता है. दरअसल मानसून के बाद 15 दिन के पितृ पक्ष होते हैं, जिनमें कोई भी महत्वपूर्ण काम नहीं किया जाता, इसके बाद ही नवरात्रि शुरु होते हैं और नवरात्रि खत्म होते ही शरद ऋतु के त्योहारों की मानो श्रृंखला शुरू हो जाती है.

शारदीय नवरात्रि के अगले दिन देश असत्य पर सत्य की जीत के रूप में दशहरा का पर्व मनाता है. इसके बाद करवा चौथ, धनतेरस, रूप चौदस, छोटी दीवाली, बड़ी दीवाली, गोबर्धन पूजा, अन्नकूट, भाई दूज, छठ पूजा, गोपाष्टमी, देवउठनी एकादशी, गुरुनानक जयंती आदि पर्वों त्योहारों की झड़ी लग जाती है. लेकिन जहां तक स्वयं शारदीय नवरात्रि की बात है, तो ये खुद अपने आप में पूरे देश को उत्सव के रंग बिरंगे धागों से बांधने वाला पर्व है. शारदीय नवरात्रि में देश में किन किन जगहों पर उत्सव के ये खास रंग बिखरते हैं.

# नवरात्रि में उल्लास और उत्साह का यह रंग है खास

## मैसूर का रंगारंग दशहरा

यूं तो मैसूर का दशहरा मशहूर है, लेकिन हम भूल जाते हैं कि दशहरे का ये दस दिनों तक चलने वाला रंगारंग त्योहार नवरात्रि के पहले दिन से शुरू होता है और दसवें दिन तक चलता है. यह देश में ही नहीं विदेशों में भी बहुत मशहूर नवरात्रि का त्योहार है, जो 14वीं, 15वीं शताब्दी में विजयनगर के राजाओं द्वारा मनाया जाना शुरू हुआ था और जिसके बारे में इतालवी यात्री निकोली डी कोंटी ने कहा है, 'यह उल्लास का भव्यतम पर्व है.' इस नवरात्रि पर्व में मां दुर्गा को योद्धा देवी (चामुंडेश्वरी) के रूप में पूजा जाता है. दस दिन के मैसूर महोत्सव में देशभर के पहलवान जहां अपनी पहलवानी का रंग बिखेरते हैं, वहीं गायक, नर्तक अपनी कलाओं का प्रदर्शन करते हुए दिल निकालकर रख देते हैं. इस मैसूर महोत्सव में शानदार आतिशबाजी, बेहद भव्य सैन्य परेड जैसी बहुत सी चीजें देखने को मिलती हैं.

## गुजरात में गरबा डांडिया की बहार

नवरात्रि के रंगारंग पर्व की बात हो और गुजरात का जिक्र न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता. क्योंकि नवरात्रि में डांडिया और गरबा की नृत्यमय प्रस्तुति भक्ति का रूप भी है. नौ दिनों तक गुजरात के सारे छोटे-बड़े शहरों से लेकर छोटे-छोटे कस्बों और गांवों तक में भी डांडिया और गरबा नृत्यों की धूम रहती है. अहमदाबाद, बडौदा, सूरत, राजकोट, भावनगर, नवसारी इन सभी छोटे-बड़े शहरों में सैकड़ों पंडाल लगते हैं और नवरात्र के इस इंद्रधनुषी पर्व के सीजन में हर साल पांच लाख से ज्यादा विदेशी पर्यटक गुजरात की यात्रा करता है, ताकि वह भी डांडिया गरबा की मस्ती में डूब सके. साल 2024 में कई वैश्विक एजेंसियों ने पर्यटन के लिहाज से 'बेस्ट प्लेस इन इंडिया फॉर नवरात्रि सेलिब्रेशन' हेतु गुजरात के विभिन्न शहरों को चुना है.

## मस्ती में डूब जाने वाली कुल्लू घाटी

नवरात्रि के सात दिनों तक हिमाचल प्रदेश की कुल्लू घाटी पूरी तरह से त्योहार के मूड में होती है और इस दौरान यहां लाखों विदेशी सैलानी आते हैं, जो जमकर दशहरे का लुत्फ लेते हैं. यह त्योहार भी दस दिन की श्रृंखला वाला त्योहार है. इस दौरान कई तरह की भाव भंगिमाओं वाले नृत्य, गायन और पारंपरिक लोकगीतों की महफिल पूरी कुल्लू घाटी में अपना रंग और खुशियां बिखेरती दिखाई पड़ती हैं. कुल्लू घाटी का नवरात्रि पर्व भी पूरी दुनिया में मशहूर होने के साथ साथ संस्कृति, मस्ती और गहरी परंपरा को विस्तार देने वाला पर्व पखवाड़ा होता है. इन दिनों यहां चलने वाली रघुनाथ रथ यात्रा दर्शकों का पूरी तरह से मन मोह लेती है.

## कोलकाता की दुर्गा पूजा

कहने की जरूरत नहीं है कि नवरात्रि में सम्पन्न होने वाले सभी तरह के कार्यक्रमों में कोलकाता के दुर्गा पूजा के कार्यक्रम सर्वश्रेष्ठ हैं. दरअसल शारदीय नवरात्रि में कोलकाता को एक तरह से पूजा और पंडालों का पर्याय शहर माना जाता है. हर साल अक्टूबर, नवंबर में पड़ने वाली दुर्गा पूजा के पहले ही यहां दुनिया के कोने-कोने से आकर हजारों पर्यटक डेरा जमा लेते हैं, ताकि उन्हें कोलकाता के दुर्गा पूजा महोत्सव को देखने और उसे इंज्वाय करने में खास परेशानी न हो. कोलकाता का दुर्गा पूजा महोत्सव देश में नवरात्रि के दिनों में मनाये जाने वाले दर्जनों पर्वों त्योहारों का मिला जुला रूप है.

✦ शैलेंद्र सिंह

---

सिने वर्ल्ड बनाम अंडरवर्ल्ड

# क्या रुक पाएगा धमकियों, हमलों और वसूलियों का सिलसिला?

*पिछले दिनों 18 सितंबर 2024 को सलमान खान के पिता और मशहूर लेखक सलीम खान मॉर्निंग वॉक करने के बाद बांद्रा बैंडस्टैंड में सड़क किनारे बेंच पर बैठे हुए थे. उसी समय उनके सामने से एक स्कूटी गुजरी और थोड़ी दूर जाकर वह स्कूटी यू-टर्न लेकर उनकी तरफ आई. इस स्कूटी को एक 28-30 साल का युवक चला रहा था और पिछली सीट में बुर्का पहने हुए एक महिला बैठी थी. स्कूटी सलीम खान के पास आकर रुकी और पीछे बैठी बुर्के वाली महिला ने कहा, 'सही से रहो... वर्ना लॉरेंस को बता दूं क्या?' इसके बाद स्कूटी जो कि पूरी तरह से रुकी भी नहीं थी, तेजी से चली गई. सलीम खान ने बांद्रा पुलिस स्टेशन जाकर अपने को धमकी देने वाली इस महिला के बारे में रिपोर्ट लिखाई और आनन फानन ने पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के जरिये इस स्कूटी सवार युगल को गिरफ्तार कर लिया.*

सलमान या उनके किसी घरवालों को यह छह महीने के भीतर दूसरी धमकी थी. इसके पहले 14 अप्रैल 2024 को दो अज्ञात हमलावरों ने गैलेक्सी अपार्टमेंट (जहां सलमान अपने पूरे परिवार के साथ रहते हैं) के फर्स्ट फ्लोर पर 5 राउंड फायरिंग की थी और जब गैलेक्सी के सुरक्षाकर्मियों ने इन फायर करने वालों पर पलटकर फायर किए तो ये नौ दो ग्यारह हो गये थे. लेकिन मुंबई पुलिस की मुस्तैदी के चलते जल्द ही न सिर्फ वे दोनों बल्कि कुल 6 लोग इस आपराधिक साजिश के लिए गिरफ्तार किए गए.



## सलमान व परिवार रहा है निशाने पर

बॉलीवुड में भाई के ताकतवर संबोधन से पुकारे जाने वाले जब सलमान और उनके परिवार पर रह-रहकर अंडरवर्ल्ड इस तरह से हमले कर रहा है, तो जाना जा सकता है कि आम बॉलीवुड सितारों और मशहूर शख्सियतों पर क्या गुजरती होगी? यह कोई नया ट्रेंड नहीं है. सच बात तो ये है कि पिछली सदी के 80 के दशक से ही बॉलीवुड के सितारों पर अंडरवर्ल्ड की धमकियों, वसूलियों और हमलों व हत्या की यह तलवार लगातार लटकी रही. करीम लाला से लेकर हाजी मस्तान तक ने बॉलीवुड सितारों और फिल्म निर्माताओं को अपनी धमकियों के जरिये अंगुलियों पर नचाया है. लेकिन मुंबई में दाऊद इब्राहीम की सल्तनत बनने के बाद यह सब सिर्फ धमकियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अंडरवर्ल्ड का यह खौफ धमकियों से आगे बढ़कर हमलों और हत्याओं तक जा पहुंचा है.



## पुराना है बॉलीवुड और अंडरवर्ल्ड का रिश्ता

अगस्त 1997 में जब धमकियां देने के बाद अंडरवर्ल्ड ने संगीत उद्योग के टाइकून गुलशन कुमार की दिन-दिहाड़े हत्या कर दी, उससे मायानगरी हिलकर रह गई. इसके बाद न सिर्फ यहां अंडरवर्ल्ड के डर का मतलब बदल गया, बल्कि सेलिब्रिटीज अपनी निजी सुरक्षा के नाम पर हर साल करोड़ों रुपये खर्च करने लगे.

✦ डी.जे.नंदन

POWERED BY NPCI
भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम
NATIONAL PAYMENTS CORPORATION OF INDIA

RUPAY कार्डहोल्डर्स विशलिस्ट नहीं बनाते, जो चाहिए बस ख़रीद लेते हैं।

स्पेशल फ़ेस्टिव डील्स
200+ ब्रांड्स
सिर्फ़ RuPay पर



RuPay FESTIVE CARNIVAL

अधिक ऑफर्स के लिए स्कैन करें

RuPay क्रेडिट कार्डहोल्डर्स के लिए ख़ास ऑफ़र्स

SHOPPERS STOP | make my trip | Myntra | Hush Puppies®
zomato DINING | mokobara | lifestyle® | Clovia

अगर आपके पास RuPay क्रेडिट कार्ड नहीं है, तो इंस्टेंट* कार्ड के लिए नीचे दिया गया कोई भी क्यूआर स्कैन करें

Axis Bank | BOBCARD | HDFC Bank | ICICI Bank | IDFC First Bank | IndusInd Bank | SBI Card | Yes Bank | rupay.co.in

*केवल बैंक/जारीकर्ता के प्री-क्वालिफ़ाइड या मौजूदा ग्राहकों के लिए ही इंस्टेंट इशुअंस लागू.

# ब्राह्मण विरोधी नहीं थे महात्मा फुले



■ **मुंबई (सं).** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने शनिवार को कहा कि महात्मा जोतीराव फुले ब्राह्मण विरोधी नहीं थे, बल्कि उन्होंने ब्राह्मणवाद का विरोध किया था. उन्होंने यह भी दावा किया कि सावित्रीबाई फुले एक कवयित्री थीं. ज्योतिबा और सावित्री बाई ने यशवंत नाम के एक ब्राह्मण के बेटे को गोद लिया था. भुजबल ने उपरोक्त बातें नासिक के मुंबई नाका स्थित सावित्रीबाई फुले चौक पर भव्य स्मारक में महात्मा जोतीराव फुले व ज्ञान ज्योति सावित्रीबाई फुले की कांस्य की अर्धाकृति सबसे बड़ी प्रतिमा अनावरण के मौके पर कहीं. भुजबल की संकल्पना से तैयार किए प्रतिमा का अनावरण सीएम एकनाथ शिंदे ने शनिवार को किया.

## राशन दुकानों में प्लास्टिक चावल

### प्रणीति शिंदे का संगीन आरोप

**मुंबई.** सोलापुर लोकसभा चुनाव क्षेत्र से कांग्रेसी सांसद प्रणीति शिंदे ने महाराष्ट्र की महायुति सरकार पर संगीन आरोप लगाया है. सांसद शिंदे का आरोप है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्ववाली महाराष्ट्र की महायुति सरकार राज्य की जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है. सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन की दुकानों पर लोगों को प्लास्टिक के चावल बांटे जा रहे हैं. स्कूल में छात्रों के पोषाहार में लार्वा और कॉकरोच के कई मामले पाए गए हैं, जिसके चलते राज्य सरकार की पहले ही काफी आलोचना हो रही है. इसी बीच सांसद शिंदे ने शनिवार को सोलापुर में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान चावल का 'सैंपल' दिखाते हुए दावा किया कि ये प्लास्टिक के चावल हैं और राशन की दुकानों में यही प्लास्टिक के चावल लोगों को दिए जा रहे हैं.

### 'लाडली बहन' पर निशाना

प्रणीति ने महायुति सरकार की महत्वाकांक्षी 'लाडली बहन' योजना पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐन चुनाव से पहले लाई गई यह योजना रिश्वत ही है. प्रणीति शिंदे ने किसानों की समस्या पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसानों के नुकसान का पंचनामा अभी तक नहीं हुआ, इसलिए उन्हें मुआवजा नहीं मिल सका है. जबकि किसानों की जलापूर्ति शुल्क 10 गुना बढ़ गई है. सरकार ऐसे काम कर रही है जिससे मुनाफाखोरों को लाभ मिले. कई गांवों में ग्राम सेवक व कोतवाल की नियुक्ति नहीं की गयी है.





## पश्चिम रेलवे द्वारा विभिन्न गंतव्यों हेतु साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ियों का संचालन

| गाड़ी क्र. | आरंभिक स्टेशन एवं गंतव्य | सेवाओं की तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09027 | बांद्रा टर्मिनस - मालदा टाउन | 02.10.2024 से 27.11.2024 तक | 11.00 बजे (बुधवार) | 16.30 बजे (शुक्रवार) |
| 09028 | मालदा टाउन - बांद्रा टर्मिनस | 05.10.2024 से 30.11.2024 तक | 17.30 वा. (शनिवार) | 18.15 बजे (सोमवार) |
| **ठहराव :** बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, आगरा फोर्ट, टुंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज, बापूधाम मोतीहारी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, किऊल, अभयपुर, जमालपुर, सुलतानगंज, भागलपुर, कहालगांव, साहिबगंज, बरहरवा और न्यू फरक्का स्टेशन पर दोनों दिशाओं में. | | | | |
| **संयोजन :** एसी 3-टीयर, शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस. | | | | |
| 09031 | बांद्रा टर्मिनस - गोरखपुर | 03.10.2024 से 28.11.2024 तक | 12.15 बजे (गुरूवार) | 21.00 बजे (अगले दिन) |
| 09032 | गोरखपुर - डहाणू रोड | 05.10.2024 से 30.11.2024 तक | 04.00 बजे (शनिवार) | 12.25 बजे (अगले दिन) |
| **ठहराव :** वापी, वलसाड, उधना, भरूच, वडोदरा, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, मनकापुर, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन पर दोनों दिशाओं में. गाड़ी क्र. 09031 को बोरीवली, पालघर, डहाणू रोड और गोधरा स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव दिया जायेगा. | | | | |
| **संयोजन :** एसी 3-टीयर, शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस | | | | |
| 09013 | उधना - छपरा | 05.10.2024 से 30.11.2024 तक | 07.00 बजे (शनिवार) | 19.30 बजे (अगले दिन) |
| 09014 | छपरा - उधना | 06.10.2024 से 01.12.2024 तक | 22.30 बजे (रविवार) | 08.15 बजे (मंगलवार) |
| **ठहराव :** भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, सौगोर, दमोह, कटनी मुड़वारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, वाराणसी, औड़िहार, गाजीपुर सिटी और बलिया स्टेशन पर दोनों दिशाओं में. | | | | |
| **संयोजन :** एसी 2-टीयर, एसी 3-टीयर, शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस. | | | | |

**गाड़ी क्र. 14708/14707 दादर-बीकानेर रानकपुर एक्सप्रेस का 31 दिसंबर 2024 तक लालगढ़ स्टेशन तक अस्थायी विस्तार जारी रहेगा.**

ठहराव और संयोजन की समय-सारिणी के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें

**पश्चिम रेलवे**
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें: x.com/WesternRly

सभी पीआरएस काउंटर्स पर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर गाड़ी क्र. 09027, 09031 और 09013 के लिये बुकिंग दि. 29.09.2024 से शुरू होगी. उपरोक्त गाड़ियों को विशेष किराये पर विशेष गाड़ी के तौर पर संचालित किया जायेगा.

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के साथ अपना वास्तविक पहचान पत्र भी साथ रखें









# बेटे की विदेशी घड़ियों ने मंत्री का बिगाड़ा समय

## 5 करोड़ की 2 घड़ी कस्टम ने पकड़ीं, ED ने घेर लिया

■ **हैदराबाद, एजेंसियां.** तेलंगाना सरकार के मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के ठिकानों पर ईडी ने रेड डाली. यह छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर की गई. दिलचस्प बात यह है कि मंत्री पर शिकंजा उनके बेटे के 5 करोड़ की घड़ियां खरीदने के बाद कसा गया. घड़ियों की इस खरीद का मामला कस्टम में फंसा. कस्टम ने जांच की तो मामला हवाला और क्रिप्टोकरंसी का निकला. ईडी की जांच कस्टम विभाग के चेन्नई कार्यालय ने शुरू की. मंत्री के बेटे पी. हर्षा रेड्डी के दो लग्जरी घड़ियों की खरीद के संबंध में यह मामला संज्ञान में आया था. कस्टम विभाग ने हर्षा रेड्डी को इस मामले में समन जारी किया था. कस्टम विभाग की जांच में इस बात का खुलासा हुआ है कि इन महंगी घड़ियों को हांगकांग से सिंगापुर तस्करी कर पहुंचाया था.जब एक डीलर सिंगापुर से लौट रहा था, तब कस्टम विभाग ने इन घड़ियों को जब्त कर लिया.जब्त घड़ियों में एक पैटेक फिलिप 5740 और एक बरेगेट 2759 शामिल हैं. ईडी की जांच में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि इन घड़ियों की खरीद के लिए क्रिप्टोकरेंसी और हवाला का इस्तेमाल किया गया था.ईडी जांच में इस बात की जानकारी मिली. इस बीच, ईडी की ओर से की जा रही इस छापेमारी के दौरान घर के अंदर और बाहर किसी को आने-जाने की अनुमति नहीं दी गई है.मुख्य दरवाजे को भी बंद कर दिया गया है.दरवाजे के बाहर मीडिया कर्मियों का जमावड़ा लग गया.देर शाम तक ईडी की छापेमारी जारी रही.



### सियासी हलचल तेज

- मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी के बाद राजनीतिक हलचल तेज होने की भी संभावना जताई जा रही है.कांग्रेस लगातार केंद्र सरकार पर ईडी-सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाती रही है.
- लोकसभा चुनाव 2024 से पहले पार्टी ने ईडी सीबीआई पर भाजपा के लिए चंदे जुटाने तक का आरोप लगाया था.तब पीएम ने भी कांग्रेस को उसका इतिहास याद दिलाते हुए कहा था कि ये एजेंसियां तो आपके हाथों की कठपुतली थीं फिर आप चुनाव क्यों हारे.
- पांच करोड़ रुपये की दो घड़ियां खरीदी हैं.इन घड़ियों के लिए किए गए भुगतान का संबंध 100 करोड़ रुपये के कथित हवाला और क्रिप्टो करेंसी रैकेट से है.
- ए नवीन कुमार नाम का एक व्यक्ति ईडी की जांच के दायरे में है.कांग्रेस नेता श्रीनिवास रेड्डी तेलंगाना सरकार में राजस्व, आवास, सूचना और जनसंपर्क मंत्री हैं.

## हेमा कमेटी पर बोलीं शबाना

# सदियों से हो रहा महिलाओं का दमन



■ **अबू धाबी, एजेंसियां.** अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फ़िल्म अकादमी पुरस्कार में हिस्सा लेने अबू धाबी पहुंचीं एक्ट्रेस शबाना आजमी ने जस्टिस हेमा कमेटी रिपोर्ट और महिलाओं के सामने आनेवाली चुनौतियों के बारे में खुलकर बात करते हुए कहा कि सदियों से महिलाओं का दमन हो रहा है. उन्होंने कहा कि भारत में महिलाओं की सदियों से अपनी एक यात्रा रही है. साथ ही, उन्होंने बोला कि उनकी फिल्म अर्थ को दोबारा रिलीज किया जाना चाहिए. वो फिल्म आज भी प्रासंगिक है. उसमें महिलाओं के आंदोलन के बारे में बताया गया है. उन्होने कहा कि 16वीं से 21वीं सदी तक वो आगे तो बढ़ी हैं, लेकिन उन्हें दबाया भी गया है.

# केरल में 90 मिनट में 3 लूट

## SUV कंटेनर में छिपाई, पुलिस ने 12 किमी तक पीछा करके पकड़ा

■ **त्रिशूर, एजेंसियां.** केरल के त्रिशूर में एक गिरोह ने महज 90 मिनट के अंदर 3 ATM से करीब 70 लाख रुपये लूटे. डकैती के बाद ये लोग 2 ग्रुप बनाकर भाग निकले, लेकिन 7 घंटे के अंदर केरल और तमिलनाडु पुलिस ने डकैती के पैसों समेत फिल्मी अंदाज में गिरोह को पकड़ लिया. हरियाणा के इस गिरोह ने सबसे पहले त्रिशूर के मप्रानम के एटीएम से 35 लाख रुपये लूटे. इसके बाद वे शोरनूर रोड पर एसबीआई के एटीएम पहुंचे, जहां से 9.5 लाख रुपये लूटे. तीसरी लूट एसबीआई की



कोलाझी ब्रांच के एटीएम में की, जहां से 25 लाख रुपये लूटे. हालांकि, इस दौरान लूट के पैसे लेकर भाग रहा एक आरोपी मारा गया, एक के पैर में गोली लगी है. बाकी 5 पुलिस की हिरासत में हैं. आरोपियों की गोली से 2 पुलिस कर्मी भी घायल हुए हैं. इस पूरे घटनाक्रम का सबसे हैरान करने वाला पहलू कंटेनर में छिपाई गई कार थी, जिसमें 2 आरोपी भी छिपकर बैठे थे. इस बारे में पुलिस को भी तब पता चला, जब वे कंटेनर को पुलिस स्टेशन ले जा रहे थे. शुक्रवार की देर रात 2.30 बजे से 4 बजे के बीच एक गिरोह ने केरल के त्रिशूर में मप्रानम, कोलाझी और शोरनूर के तीन एटीएम में डाका डाला. इन लोगों ने एटीएम को गैस कटर से काटा. सीसीटीवी में चेहरा न दिखे, इसके लिए कैमरों पर स्प्रे पेंट लगा दिया.

# विदेश में खोलेगी डिफेंस फैक्ट्री

## टाटा फिर करेगी देश का नाम रोशन

■ **दिल्ली, एजेंसियां.** टाटा ग्रुप अब विदेशी धरती पर देश का नाम रोशन करेगा. टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड देश से बाहर कासाब्लांका में एक डिफेंस फैक्ट्री लगाने जा रही है. ये फैक्ट्री विदेशी धरती पर पहली देसी डिफेंस फैक्ट्री होगी. शुरुआत में इस फैक्ट्री में




'रॉयल मोरोक्कन आर्म्ड फोर्सेस' के लिए स्पेशलाइज्ड व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म बनाए जाएंगे. बाद में ये फैक्ट्री पूरे अफ्रीकी मार्केट के लिए प्रोडक्ट्स बनाने का काम करेगी. टाटा ग्रुप की इस फैक्ट्री में शुरुआत में हर वर्ष 100 आर्मर्ड व्हीकल का प्रोडक्शन होगा. ये फैक्ट्री एक वर्ष के अंदर तैयार हो जाएगी और यहां उत्पादन शुरू हो जाएगा. इस फैक्ट्री से पहला वाहन 18 महीने में बनकर बाहर आ जाएगा. टाटा ग्रुप के ये वाहन पहले से प्रोडक्शन में हैं और भारतीय सेना इनका इस्तेमाल करती है. सीमित संख्या में बनाए जाने वाले ये लड़ाकू वाहन (काम्बैट व्हीकल) भारत में लद्दाख की सीमा पर तैनात किए गए हैं. टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड ने व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म को डीआरडीओ के साथ मिलकर विकसित किया है.

## भारत ने शहबाज को UN में लगाई फटकार

# पाकिस्तानी पीएम की स्पीच एक मजाक...

■ **वॉशिंगटन, एजेंसियां.** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर का मुद्दा उठाया था. उन्होंने भारत के खिलाफ इंटरनेशनल मंच से जहर उगला था.इसे लेकर अब भारत ने जवाब दिया है. भारतीय राजनयिक भाविका मंगलनंदन ने यूएनजीए में राइट ऑफ रिप्लाई के दौरान पाकिस्तानी पीएम के भाषण को मजाक बताया.साथ ही पाकिस्तान को आतंकवाद की फैक्ट्री बताया.इसके अलावा उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद का इस्तेमाल जम्मू कश्मीर के चुनाव को प्रभावित करने के लिए किया है. उन्होंने कहा, 'अफसोस के साथ आज यह असेंबली एक मजाक का गवाह बनी है.सेना की ओर से चलाया जाने वाला एक देश जिसकी प्रतिष्ठा आतंकवाद, ड्रग्स के व्यापार और





अंतरराष्ट्रीय अपराध के लिए है, उसके पास दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर हमले का दुस्साहस है.' उन्होंने आगे कहा, 'लंबे समय से दुनिया जानती है कि पाकिस्तान ने सीमा पार आतंकवाद का इस्तेमाल अपने पड़ोसियों के खिलाफ किया है. इसने हमारी संसद, हमारी आर्थिक राजधानी मुंबई, मार्केट और तीर्थयात्रा के रास्तों पर हमले किए हैं.लिस्ट बहुत लंबी है.' उन्होंने आगे कहा, 'पाकिस्तान के लिए दुनिया में कहीं भी हिंसा के खिलाफ बोलना पाखंड है.

### इंडिया UNSC में स्थायी सदस्यता का हकदार : भूटान

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत स्थायी सदस्यता चाहता है. अब दुनिया के कई देशों से उसे समर्थन मिल रहा है. भारत के एक पड़ोसी ने भी अब सुरक्षा परिषद में बदलाव की वकालत की है. भूटान के प्रधानमंत्री ने यूएनजीए में अपने भाषण के दौरान भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया. प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे ने संयुक्त राष्ट्र में भारत की जमकर तारीफ की. महत्वपूर्ण आर्थिक वृद्धि और ग्लोबल साउथ में नेतृत्व का हवाला देते हुए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट के लिए भारत की दावेदारी का समर्थन किया.

### पड़ोसी धर्म निभाने अटल भारत : जयशंकर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपनी 'पड़ोस प्रथम' और 'एक्ट ईस्ट' नीतियों के अनुरूप सात देशों के समूह 'बिम्सटेक' के साथ व्यापक भागीदारी की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है. 'पड़ोस प्रथम' नीति के तहत भारत अपने सभी पड़ोसियों के साथ मैत्रीपूर्ण और पारस्परिक रूप से लाभप्रद संबंध विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है. बिम्सटेक के सदस्य देशों में भारत, भूटान, बांग्लादेश, म्यांमा, थाइलैंड, नेपाल और श्रीलंका है. स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, निवेश, अर्थव्यवस्था और ऊर्जा में हमारे करीबी सहयोग का जायजा लिया.

# डकैत पीड़ित को नहीं मिलेगी नौकरी

## कानून में कोई प्रावधान नहीं : HC

■ **भोपाल, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** ग्वालियर-चम्बल और बुंदेलखंड अंचल के ऐसे सैकड़ों लोग शासकीय सेवा में हैं, जिन्हें दस्यु गैंग की प्रताड़ना के चलते नौकरी मिली, लेकिन अब इसका लाभ मिल पाना सम्भव नहीं होगा, क्योंकि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने इस मामले में एक बड़ा फैसला सुनाया है. कोर्ट ने कहा कि डकैत पीड़ित को नौकरी देने का कोई कानून नहीं है. एमपी हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ में अवधेश शर्मा ने 2013 में एक याचिका दायर कर यह कहते हुए शासकीय नौकरी की मांग की थी कि वो दस्यु पीड़ित है. उन्होंने तर्क दिया था कि



1981 में डकैत गिरोह मनिया महावीर ने उसके दादा नरसिंह राव की नृशंस हत्या कर दी थी, जबकि उसके पिता राम नरेश शर्मा को राजू कुशवाह गैंग ने अगवा किया था, जिन्हें 3 जनवरी 1997 को फिरौती की रकम बसूलने के बाद रिहा किया था. मध्य प्रदेश शासन के गृह और सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से 1972 और फिर 1985 में एक सर्कुलर जारी किया

## कृषि के लिए सहायक है 'मृदा परीक्षण मशीन'

# रसायन से बंजर हो रही भूमि

### ICAR ने किया प्रमाणित

■ **हरिद्वार, नवभारत कनेक्ट.** पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रांगण में मृदा परीक्षण मशीन 'धरती का डॉक्टर' को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान के द्वारा प्रमाणन-पत्र प्रदान किया गया. इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ के अध्यक्ष रामदेव ने बताया कि धरती का डॉक्टर एक अत्याधुनिक मृदा परीक्षण मशीन है, जिससे मृदा की सटीक जांच परिणाम कम लागत एवं कम समय में प्राप्त किए जा सकते हैं. उन्होंने कहा कि रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से हमारी अन्न व औषधि प्रदाता कृषि भूमि प्रदूषित व बंजर हो रही है, जिसको समय पर मशीन के द्वारा जांच कर सुधारा जा सकता है. हम किसानों की आय को दोगुना करने हेतु संकल्पित हैं, जिसमें यह मृदा परीक्षण मशीन अत्यंत सहायक सिद्ध होगी.



भरूआ एग्री साइंस के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि धरती का डॉक्टर मृदा परीक्षण मशीन के द्वारा मृदा स्वास्थ्य के 12 आवश्यक मानकों का परीक्षण किया जाता है, जिसमें मुख्य पोषक तत्व उपलब्ध नाइट्रोजन, फास्फोरस व पोटाश एवं गौण पोषक तत्व बोरॉन, आयरन, जिंक, कॉपर एवं मैंगनीज सम्मिलित हैं. इस मशीन को भारत सरकार द्वारा पेटेंट तथा सीई-सर्टिफिकेट प्राप्त है. उन्होंने कहा कि इस मशीन को पतंजलि के वैज्ञानिकों द्वारा वर्षों के व्यापक शोध के बाद विकसित किया गया है, जो किसानों के लिए वरदान है जो सर्वोत्तम संभव समाधान प्रदान करती है.

**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**
(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)
टेली. नं. – 022-66405432, ई-मेल : eewest.msib@mhada.gov.in
म्हाडा MHADA

**ई-निविदा सूचना**

कार्यकारी अभियंता (पश्चिम) डिवीजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल, (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 537, 4थी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051 फोन नंबर (022) 66405432 द्वारा किसी भी सरकारी/अर्ध सरकारी संगठन अथवा ठेकेदार की संबंधित समुचित श्रेणी में पीडब्ल्यूडी/म्हाडा/सीपीडब्ल्यूडी/सिडको/एमईएस/एमजेपी/एमआईडीसी/भारतीय रेलवे/बीपीटी/एमसीजीएम के साथ पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के जरिये बी1 प्रपत्र (प्रतिशत दर) में 33 कार्यों के लिये खुली निविदा/नियमित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है. विस्तृत निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध है और यहां से डाउनलोड किये जा सकते हैं. बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किये जा सकते हैं. निविदा अनुसूची निम्नानुसार है.

| अ. क्र. | चरण विवरण | समयावधि की तिथि | अ. क्र. | चरण विवरण | समयावधि की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दस्तावेज बिक्री प्रारंभ | 30.09.2024 को सुबह 10.30 बजे | 2 | दस्तावेज बिक्री समापन | 07.10.2024 को शाम 6.15 बजे |
| 3 | तकनीकी बोली खुलना | 09.10.2024 को सुबह 10.30 बजे से | 4 | मूल्य बोली खुलना | 10.10.2024 को सुबह 10.30 बजे से |

सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण दर्शाये किसी भी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है. शर्तयुक्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जायेगा.
**टिप्पणी 1.** कृपया वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना का अवलोकन करें.
**टिप्पणी 2.** कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि है तो उसे केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जायेगा.

Follow us: @mhadaofficial
सीपीआरओ/ए/813
हस्ता./-
कृते कार्यकारी अभियंता (प),
एम.एस आई बी बोर्ड, मुंबई
म्हाडा - राष्ट्र का अग्रणी गृहनिर्माण प्राधिकरण

# टाटा के इलेक्ट्रॉनिक प्लांट में भीषण आग

### 1500 कर्मचारियों का रेस्क्यू

■ **होसुर, एजेंसियां.** तमिलनाडु के होसुर में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में शनिवार को भीषण आग लग गई. आग सेलफोन मैन्युफैक्चरिंग सेक्शन में लगी, जिसके बाद कर्मचारियों को परिसर खाली करना पड़ा. आग लगने की वजह से संपत्ति का काफी नुकसान हुआ है. जब फैक्ट्री में आग लगी तो उस समय करीब 1,500 कर्मचारी ड्यूटी पर थे. आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चला है. पुलिस



अधिकारियों ने बताया कि सांस संबंधी समस्या से पीड़ित 3 कर्मचारियों को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर है. घटनास्थल पर 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की एक टीम को तैनात किया गया है. आईफोन के कई प्रोडक्ट्स का यहां उत्पादन होता है. बताया जा रहा है कि आग लगने की इस घटना में वहां काम करने वाले कर्मचारियों समेत किसी को चोट नहीं आई है. मामले की सूचना मिलने के बाद रायकोट्टई पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है. पुलिस की टीम मामले की जांच कर रही है.चूंकि केमिकल यूनिट में आग लगी थी, इसलिए इस बात की जांच की जा रही है कि आग में कितना कीमती सामान जला है और कितना नुकसान हुआ है.

# रणजीत सिंह की प्रतिमा तोड़ी

## कनाडा में खालिस्तानियों की करतूत

■ **ओटावा, एजेंसियां.** गाजा का युद्ध पिछले एक साल से चल रहा है. इसी के साथ फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन भी दुनिया भर में हो रहे हैं. इस बीच कनाडा में भी एक प्रदर्शन हुआ. लेकिन इस प्रदर्शन में एक हैरान करने वाली घटना हुई, जब एक महान भारतीय राजा के हाथ में फिलिस्तीन का झंडा थमा दिया गया. कनाडा के ब्रैम्पटन में विरोध प्रदर्शन करते हुए शहर के एक चौराहे पर महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा पर चढ़कर उसे खंडित कर दिया गया. इस घटना के बाद से लोगों का गुस्सा भड़क गया है. सोशल मीडिया पर इसे जुड़े कई पोस्ट किए जा रहे हैं. महाराजा रणजीत सिंह एक महान सिख शासक थे. पंजाब में कई अफगान हमलों को उन्होंने सफलतापूर्वक रोका और देश को हमले से बचाया. महाराजा रणजीत सिंह को अक्सर 'पंजाब का शेर' कहा जाता है.



**अमेरिका में हुए प्रदर्शन** : मिडिल ईस्ट में लगातार संघर्ष बढ़ता जा रहा है. इसे देखते हुए फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने इजराइल के लिए अमेरिका के सैन्य समर्थन के खिलाफ प्रदर्शन किया.

MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.
**NOTICE INVITING TENDER CPD/76 -2024-25**
The due Date and Time of submission and opening of following SRM e-tender is extended as follows:

| Tender No. & Description of Material | Estimated Amount (in Rs.) Lakhs / Tender Fee (in Rs.) | Due Date & Time (Hrs.) for Submission & Opening of Tender |
|---|---|---|
| SP/T-0828/0924 [3rd Call] [RFX No.5000001303] (Two Bid System) Procurement of CVT Analyzer Kit for various EHV PCC O&M Zones of MSETCL. | 262.67 / 5000.00 | 04.10.2024 Up to 17:00 Hrs. 04.10.2024 at 17:30 Hrs. |

Contact Person: Office of the Executive Engineer (P&C)
No.022-69852711/ Cell No.8329909813
**Email: secpa@mahatransco.in, eegrpc@mahatransco.in, eegrp8@mahatransco.in,**
For further details visit our website **http://www.srmetender.mahatransco.in**
Any further amendments will be published on the MSETCL website www.mahatransco.in. So bidders are requested to check the website.
**Sd/-**
**Executive Engineer (P&C)**

# 'भारत माता की जय' हेट स्पीच नहीं : HC

■ **बेंगलुरु, एजेंसियां.** कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक मामले में सुनवाई के दौरान कहा कि भारत माता की जय का नारा लगाना हेट स्पीच नहीं है. इसे



किसी भी तरह से धर्मों के बीच वैमनस्य या दुश्मनी को बढ़ावा देने के रूप में नहीं माना जा सकता है. साथ ही कोर्ट ने तहत पांच लोगों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को भी खारिज कर दिया. कर्नाटक के उल्लाल तालुका के पांच निवासियों के खिलाफ पुलिस ने इस साल जून में मामला दर्ज किया था. आदेश के अनुसार, याचिकाकर्ता 9 जून को पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से लौट रहे थे, तभी उन पर लोगों के एक समूह ने हमला कर दिया था.




**मध्य रेल**
उप मुख्य विद्युत इंजी. (निर्माण) दादर का कार्यालय
**खारबाओ यार्ड रीमॉडलिंग के लिए कार्यो**

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण) दादर, तिलक ब्रिज के पास, पश्चिम रेलवे के प्लेटफॉर्म नंबर 5 के सामने, दादर (पश्चिम) मुंबई – 400028, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये प्रतिष्ठीत ठेकोदारो से क्रिस वैबसाइट पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित की जाती है : **कार्य का नाम तथा स्थान :** मध्य रेलवे के मुंबई डिवीजन में खारबाओ यार्ड रीमॉडलिंग के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, सामग्री की आपूर्ति, उल्लंघन को हटाना, संशोधन, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग । **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 7,84,48,607/– (मात्र सात करोड़ चौरासी लाख अड़तालीस हजार छह सौ सात रुपये) । **जमा कराये जाने वाली बयाना राशि:** रु.5,42,300/– (मात्र पांच लाख बयालीस हजार तीन सौ रूपये) या वेब साइट **ireps.gov.in** द्वारा निर्देशित अनुसार । **निविदा पप्रत्र की लागत :** 00 (शून्य) । **कार्य पूर्ण करने का अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने के दिन से बारह (12) महीना तक (मानसून सहित) । **ऑफर की वैधता :** निविदा खुलने के 60 दिन तक । **पूरी जानकारी के लिए वैबसाइट, नोटिस बोर्ड का स्थान:** निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज़ क्रिस कि वैबसाइट पता **ireps.gov.in** से देखे जा सकते हैं । **निविदा भरने की तारीख तथा समय :** निविदा दस्तावेज़ ऑनलाइन दिनांक 18/10/2024 समय 15:00 बजे तक या पहले भरी जा सकती है। **निविदा खोलने कि तारीख तथा समय :** निविदा इस कार्यालय मे 15:00 बजे दिनांक 18/10/2024 को खोली जाएगी । **नोट :** संभावित निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि इलेक्ट्रॉनिक रूप से उनके प्रस्तावों को निविदा भरने से पहले, नियम और शर्तों, पात्रता मानदंड, ईएमडी और निविदा दस्तावेज की लागत जमा करने के तरीके के संबंध में निविदा विवरण के क्रिस के वेबसाइट **ireps.gov.in** का संदर्भ लेना चाहिए।

**ई निविदा सूचना क्रमांक : एलसीएफ/डीआर/ओएचई /471 /2024/7 दिनांक : 27/09/2024**
टिकट के लिये UTS APP डाउनलोड करे 445

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**खुली ई-निविदा**
निम्नलिखित कार्य के लिये भारत संध के राष्ट्रपति एवं उनकी और से अलग-अलग मोहरबंद निविदाएं निर्धारित फॉर्म उप मुख्य इंजीनियर /ब्रिज लाईन,उ.प.रे., जयपुर कार्यालय से आमंत्रित की जाती है :- **निविदा संख्या : DyCEBL-JP-2024-15 दिनांक 26.09.2024. कार्य नाम एवं स्थान:** Provision of Inspection arrangement, side pathway, cradle, replacement of bearing, painting work & misc. work at ROB & Bridges of JP Division. **अनुमानित कार्य की लागत :** ₹ 3,69,59,799.68. **बयाना राशि :** ₹ 3,34,800/-. **कार्य पूरा करने की अवधि :** 12 Months. **निविदा फॉर्म जमा कराने की अंतिम तिथि व समय : 14.10.2024 at 15.00 Hrs. वेबसाईट का विवरण : www.ireps.gov.in**
**1128-AR/24**
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**मध्य रेल**
**भुसावल मंडल**
**ई-नीलामी सूचना**
भुसावल मंडल, मध्य रेल द्वारा ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के जरिये **www.ireps.gov.in** पर संपत्तियों की लीजिंग हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है. इच्छुक बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे ई-नीलामी से पूर्व साइट पर अपना पंजीकरण करायें और समस्त आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें. अधिक जानकारी के लिये बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि वे निम्ननिर्दिष्ट ई-नीलामी से संबंधित समस्त विवरणों की जानकारी के लिये वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें : **श्रेणी :** कैटरिंग, **पुस्तिका क्र. :** बीएसएल-सीएटीजी-एमआईएन-5, **स्टेशन :** भुसावल **नीलामी तारीख एवं समय :** 22.10.2024 को सुबह 11.00 बजे. इस ई-नीलामी से संबंधित यदि कोई भी आगामी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र, अवधि विस्तार, स्पष्टीकरण इत्यादि होगा तो उसे केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जायेगा. बोलीकर्ता नवीनतम जानकारी हेतु वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें.
**डीआरएम सीओएमएमएल, बीएसएल**
टिकट के लिये UTS App डाउनलोड करें BSL-04

## यूक्रेन युद्ध से सबक लेते हुए भारतीय सेना कर रही तैयारी

# बॉर्डर पर होगा दुश्मन का 'काल'

■ **दिल्ली, एजेंसियां.** चीन की सीमा पर हॉवित्जर, मिसाइल, रॉकेट सिस्टम और लोइटर गोला-बारूद की अग्रिम तैनाती के बाद भारत अब लंबी दूरी की उच्च मात्रा वाली सटीक मारक क्षमता को शामिल करने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है. लंबी दूरी के हथियार दुश्मन का काल बन जाएंगे. ये चीन के साथ युद्ध की स्थिति में निर्णायक साबित हो सकते हैं. इसके साथ ही ग्लोबल सप्लाई सीरीज व्यवधानों का मुकाबला करने के लिए अपने स्वदेशी गोला-बारूद विक्रेता आधार का विस्तार कर सकती है. रूस-यूक्रेन युद्ध से सबक लेते हुए, जिसमें 80% हताहत तोपखाने की आग के कारण हुए हैं, सेना के तोपखाने के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अदोष कुमार ने कहा कि बल 100 और के-9 वज्र स्व-चालित ट्रैक्ड गन सिस्टम, साथ ही अतिरिक्त धनुष हॉवित्जर, शारंग गन और पिनाका मल्टी-लॉन्च रॉकेट सिस्टम शामिल करेगा. चीन के साथ जारी सैन्य टकराव के बीच 4,366 करोड़ रुपये की लागत से पहले शामिल की गई 100 ऐसी तोपों में से कुछ 'विंटराइज्ड' के-9 वज्र रेजिमेंट पहले से ही पूर्वी लद्दाख में तैनात हैं. उदाहरण के लिए, स्वदेशी पिनाका रॉकेट सिस्टम के रूप में लंबी दूरी के वेक्टर ने शस्त्रागार में अधिक मारक क्षमता जोड़ी है. सेना मौजूदा चार में छह और पिनाका रेजिमेंट शामिल करेगी. वहीं, रॉकेट की स्ट्राइक रेंज को अब मूल 38 किमी से बढ़ाकर 75 किमी किया जा रहा है.



### मिसाइलों की रेंज बढ़ाने पर काम

डीआरडीओ पारंपरिक प्रलय बैलिस्टिक मिसाइलों (400 किलोमीटर की रेंज) और निर्भय क्रूज मिसाइलों (1,000 किलोमीटर) की रेंज, सटीकता और मारक क्षमता को बढ़ाने के लिए भी काम कर रहा है. साथ ही, डीआरडीओ हाइपरसोनिक मिसाइलों का विकास कर रहा है, जो पहले से ही शामिल 450 किलोमीटर की रेंज वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों से अलग होंगी. लेफ्टिनेंट जनरल कुमार ने कहा कि अपनी सटीक और विनाशकारी मारक क्षमता के साथ, तोपखाना आज युद्ध के मैदान पर हावी होने में सैन्य शक्ति का असली सार प्रस्तुत करता है. हम पहले की तुलना में कहीं अधिक गति से आधुनिकीकरण कर रहे हैं. हमारा मंत्र 'स्वदेशीकरण के माध्यम से आधुनिकीकरण' है.


Narendra Modi
Prime Minister

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF MAHARASHTRA

DIRECTORATE
MAHARASHTRA TOURISM


Eknath Shinde
Chief Minister

# TOURISM FOR TOMORROW

Maharashtra launches new tourism policy aimed at the State's future growth and development

A 10-year vision to attract an investment of Rs. 100,000 crores, create 18 million jobs and double the tourist arrivals

**Aids & Incentives**
- Capital investment incentives. - Interest subsidy incentives. - CGST tax reimbursement. - Other financial incentives for micro, small, and medium enterprises. - Electricity duty exemption. - Stamp duty and registration fee exemptions. - Additional incentives for women entrepreneurs, Scheduled Caste/Scheduled Tribes, and differently abled individuals.

**Encouraging participation in fairs & expos**
- Incentives for tourism stakeholders to participate in domestic and international tourism exhibitions, travel shows, and marts. - Incentives for organizing rural tourism fairs/annual fairs.

**Promoting new & existing tourism services**
- Incentives for youth tourism. - Incentives for agriculture, caravan, and adventure tourism. - Incentives for sustainable & wellness tourism.

**Boosting research & development**
- Incentives for skill development programs. - Incentives for research in the tourism/hospitality industry. - Incentives for information and communication technology empowerment.

**Preserving culture & environment**
- Incentives for reviving rare arts, culture, and cuisine. - Incentives for environmental tourism certification.

**Opening new paths to empowerment & excellence**
- Incentives for employing differently-abled individuals.
- Tourism awards to honour excellence in the industry



**For More Information:** Head Office, Mumbai: 022 69107600
Konkan – 022-20876416 / 27560002, Nagpur – 0712-2533327, Pune – 020-29900289, Chhatrapati Sambhajinagar – 0240-2990457, Amravati – 0271-2661611, Nashik – 0253-2995464

**To know more:** Send **MTP2024** to +91 9403878864
**Follow us on:** MaharashtraTourismOfficial @maha_tourism
maharashtratourismofficial www.maharashtratourism.gov.in

For more information scan the qr code


Eknath Shinde — Chief Minister
Devendra Fadnavis — Dy. Chief Minister
Ajit Pawar — Dy. Chief Minister
Girish Mahajan — Tourism Minister

Directorate of Tourism, Tourism Department, Govt. of Maharashtra



महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना






# नवभारत

की 27 वीं वर्षगांठ पर

हार्दिक शुभकामनाएं !



गणेश चुक्कल
विभागअध्यक्ष
घाटकोपर (प.)

## SAPNE अपने




- बाजार देखना – दरिद्रता का दूर होना
- बड़ी दीवार देखना – सम्मान मिलना
- दातुन करना – पाप का प्रायश्चित हो, सुख हो
- धरती पर बिस्तर लगाना – दीर्घायु होना
- ऊंची जगह पर चढ़ना – पदोन्नति एवं प्रसिद्धि मिलना
- बिल्ली या बन्दर का काटना – रोग एवं अर्थ संकट का आना
- नदी का पानी पीना – राज्य से लाभ होना
- सफ़ेद फूल देखना – दु:ख से छुटकारा मिलना

## PIN पॉइंट

# समय पर पूरा करें अपना काम

अर्जुनगढ़ के राजा अर्जुन सिंह कपिल मुनि के आश्रम में नियमित रूप से आते-जाते रहते थे. कपिल मुनि अत्यंत ज्ञानवान, विवेकशील और गुणवान थे. वह अपने पास आने वाले सभी व्यक्तियों की समस्याओं को सुलझाया करते थे. एक दिन राजा ने गौर किया कि एक निपट देहाती और अनपढ़ व्यक्ति कपिल मुनि के पास नियमित रूप से आता है और कपिल मुनि अत्यंत तन्मयता के साथ उससे बातें करते हैं. यहां तक कि उससे बातें करते समय कई बार वह राजा को भी अनदेखा कर देते हैं. एक अत्यंत साधारण व्यक्ति के साथ कपिल मुनि की आत्मीयता राजा को रास नहीं आई. वह उनसे बोले, 'महाराज, मैं आपसे एक प्रश्न पूछना चाहता हूं.' कपिल मुनि बोले, 'पूछो वत्स, क्या जानना चाहते हो?' राजा बोले, 'आप अत्यंत ज्ञानी और अनुभवी हैं. आपके पास बड़े-बड़े लोगों का आना-जाना लगा रहता है. ऐसे में आपको शास्त्र ज्ञान से रहित साधारण-अनपढ़ लोगों में ऐसी क्या विशेषता नजर आती है कि आप उनके साथ बातें करते हुए सबको भूल जाते हैं.' इस पर कपिल मुनि बोले, 'तुम्हारे मुकुट पर सुंदर नक्काशी की गई है. यह मुकुट किस धातु का बना है?' राजा अचरज से बोले, 'महाराज, यह मुकुट सोने का बना है.' मुनि बोले, 'क्या सोना इसी रूप में खान से निकला होगा?' राजा बोले, 'नहीं महाराज, सोना तो अत्यंत बदरंग स्थिति में होता है. उसे तपा कर, तराश कर खरा किया जाता है.' मुनि बोले, 'बिल्कुल इसी तरह यह अनपढ़ और देहाती व्यक्ति भी सोने की बदरंग अवस्था में है. मैं इसे तराश कर इस लायक बनाने का प्रयास कर रहा हूं. ताकि यह अपने कार्यों से तुम्हारे राज्य का मान-सम्मान बढ़ाए.' कपिल मुनि का जवाब सुनकर राजा दंग रह गए और उनके चरणों में सिर झुकाते हुए बोले, 'महाराज, आपने मेरी आंखें खोल दीं. मुझ जैसे अनगढ़, बदरंग सोने को भी तपाकर आपने ही खरा सोना बनाया है.'



## BOL अनमोल

सत्य के मार्ग पर चलते हुए कोई भी व्यक्ति केवल दो ही गलतियां कर सकता है- पूरा रास्ता तय न करना या इसकी शुरुआत ही न करना - महात्मा बुद्ध



वर्ल्ड हार्ट डे पर विशेष

# ट्रांस फैट दे रहा युवाओं के दिल को दर्द

## बैड कोलेस्ट्रॉल केवल हार्ट अटैक ही नहीं, ब्रेन हैमरेज और बीपी का भी मुख्य कारण

**45** मिनट के ब्रिस्क वॉक से 300 कैलोरी बर्न होती है. इतनी कैलोरी 3 समोसे में होती है.

**270** से अधिक कैलोरी एक मीडियम आकार के पिज्जा में होती है.



*युवाओं में हार्ट अटैक की मुख्य वजह बाहर का खाना (रेडीमेड फूड), तनाव और अनियमित दिनचर्या है. बाहर के खाने में ट्रांस फैट (कई बार गर्म किया गया तेल) ज्यादा होता है. वहीं सैचुरेटेड फैट भी बहुत ज्यादा मात्रा में बैड कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड को बढ़ाता है. यह हृदय को सुरक्षित रखने वाले गुड कोलेस्ट्रॉल को भी घटाता है. जो लोग बाहर ज्यादा खाते हैं और व्यायाम बिल्कुल नहीं करते हैं उनमें हार्ट संबंधी समस्या ज्यादा गंभीर होने की आशंका होती है. इसलिए घर का बना भोजन करना सुरक्षित है.*

### सभी अंगों पर दुष्प्रभाव

*कोलेस्ट्रॉल न केवल हार्ट अटैक को बढ़ाता है बल्कि ब्रेन से जुड़ी नलियों में जमा होकर ब्रेन हैमरेज, किडनी से जुड़ी नसों में जमा होकर ब्लड प्रेशर और पैरों की नसों में जमा होकर डायबिटीज फुट का कारण बनता है. कोलेस्ट्रॉल टेस्ट 35 की उम्र से कराएं.*

### रेडीमेड फूड के नुकसान

इसमें पोषकता न के बराबर होती है जबकि इन्हें स्वादिष्ट बनाने के लिए ज्यादा मात्रा में ऑयल, नमक और चीनी डाली जाती है. केमिकल वाले मसालों का उपयोग होता है. इन्हें लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए कई तरह के प्रिजर्वेटिव्स भी डालते हैं.

### अधिक वजन रोगों का कारण

वजन बढ़ाना मेटाबॉलिज्म सिंड्रोम है. अगर 10% भी वजन बढ़ता है तो इससे शरीर में इंसुलिन पर असर पड़ता है. इससे ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, खराब कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड बढ़ने लगता और गुड कोलेस्ट्रॉल घटने लगता है. बाद में इससे हृदय रोगों का जोखिम बढ़ता है.



### एलडीएल यानी खराब और एचडीएल (अच्छा कोलेस्ट्रॉल)

**कोलेस्ट्रॉल का खतरनाक स्तर**

| टोटल कोलेस्ट्रॉल | एलडीएल कोलेस्ट्रॉल | एचडीएल कोलेस्ट्रॉल |
|---|---|---|
| 240 से ऊपर | 160 से ऊपर | 40 से कम (M) 50 से कम (F) |

**नुकसान पहुंचाने वाली स्थिति**

| टोटल कोलेस्ट्रॉल | एलडीएल कोलेस्ट्रॉल | एचडीएल कोलेस्ट्रॉल |
|---|---|---|
| 200-239 | 100-159 | 40-59(M) 50-59 (F) |

**हेल्दी हार्ट के लिए कोलेस्ट्रॉल का सामान्य स्तर**

| टोटल कोलेस्ट्रॉल | एलडीएल कोलेस्ट्रॉल | एचडीएल कोलेस्ट्रॉल |
|---|---|---|
| 200 से कम | 100 से कम | 60 से ऊपर |

### क्या है रूल ऑफ 50

हाई बीपी भी हृदय रोगों का एक प्रमुख कारण है. डब्ल्यूएचओ की मानें तो दुनियाभर में 3 में से एक वयस्क हाई बीपी से ग्रसित है. लेकिन इनमें 50% को पता है कि उन्हें बीपी है. उनमें से मात्र 50% ही दवा लेते और उनमें से भी मात्र 50% से कम ही नियमित दवा लेते हैं.

### डायबिटीज है तो

जिन्हें डायबिटीज है व रिपोर्ट में कोलेस्ट्रॉल लेवल सही है तो भी कोलेस्ट्रॉल की दवा लें क्योंकि शुगर के कारण कोलेस्ट्रॉल के कण छोटे हो जाते हैं, रिपोर्ट में नहीं आते हैं.

### बाहर का खाते हैं तो...

कोशिश करें कि बाहर का भोजन यानी रेडीमेड फूड न खाएं. खाने की इच्छा है तो हफ्ते में एक-दो बार से अधिक न खाएं. जिस दिन खा रहे हैं उसके अगले एक-दो मील हल्के ही लें. जो बाहर का अधिक खाते हैं वे सामान्य लोगों से ज्यादा व्यायाम करें.

### कब से टेस्ट करवाएं?

- अगर बीपी, डायबिटीज या हार्ट डिजीज की फैमिली हिस्ट्री है तो हार्ट डिजीज का खतरा कई गुना अधिक होता है. ऐसे लोगों को 25 वर्ष की उम्र से टेस्ट करवाने चाहिए. अगर हिस्ट्री या बीमारी नहीं है 30-32 वर्ष की उम्र से स्क्रीनिंग टेस्ट करवाना चाहिए.
- स्क्रीनिंग में हर छह माह में ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच कराएं. 40 वर्ष की उम्र के बाद दो साल में एक बार ट्रेडमिल टेस्ट अवश्य कराना चाहिए. जिन्हें कोई हिस्ट्री है वे न केवल व्यायाम अच्छे से करें बल्कि अपनी डाइट भी विशेषज्ञ की राय से ले सकते हैं.

### जीवनशैली सही रखें

कोरोना महामारी के बाद हृदयाघात के बढ़ते मामलों ने चिंता और बढ़ा दी है. लेकिन पुख्ता स्टडी नहीं है कि इससे ही हार्ट अटैक के मामले बढ़े हैं. जिन्हें कोरोना हो चुका है वे अपनी सही दिनचर्या रखें और संतुलित भोजन करें.

### हृदय रोगी हैं तो इन बातों का रखें ध्यान...

पूरा इलाज लें. फॉलोअप के लिए अवश्य जाएं. दवा की डोज अपने मन से घटाएं, बढ़ाएं या बंद न करें. विशेषज्ञ की सलाह से व्यायाम करें. व्यायाम क्षमता और बीमारी की स्थिति अनुसार ही करें. देखा-देखी बिल्कुल न करें. हार्ट अटैक नहीं आया, पर स्टेंट लगे हुए हैं. वह सामान्य एक्सरसाइज कर सकते हैं. हृदय रोगी हैवी वर्कआउट न करें. फैट को भी पूरी तरह से बंद नहीं करें. तनाव से दूर रहें. जल्दी सोएं और सुबह जल्दी उठें. सर्दियों में शाम सात बजे से सुबह सात बजे तक बाहर निकलने से बचें.

### जागरूक के साथ स्मार्ट बनने से होगा बचाव

बीमारी का इलाज कराना मजबूरी है. बहुत से जागरूक लोग बीमारी की जल्दी पहचान के लिए प्रयास करते हैं ताकि बीमारी बढ़े नहीं. यही नहीं बीमार न हो इसके लिए भी पहले से ही सावधानी रखते हैं.

1. रोज व्यायाम करें. अगर ज्यादा नहीं समय निकाल पाते हैं तो कम से कम 4 किमी ब्रिस्क वॉक जरूर करें.
2. शरीर को तेल (फैट) की जरूरत है लेकिन रोज एक से डेढ़ चम्मच से ज्यादा नहीं लें.
3. वजन आपका किसी भी तरह बीएमआइ से 10 फीसदी अधिक नहीं होना चाहिए. इसको नियंत्रित रखें.
4. प्रदूषण से बचाव के लिए तीन प्राणायाम भस्त्रिका, अनुलोम विलोम और कपालभाति रोज करें. अगर इन्हें 5-7 मिनट करते हैं तो फेफड़े साफ होंगे, हृदय भी स्वस्थ रहेगा.
5. अगर कोई नशा करते हैं तो तत्काल छोड़ दें. धूम्रपान हार्ट डिजीज के रिस्क को कई गुना बढ़ा देता है.



EDUCATING EMPOWERING & INSPIRING STUDENTS TOWARDS EXCELLENCE

नवभारत गुरुकुल

# 1 मिनट में 1200 बार धड़कता है हमिंग बर्ड का हृदय!



गुनगुनाने जैसी आवाज वाली दुनिया के सबसे छोटे पक्षियों में से एक है हमिंग बर्ड, जो विशेषकर अमेरिका में पाया जाता है. यह नब्बे प्रतिशत भोजन फूलों के पराग से लेता है. एक हमिंग बर्ड एक दिन में दो हजार फूलों पर जाता है. इसकी याद्दाश्त इतनी तेज होती है कि इसे याद रहता है कि एक साल पहले वह अपना भोजन तलाश करने कहां गया था. यह किसी भी दिशा में पंख फैला कर उड़ सकता है. लंबी चोंच वाली इस चिड़िया के दिमाग का भार इसके शरीर के कुल भार का 4.2 प्रतिशत होता है. इस समय हमिंग बर्ड की दुनिया में 325 से भी ज्यादा प्रजातियां पाई जाती हैं. हमिंग बर्ड की प्रजातियों में सबसे छोटी किस्म की प्रजाति बी हमिंग बर्ड है. बी हमिंग बर्ड का आकार सिर्फ 2.25 इंच ही होता है. सामान्य गति पर उड़ने पर हमिंग बर्ड 1 सेकंड में 80 बार पंख फड़फड़ाता है. तेज गति से उड़ने पर यह 200 बार पंख फड़फड़ाता है. हमिंग बर्ड के पैर बहुत कमजोर होते हैं. यह ज्यादा चल फिर नहीं सकता है. कई वर्षों तक इसको कीड़े-मकोड़ों की श्रेणी में रखा गया था. हमिंग बर्ड को खुशबू या बदबू महसूस नहीं होती है, क्योंकि इसमें स्मेल सेंसर नहीं होते हैं.

### 12 वर्ष तक होता है जीवनकाल

इस पंछी का हृदय 1 मिनट में लगभग 1200 बार धड़कता है, जो इस दुनिया में किसी भी प्राणी की हार्टबीट से ज्यादा है. हमिंग बर्ड दो प्रकार के होते हैं. इसमें एक बड़ा हमिंग बर्ड होता है और एक छोटे आकार का होता है. प्रवास के दौरान हमिंग बर्ड लगातार आठ सौ किलोमीटर बिना रुके उड़ सकता है. हमिंग बर्ड एक सौ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है, लेकिन नॉर्मल हालात में यह केवल तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उड़ता है. हमिंग बर्ड और फल-फूलों का रस व छोटे-मोटे कीड़े-मकोड़े खाते हैं. इसका जीवनकाल 3 साल से लेकर 12 साल तक होता है. वजन 2 ग्राम से लेकर 20 ग्राम तक होता है. यह एक ऐसा पक्षी है, जो हर दस मिनट के बाद खाना खाता है. यह अपने वजन का पचास प्रतिशत तक खाना खा लेता है.

**कूपन**

जवाब यहां लिखें

**आज का सवाल**

**प्रवास के दौरान हमिंग बर्ड बिना रुके कितने किलोमीटर उड़ सकता है?**

*आप अपना जवाब यहां दिए गए कूपन में लिखें और फिर इस कूपन को काटकर नवभारत गुरुकुल के फॉर्मेट में दी गई कूपन की जगह पर लगाएं.*

www.navbharatlive.com

# करेंगे दिल की मॉनिटरिंग रहेंगे रियल टाइम फिट



### Cardio Visual

हार्ट हेल्थ की मॉनिटरिंग करने के लिए यह उपयोगी ऐप है. इसे अमेरिका के कार्डियोलॉजी के एक्सपर्ट की देखरेख में तैयार किया गया है. इसे 100 से अधिक देशों में उपयोग किया जा रहा है. हजारों हृदय रोग विशेषज्ञ भी इससे जुड़े हुए हैं. गूगल पर इसकी रेटिंग 4.1 है. इसमें दिल के साथ डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के बारे में भी जानकारी मिलती है. हिस्ट्री भी देख सकते हैं.

### Heart Rate Monitor




यह ऐप हृदय स्वास्थ्य को ट्रैक करने और स्वास्थ्य प्रगति को मॉनिटर करने के लिए उपयोगी हो सकता है. यह हार्ट रेट के साथ व्यायाम करते समय शरीर की स्थिति-तनाव की भी मॉनिटरिंग करता है. इसमें डेटा भी सुरक्षित रखने का विकल्प है जिसको बाद में अपने डॉक्टर के साथ भी साझा कर सकते हैं. इसमें डॉक्टर के साथ चैट की भी सुविधा है.




### Instant Heart Rate

इस ऐप को 2022 में बेस्ट हार्ट मॉनिटरिंग ऐप में शामिल किया गया था. यह हृदय स्वास्थ्य की निगरानी करने के लिए हार्ट रेट, बीपी व अन्य स्वास्थ्य मापदंडों को मॉनिटर करता है. साथ ही आहार और व्यायाम के बारे में भी अपडेट करता है. अगर आपने कम वॉक किया है तो अलर्ट भी देता है. इसमें हृदय से जुड़ी हर जानकारी रिकॉर्ड भी होती है.

## BRAIN जिम



1. किस देश के तट पर हाल ही मोतियों के लिए प्रसिद्ध चौथी सदी का एक खोया हुआ शहर खोजा गया है?
2. भारतीय सेना ने अपने पहले अपाचे स्क्वाड्रन की स्थापना कहां की है?
3. राजस्थान का वह जिला जो अंतर्राज्यीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों सीमा रेखाएं बनाता है?
4. भर्तृहरि की गुफा स्थित है-
5. चन्द्रशेखर आजाद की जन्मस्थली भाबरा किस राज्य में स्थित है?
6. महमूद गजनवी के साथ कौन भारत आया?
7. दिल्ली का सुल्तान, जिसे भारत में नहरों का सबसे बड़ा नेटवर्क बनाने के लिए जाना जाता है, वह था-
8. कोयले की खानों में प्राय: विस्फोट करने वाली गैस है-
9. सहारा मरुस्थल में बहने वाली गर्म स्थानीय पवन को कहते हैं-

उत्तर: 1. यूएई, 2. जोधपुर, 3. श्रीगंगानगर, 4. उज्जैन, 5. मध्य प्रदेश 6. अलबरूनी, 7. फिरोजशाह तुगलक, 8. मीथेन, 9. सिरोक्को

## SUNDAY सैंडविच

मिंटू -(पिंटू से) तू घोड़े के बराबर नहीं दौड़ सकता.
पिंटू - लेकिन घोड़ा दौड़कर भी मुझसे आगे नहीं जा सकता.
मिंटू - ऐसा हो ही नहीं सकता.
पिंटू - क्यों नहीं हो सकता? मैं घोड़े पर बैठा जो रहूंगा.


ग्राहक (दुकानदार से)- इस शीशे की क्या गारंटी है?
दुकानदार- आप इसको 100 वीं मंजिल से नीचे गिराओगे तो भी शीशा 99वीं मंजिल तक नहीं टूटेगा.
ग्राहक- वाह बहुत बढ़िया, पैक कर दो.

चिकू (मिकू से)-भाभी का क्या नाम है.
मिकू (चिकू से)- गूगल
चिकू- ये कैसा नाम है?
मिकू- सवाल एक करो जवाब सैकड़ों मिलते हैं.

## आपका ASTRO

### आज का पंचांग

- **तिथि - संवत**
- राष्ट्रीय मिति 7, शके 1946 , विक्रम संवत 2081, दक्षिणायन शरद ऋतु, आश्विन कृष्ण पक्ष द्वादशी 16:46,
- **ता. : 29 - 9 - 2024, रविवार**
- **सूर्य उदय** - 6:15, **सूर्य अस्त** - 6:09
- **सूर्योदय कालीन नक्षत्र** – मघा अहोरात्र, योग – साध्य 24:26, बाद में शुभ, करण- तैतिल 16:46, बाद में गरज 29:54,
- **शुभ दिवस** – आज का दिन मध्यम है
- **पर्व त्यौहार** – द्वादशी श्राद्ध, संन्यासियों का महालय श्राद्ध
- **ग्रह गोचर** : सूर्य - कन्या, चन्द्र - सिंह, मंगल - मिथुन, बुध – कन्या, गुरु – वृषभ, शुक्र - तुला, शनि - कुंभ, राहु - मीन, केतु – कन्या
- **राहु काल** - सायं 4:30 से 6:00 बजे तक
- **दिशा शूल** - पश्चिम एवं नैऋत्य
- **आराधना**- प्रातः सूर्य को अर्घ्य एवं आराधना
- **उपासना** - ऐश्वर्य प्राप्ति एवं रोग नाश हेतु उपवास एवं उपासना
- **खरीदी हेतु शुभ समय** - आज प्रातः से रात तक मघा नक्षत्र है जो खरीदी के लिए शुभ समय नहीं है
- **शुभ अंक** - 1, 2, 6
- **शुभ रंग** - सुनहरा एवं पीला




- **शुभ रत्न** - सूर्य के लिए माणिक्य
- **ग्रह पीड़ा हरण मंत्र -सूर्य ग्रह**
ग्रहाणां आदि आदित्यो लोक रक्षण कारकः।
विषम स्थान संभूतां पीड़ां हरतु मे रविः।
- **चौघड़िया मुहूर्त**
- **दिन** - प्रातः 6:00, चंचल- 7:30, लाभ - 9:00, अमृत - 10:30, काल - दोप.12:00, शुभ - 1:30, रोग - 3:00, उद्वेग - 4:30
- **रात**- शुभ- शाम 6:00, अमृत -रात 7:30, चंचल - 9:00, रोग - 10:30, काल - 12:00, लाभ - 1:30, उद्वेग - 3:00, शुभ - प्रातः 4:30
- **शुभ मुहूर्त** - शुभ, अमृत, लाभ,चंचल
- **अशुभ मुहूर्त** - रोग,काल
- **मध्यम मुहूर्त** - उद्वेग

### व्यापार भविष्य

आश्विन कृष्ण द्वादशी को मघा अहोरात्र नक्षत्र के प्रभाव से गुड़ खांड. रुई. सोना-चांदी. तांबा. सन धातु. हैसियन जीरा. धनियां. मिर्च. व किराने की वस्तुओं में नरमी होगी. सरसों. अरंडी. के तथा घी के भाव में तेजी होगी.

भाग्यांक 1409

### आज जन्मे शिशु का भविष्य

आज जन्म लिये बालक का फल- आज जन्म लिया बालक दुबला-पतला, लंबे कद का होगा. शिक्षा उत्तम होगी. विज्ञान पक्ष में सफलता प्राप्त करेगा. लेखन के कार्यों में रुचि रहेगी. आय के एक से अधिक साधन रहेंगे.

### आज जिनका जन्म दिन है

वर्ष के प्रारंभ में शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें. वर्ष के मध्य में सामाजिक कार्यों में सफलता मिलेगी. पद का लाभ प्राप्त होगा. व्यावसायिक मामलों में स्थिति सामान्य रहेगी. धार्मिक कार्यों में संलग्नता रहेगी. वर्ष के अंत में शत्रु कष्ट होगा, चिंता रहेगी किंतु निवारण भी होगा. व्यर्थ के वाद-विवाद एवं व्यय से बचने का प्रयास करें.

मेष और वृश्चिक राशि के व्यक्तियों को पद का लाभ प्राप्त होगा. सामाजिक कार्यों में संलग्नता रहेगी. वृष और तुला राशि के व्यक्तियों को शत्रु कष्ट होगा. कर्क राशि के व्यक्तियों को मांगलिक कार्यों में खर्च होगा. सिंह राशि के व्यक्तियों को उन्नति के योग है. मिथुन और कन्या राशि के व्यक्तियों का स्वास्थ्य उत्तम रहेगा.

## आज का भविष्यफल

ज्योतिषाचार्य पं.नारायणशंकर नाथूराम व्यास–कोतवाली बाजार, जबलपुर

**मेष** : राजकीय परेशानी रहेगी. नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी. भौतिक सुख-साधनों में वृद्धि होगी. नये अनुबंध पर विचार-विमर्श होगा.

**वृषभ** : मातृपक्ष की चिंता संभाव्य है. सिर नेत्र की पीड़ा हो सकती है. कार्यों में मनोवांछित सफलता मिलेगी. नियमितता का ध्यान रखकर कार्य करें.

**मिथुन** : सोचे हुए कार्य पूर्ण होने से खुशी होगी. नौकरी से संबंधित शुभ समाचार मिलेगा. किसी अतिथि आगमन का योग है. सत्संग की प्राप्ति का योग है.

**कर्क** : पारिवारिक विरोध का सामना करना पड़ सकता है. आत्मविश्वास में कमी आयेगी. धार्मिक कार्यों में यश एवं सम्मान प्राप्त होगा. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा.

**सिंह** : मित्रों का सहयोग मिलने से धन लाभ के अवसर बनेंगे. पारिवारिक जवाबदारी रहेगी. अचानक बने बनाये कार्य में व्यवधान होगा.

**कन्या** : भूमि-मकान से संबंधित कार्य बनेंगे. मनोबल बढ़ेगा. चौराग्नि का भय, पारिवारिक जीवन आनंदमय रहेगा. निकटस्थ अधिकारी का उल्लेखनीय सहयोग रहेगा.

**तुला** : भौतिक सुख-सुविधाओं की उपलब्धि होगी. मातृपक्ष की ओर से प्रसन्नता होगी. अज्ञात भय तथा चिंता रहेगी. अपरिचित व्यक्ति से मित्रता में सावधानी रखें.

**वृश्चिक** :यात्रा को टालने का प्रयास करें. घर में किसी से व्यर्थ विवाद होगा. शिक्षा के प्रति लगन और रुचि रहेगी. संतान के कार्यों में खर्च होगा.

**धनु** : वाहन धीरे चलायें, कष्ट, दुख, दुर्घटना का भय है. जोखिम, जमानत के कार्यों में न पड़ें. माता-पिता के सहयोग से आवश्यक जिम्मेदारी पूरी होगी.

**मकर** : व्यापार-व्यवसाय में जोखिम उठाने का साहस कर पायेंगे तो सफलता मिलेगी. आकस्मिक धन प्राप्त होगा. पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति होगी.

**कुंभ** : छोटे भाई-बहनों रिश्तेदारों से संबंध बढ़ेंगे. पारिवारिक खुशी मिलेगी. मित्रता उपयोगी रहेगी. नवीन योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा.

**मीन**: पारिवारिक कलह से मानसिक तनाव की स्थिति से जूझना पड़ सकता है. शारीरिक कष्ट हो सकता है. पद-प्रतिष्ठा बढ़ेगी. शुभ समाचार प्राप्त होने का योग है.

## BREAK TIME

### SUDOKU 6812

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं. इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है. आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 333 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो, इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

नवभारत सु-दोकु 6811

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

### CROSS WORD 11680

- डॉ. सागर खादीवाला




**बायें से दायें**
1 सांप के समान लंबी एक मछली 3. शांतिमय (उर्दू) 7. जाड़े के दिनों में ओढ़ने का एक प्रकार का रूई भरा वस्त्र (उर्दू ) 9. लीन, लिप्त 10 दीये के धुएँ की कालिख जो आँख में लगाई जाती है 11. नकल करके बनाया हुआ. बनावटी. 13. बिता हुआ, दशा, अवस्था 15. एक रोग जिसमें कोई अंग सुन्न या बेकार हो जाता है, फालिज 17. झपट कर या शीघ्रता से आगे बढ़ना, कोई वस्तु पाने के लिये हाथ आगे बढ़ाना 19. हिंदुओं के चार वर्णों में से दूसरा 22. समय, वक्त, मृत्यु 23. एक बालिश्त का दुधारा हथियार 24. अनुकृति, अनुकरण, कॉपी (उर्दू )

**ऊपर से नीचे**
1. छोटी लड़की, कन्या,बेटी (सं) 2. रुपये के लेन-देन का व्यवहार करने वाला श्रेष्ठ पुरुष 4. रक्षा करने वाला, पहरेदार 5. किसी वस्तु के टूटे-फूटे भाग को ठीक करना, जीर्णोद्धार (उर्दू) 6. झुका हुआ, विनीत 8. तख्ता, आकाश 12. निगलना 43. झरोखा (सं.) 14. पैरों में लगाने का अलता महावर (सं.) 16. पाजेब, नुपूर 18. नदी या समुद्र के किनारे की भूमि 20. भूत, वर्तमान और भविष्य 21. जंगल

**Solution 11679**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | ह | न | ना | | जी | व | न |
| र | | ह | रा | र | त | | जं |
| चू | न | र | | न | | क | र |
| न | ख | | क | वा | य | द | |
| | शि | ला | न्या | स | | ली | ख |
| सु | ख | द | | | भ | व | न |
| ल | | ना | | भ | या | न | क |
| ह | त्या | | प | ट | ना | | ना |

### CROSS WORD 5508



**ACROSS**
1. A spicy Mexican sauce, मैक्सिकन चटनी - 5
3. A nation composed of several hundred islands, एक राष्ट्र - 4
7. The largest island in the West Indies, पश्चिम इंडीज में सबसे बड़ा द्वीप - 4
8. Quiet, चुप -6
9. A theocratic islamic republic, एक इस्लामी देश - 4
11. The original sources of indigo, नील का स्रोत - 4
13. Made one, एक्जुट - 6
15. To prophesy, भविष्यद्वाणी - 4
16. An ocean trip, पाल - 4
17. A little bag, छोटे बैग -5

**DOWN**
1. Ready to fall, गिरने के लिए तैयार - 10
2. A republic between Tunisia and egypt, लीबिया - 5
4. Doing nothing, बेकर -4
5. A part of a published serial, किस्त - 10
6. A single thing, इकई -4
10. A republic in western South America, पेरू - 4
12. A constitutional monarchy in the Himalayas, नेपाल - 5
14. The basic unit of money in Peru, पेरू की मुद्रा - 4

**Solution 5507**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S | K | E | A | T | | B | U | N | K |
| | I | | | | | O | | O | |
| A | N | N | U | L | | S | | N | |
| | D | | | | | H | I | D | E |
| A | L | I | V | E | | | | U | |
| | I | | | | L | E | A | R | N |
| U | N | I | T | | | | | A | |
| | E | | I | | P | R | O | B | E |
| | S | | D | | | | | L | |
| E | S | P | Y | | B | E | T | E | L |

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट्स प्रा. लि. हेतु लेसी, नवभारत प्रेस लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचला श्रीनिवास द्वारा नवभारत भवन, प्लॉट नं. 13, सेक्टर-8, सानपाड़ा (पूर्व), नवी मुंबई- 400 705 से मुद्रित तथा 189-ए, आनंद कॉम्पलेक्स, एस.जी. मार्ग, चिंचपोकली, मुंबई - 400 011 से प्रकाशित. एडिटर इन चीफ- निमिष विनोद माहेश्वरी. कार्यकारी संपादक-संजय तिवारी. सहा. स्थानीय संपादक-ब्रजमोहन पांडेय* (पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) वर्ष 27 अंक 350. RNI Reg. No. 66960/96 To post without prepayment Regr. No. 29, Licence No. 6. मुंबई ■ फोन : 022-49642309 सानपाड़ा फोन : 022-46160894 दिल्ली : 011- 233 54 237/8. ■ E-Mail-mumbainbp@gmail.com (गोवा के लिए एयर सरचार्ज-1 रुपए)

# सिनर क्वार्टर फाइनल में

## दूसरे दौर में रोमन सफीउलिन को 3-6, 6-2, 6-3 से दी शिकस्त

■ **बीजिंग, एजेंसियां.** शीर्ष वरीय यानिक सिनर ने शनिवार को यहां चाइना ओपन के दूसरे दौर में रोमन सफीउलिन को 3-6, 6-2, 6-3 से शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. बीजिंग में जब सिनर कोर्ट पर थे तब विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने घोषणा की कि वह अमेरिकी ओपन चैंपियन के लिए एक से दो साल का प्रतिबंध लगाने की मांग कर रही है जिनकी मार्च में एनाबॉलिक स्टेरॉयड के लिए जांच दो बार पॉजिटिव आई थी. सिनर अब जिरी लेहेका से खेलेंगे जिन्होंने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत को 3-6, 6-2, 6-1 से हराया. शनिवार को इटली के फ्लावियो कैबोली ने पावेल कोटोव पर 6-4, 6-2 से




### सबालेंका ने मनंचया पर 6-4, 6-1 से जीत दर्ज की

1. महिलाओं के ड्रॉ में अमेरिकी ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका ने थाईलैंड की क्वालीफायर मनंचया सवांगकेव पर 6-4, 6-1 से जीत के साथ तीसरे दौर में प्रवेश किया. सबालेंका की भिड़ंत अमेरिका की एशलिन क्रुगर से होगी जिन्होंने न्यूजीलैंड की लुलु सन को 6-1, 7-6 (4) से हराया.
2. इटली की तीसरी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने पहले सेट में खराब प्रदर्शन से उबरते हुए डेनमार्क की क्लारा टॉसन को 1-6, 7-5, 6-4 से हराया.पाओलिनी पोलैंड की मैग्डा लिनेट से खेलेंगी जिन्होंने 31वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मोयुका उचिजिमा को 6-4, 4-6, 6-3 से मात दी.

### रूस की डारिया जीतीं

- रूस की नौवीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना ने क्रोएशिया की जना फेट को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी. उनका सामना अमांडा अनिसिमोवा से होगा जिन्होंने कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो को 1-6, 6-3, 6-4 से हराया.
- विंबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा को रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन ने 1-6, 6-4, 7-5 से पराजित किया.
- वहीं जापान ओपन में टॉमस मचैक ने पांचवीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल को 2-6, 6-3, 7-6 (4) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया.
- शीर्ष वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज, तीसरे वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड और चौथे वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास सभी पहले दौर में हार गए. इससे पहले दूसरे वरीयता प्राप्त ह्यूबर्ट हर्काज भी बाहर हो गए.




# नेपाल को 4-2 से हरा भारत फाइनल में पहुंचा

■ **थिंपू (भूटान), एजेंसियां.** भारत ने रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में शनिवार के यहां चेंगलिमिथांग स्टेडियम में नेपाल को 4-2 से हराकर 2024 सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई.पहला हाफ गोल रहित बराबर रहने के बाद भारत ने विशाल यादव (61वें और 68वें मिनट) के सात मिनट में दागे दो गोल की बदौलत 2-0 की बढ़त बनाई. सुभाष बाम ने 81वें मिनट में नेपाल की ओर से पहला गोल दागकर भारत की बढ़त को कम किया. ऋषि सिंह ने 85वें मिनट में भारत को 3-1 से आगे कर दिया लेकिन मोहम्मद कैफ (89वें मिनट) के आत्मघाती गोल से नेपाल स्कोर 2-3 करके मुकाबले में बना रहा. हेमनेईचुंग लुनकिन ने हालांकि इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में एक और गोल दागकर भारत की 4-2 से जीत सुनिश्चित की. सोमवार को होने वाले खिताबी मुकाबले में भारत की भिड़ंत पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगी.

# सूर्यकुमार करेंगे भारत की कप्तानी

## बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 श्रृंखला, मयंक को जगह

■ **दिल्ली, एजेंसियां.** सूर्यकुमार यादव को शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए भारत का कप्तान नियुक्त किया गया, जिसमें तेज गेंदबाज मयंक यादव की भी वापसी होगी. आईपीएल 2024 के दौरान चोट लगने के बाद यादव 30 अप्रैल से खेल से दूर हैं. भारत छह अक्टूबर को ग्वालियर में पहले मैच से श्रृंखला की शुरुआत करेगा. टीम में संजू सैमसन और जितेश शर्मा टीम में दो विकेटकीपर हैं.

**भारतीय टीम:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव.



# न्यूजीलैंड को क्लीनस्वीप करने के करीब श्रीलंका

■ **गॉल (श्रीलंका), एजेंसियां.** श्रीलंका शनिवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन दूसरी पारी में न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 199 रन करके जीत से पांच विकेट दूर है. श्रीलंका अगर जीत दर्ज करता है तो दो मैच की श्रृंखला में न्यूजीलैंड का सूपड़ा साफ करेगा और इस टीम के खिलाफ 15 साल में पहली टेस्ट श्रृंखला जीतेगा. फॉलोआन खेलने उतरे न्यूजीलैंड को पारी की हार टालने के लिए अब भी 315 रन की दरकार है. मैच के तीन दिन के भीतर खत्म होने की संभावना थी लेकिन खराब रोशनी के कारण अंपायरों ने 20 ओवर शेष रहते खेल को रोकने का फैसला किया.





# 5 खिलाड़ियों को रिटेन करने और एक आरटीएम की अनुमति

## आईपीएल की संचालन परिषद ने दी अनुमति

■ **बेंगलुरू, एजेंसियां.** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की संचालन परिषद ने शनिवार को फैसला किया कि 10 फ्रेंचाइजी को अपनी पिछली टीम से अधिकतम छह खिलाड़ियों को बरकरार रखने (रिटेन) करने की अनुमति होगी जिसमें नीलामी का एक 'राइट टू मैच' (आरटीएम) कार्ड भी शामिल होगा, जिसकी कीमत 120 करोड़ रुपये के बढ़े हुए टीम पर्स में से 75 करोड़ रुपये होगी. 2022 में आयोजित पिछली मेगा नीलामी में एक टीम को अधिकतम चार रिटेन करने की अनुमति थी. भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने लीग में खेलने के लिए चुने गए सभी खिलाड़ियों के लिए 7.50 लाख रुपये की निश्चित मैच फीस की भी घोषणा की जिसमें उन्हें अपने वेतन के अतिरिक्त 1.05 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी. फ्रेंचाइजी को अगले सत्र के लिए 'नीलामी कम रिटेनशन' की 120 करोड़ रुपये की राशि के अलावा 12.60 करोड़ रुपये का एक निश्चित राशि रखनी होगी.

# बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल धुला

■ **कानपुर, एजेंसियां.** भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन का खेल लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द कर दिया गया. सुबह हल्की बूंदाबांदी के बाद तेज बारिश शुरू हो गई जिससे ग्रीन पार्क स्टेडियम पर दूसरे दिन कोई खेल नहीं हो सका. मैदानकर्मियों ने 11.15 के आसपास बारिश रूकने पर तीन सुपर सोपर्स लगाये. रोशनी भी साफ नहीं थी लिहाजा सवा दो बजे आधिकारिक तौर पर खेल रद्द करना पड़ा.



# बांग्लादेशी प्रशंसक को उसके देश भेजा

■ **कानपुर, एजेंसियां.** बांग्लादेशी क्रिकेट प्रशंसक रबी-उल-इस्लाम उर्फ टाइगर रोबी के साथ कानपुर में दूसरे भारत-बांग्लादेश क्रिकेट टेस्ट मैच में भाग लेने के दौरान हुई कथित मारपीट के एक दिन बाद उसे शनिवार को उसके देश भेज दिया गया. अपर पुलिस उपायुक्त (स्थानीय खुफिया इकाई) राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि रोबी को पुलिस सुरक्षा के बीच चकेरी हवाई अड्डे पर ले जाया गया और पुलिस अधिकारी शनिवार को दिल्ली के लिए उसके विमान के उड़ान भरने तक वहां मौजूद रहे.

**पश्चिम रेलवे-अहमदाबाद**

**(सर्वेक्षण और निर्माण)**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सं. Dy CE-C-V-DSL-NLY-11 दि. 25.09.2024;** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उप मुख्य अभियंता (C) V अहमदाबाद निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते है: **(1) ई-निविदा सं. Dy CE-C-V-DSL-NLY-11. (2) कार्य का नाम:** पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल पर भुज-नालिया गेज परिवर्तन के संबंध में भुज-नालिया अनुभाग के बीच भूमि सीमा पोस्ट/पिलर का प्रावधान और टो/अर्थ रिटेनिंग वॉल का निर्माण, भुज स्टेशन पर एप्रोच रोड सहित सुरक्षा लोडिंग प्लेटफॉर्म, यात्री सुविधाओं सहित यात्री प्लेटफॉर्म का प्रावधान। **(3) अनुमानित लागत:** ₹ 39,07,59,604.82 **(4) बिड सिक्युरिटी:** ₹ 21,03,800 **(5) निविदा का प्रकार:** दो पेकेट सिस्टम **(6) समापन अवधि:** 4 माह **(7) बंद होने की तिथि एवं समय:** 17/10/2024 15.00 **(8) वेबसाइट का विवरण नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है और कार्यालय का पता: वेबसाइट: www.ireps.gov.in** उप मुख्य अभियंता (C) V पश्चिम रेलवे, अहमदाबाद 51

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly




# ओलंपिक खिलाड़ी होंगे सम्मानित

**मुंबई.** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की सदस्य नीता अंबानी 29 सितंबर को ओलंपिक और पैरालंपिक खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगी. रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन नीता के निमंत्रण पर ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में भाग लेने वाले करीब 140 एथलीट मुंबई में उनके आवास पर जुटेंगे.

**Maharashtra Tourism Development Corporation Ltd.,**
Mafatlal House, 1st Floor, H.T.Parekh Marg, 169, Backbay Reclamation, ChurchGate, Mumbai 400 020

**Corrigendum No. 2**

**Name of Work**

**Request For Proposal for Development / Upgradation, Operations & Maintenance of various Tourist Resorts / Open Land in Maharashtra on PPP basis.**

Further to E-Tender Notice published in the News Paper and Website (www.mahatenders.gov.in) for the above works, corrigendum is issued for revised schedule of the tendering process as following:

| Activity | Revised Date |
|---|---|
| Bid Due Date | 01-Oct-2024 up to 2 PM |
| Technical Bid Opening Date | 03-Oct-2024 up to 2 PM |

**All other terms and conditions remain unchanged.**
**Please note that this corrigendum shall form the part of contract agreement.**

Sd/-
Managing Director,
M.T.D.C. Ltd., Mumbai.

DGIPR 2024-25/3456

**मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

निविदा के लिए अनुरोध - एमआरविसी डब्ल्यू 202 ईएल जिएम एसटीएन आय एमपी आर2

**(एकल चरण दो-लिफाफा ई-प्रोक्योरमेंट टेंडरिंग प्रक्रिया)**

**मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लि., कॉर्पोरेट कार्यालय, दूसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन भवन, मुंबई-400020 द्वारा "मध्य रेलवे के घाटकोपर, भांडुप, मुलुंड, डोंबिवली, गुरुतेग बहादुर नगर, चेंबूर, गोवंडी और मानखुर्द में स्टेशनों के सुधार के संबंध में सामान्य सेवा विद्युत कार्य तीन (03) लॉट में" के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के विवरण तथा निविदा दस्तावेज ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। वेबसाइट https://eprocure.gov.in पर ई-टेंडर जमा करने की अंतिम तिथि 30.10.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक है। शुद्धिपत्र, यदि कोई है, केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जायेगा।**

**पश्चिम रेलवे-वडोदरा मंडल**

**इंजीनियरिंग विभाग**

**ई-निविदा सूचना संख्या: DYCE-BR-BRC-17-2024;** भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए उप मुख्य अभियंता (ब्रिज-लाइन), वडोदरा, पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-390004 निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते है: **क्र. सं. (1) निविदा संख्या: DYCE-BR-BRC-17-2024, कार्य का नाम:** "वडोदरा मंडल:- पश्चिम रेलवे के SSE BR BRC के अधिकार क्षेत्र में ब्रिज नं. ROB 8A, 452, 49 ADN के एक स्पान उपकरण का उपयोग करके वर्तमानित पुलों की स्थिति की निगरानी और मूल्यांकन।" **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 1,73,46,450.00/- **बोली सुरक्षा जमा कराना:** ₹ 2,36,700.00/- **निविदा जमा करने और निविदा खोलने की तिथि और समय:** निविदाएं दि. **25.10.2024** को 15.00 बजे से पहले जमा कराना है और उसी दिन 15.30 बजे खोली जाएगी। **वेबसाइट विवरण और सूचना बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण देख सकते हैं: वेबसाइट @ www.ireps.gov.in** उप मुख्य अभियंता (ब्रिज-लाइन) वडोदरा पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-390004

W.65/1/24/DE-NIT/PB/BRC/2023-24 187

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly




**TENDER NOTICE**

**Maharashtra Tourism Development Corporation Ltd**
Mafatlal House, 1st Floor, HT Parekh Marg, 169, Backbay Reclamation, Churchgate, Mumbai 400020

**E-Tender Notice No. MTDC/L&E/2024/PPP/297**

MTDC invites Request For Proposal (RFP) for resort development, upgradation, operations & maintenance for various properties on long term basis (no leasehold rights included on underlying land; as per policy approved by Hon'ble Chief Secretary-led High-Power Committee, Government of Maharashtra) by the Managing Director, Maharashtra Tourism Development Corporation Ltd from experienced hospitality developers and operators.

Tender documents can be downloaded from the Tender Portal www.mahatenders.gov.in from 26-Sep-2024, 6 PM. Pre-bid queries can be sent to landestate@maharashtratourism.gov.in. Pre- bid meeting will be held via video conference on 03-Oct-2024, 1 PM. All response to queries and corrigendum shall be uploaded on the Tender Portal. Last date for bid submission on the Tender Portal is 11-Oct-2024, 3 PM.

1. Complete bidding process will be online (e-tender) in two bid/cover system; all the notifications and detailed terms and conditions regarding this Tender Notice hereafter will be published online on www.mahatenders.gov.in
2. Tender Documents can be seen, downloaded and submitted on the portal
3. Bids must be accompanied with tender document fee and bid security which has to be paid electronically as mentioned in this tender
4. Bids will be opened online over video conferencing or, if possible, at the office of the Senior Manager, Land & Estate, MTDC, Mumbai
5. Bidder should submit information and scanned copies in PDF format for Technical Bid
6. Bidder should upload rate as per the prescribed Financial Bid BOQ excel format
7. Bidders should have valid Digital Signature Certificate (DSC) obtained from authorized certifying authorities
8. Managing Director, MTDC reserves the right to accept or reject any or all the bids without assigning any reason thereof
9. Tender for above mentioned scope has been finalized subject to approval of Competent Authority
10. Guidelines to download the tender documents and online submission of bids can be downloaded from the Tender Portal

---Sd---
Managing Director, MTDC Ltd, Mumbai
26-09-2024

DGIPR 2024-25/3543

**KOLHAPUR MUNICIPAL CORPORATION, KOLHAPUR**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**

**TENDER NOTICE NO. 65**

Online tenders through E-Tendering system are invited from contractors for Asphalting of roads with pavers, development of Dharmveer Chhatrapati Sambhaji Maharaj chowk, installation of water fountains with electric lighting and sound system, development of gardens, sitting arrangement in gardens, development of wrestling complex, installation of wet and dry garbage collectors, improvement of roads at various places in Kolhapur City. The detailed tender notice can be downloaded from the e-tendering website www.mahatenders.gov.in. Date of tender submission from 28/09/2024 09.30 AM to 05/10/2024 at 3.30 PM. Prebid Meeting (work of above 1.50 cr estimate amount) will be on 30/09/2024 11.30 AM. Tender Opening Date 07/10/2024 at 9.30 am. Date 27/09/2024.

**Sd/-**
**City Engineer**
**Kolhapur Municipal Corporation**

**पश्चिम रेलवे – भावनगर मण्डल**

**विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य**

**सं. W/118/NIT/E-Tender/2024-25/WA/22 दिनांक: 23/09/2024. ई-निविदा सं. 107-2024-25 से 113-2024-25-R.** मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम रेलवे, भावनगर परा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | निविदा मूल्य (₹) | ईएमडी (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 107/ 2024-25 | ढसा:- PRCL लाइन में अतिक्रमण रोकने के लिए कि.मी. 20/3-4 अंतर्गत ब्रिज नं. 17 के जलमार्ग में वृद्धि एवं ट्रैक सुरक्षा कार्य। | 7,91,76,629.40 | 5,45,900.00 |
| 02 | 108/ 2024-25 -R | LHS नं. 44/B (पुराना LC नंबर 35) - IIT गांधीनगर द्वारा अनुशंसित अनुसार पानी के रिसाव और सेल ट्रैफिक की आवाजाही को रोकने के लिए LHS की मरम्मत। | 8,62,260.28 | 17,300.00 |
| 03 | 109/ 2024-25 | भावनगर मण्डल : PRCL लाइन में सुरेंद्रनगर-धोला के बीच कि.मी. 10/2-3 अंतर्गत समपार सं. 111 पर LHS का निर्माण। | 6,30,12,654.39 | 4,65,100.00 |
| 04 | 110/ 2024-25 | मालिया हटिना: स्टेशन पर लिफ्ट वेल के प्रावधान के साथ FOB का निर्माण। | 3,66,87,140.83 | 3,33,400.00 |
| 05 | 111/ 2024-25 -R | वेरावल और पोरबंदर में 02 स्टेशनों पर डॉग केनल का निर्माण। | 89,91,168.27 | 1,79,800.00 |
| 06 | 112/ 2024-25 -R | समूह कार्य:- (1) ADEN - जूनागढ़ उप मण्डल - जेतलसर-सोमनाथ अनुभाग पर चेक रेल्स और लेवल क्रॉसिंग स्लीपरों का प्रावधान और प्रतिस्थापन। (2) ADEN - जूनागढ़ उप मण्डल: जेतलसर-सोमनाथ अनुभाग पर 4 डिग्री से अधिक मोड़ पर स्लैक गेज स्लीपर प्रदान करना। | 76,57,275.25 | 1,53,200.00 |
| 07 | 113/ 2024-25 -R | भावनगर मण्डल : पुराने टाइप-II और टाइप-III क्वार्टरों की छत, AC शीट 2 का प्रतिस्थापन। | 2,13,41,100.08 | 2,56,700.00 |

**उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए: बिडींग प्रारंभ की तिथि: दि. 01/10/2024. बिडींग समापन की तिथि: दि. 15/10/2024. एनआईटी रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 23/09/2024. को अपलोड की गई है।** 103

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फोलो करें: twitter.com/WesternRly

# लव जिहाद पर मचा बवाल

## देहरादून में पथराव के बाद लाठीचार्ज, 150 पर FIR

■ **देहरादून,** एजेंसियां. उत्तराखंड के देहरादून में रेलवे स्टेशन पर 2 समुदायों के बीच हुए बवाल के बाद तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है. इस मामले की शुरुआत तब हुई जब एक समुदाय विशेष की किशोरी अपने प्रेमी से मिलने देहरादून आई, जिसके बाद रेलवे स्टेशन पर दोनों समुदायों के लोग आमने-सामने आ गए. वहीं मामला बिगड़ने पर स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा. पुलिस ने इस मामले में विकास वर्मा सहित 30 से 35 नामजद और 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है. इस घटना के बाद पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके. वहीं किशोरी को जीआरपी और उसके प्रेमी को आरपीएफ ने अपनी सुरक्षा में रखा है.

बदायूं निवासी किशोरी अपने प्रेमी से मिलने के लिए देहरादून आई थी. वह रेलवे स्टेशन पर पहुंची. प्रेमी भी बदायूं का ही निवासी है और सेलाकुई में काम करता है. किशोरी के स्टेशन पहुंचने की जानकारी दोनों समुदायों के लोगों को मिल गई, जिसके बाद तनाव की स्थिति बन गई. एक समुदाय के लोग पहले स्टेशन पर पहुंचे और कुछ ही देर में दूसरे समुदाय के लोग भी बड़ी संख्या में स्टेशन पर इकट्ठे हो गए. तनाव बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच झड़प शुरू हो गई. एक समुदाय के कुछ लोगों ने पथराव कर दिया, जिससे स्थिति और बिगड़ गई. रेलवे स्टेशन के बाहर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और पुलिस की गाड़ी समेत कई अन्य वाहन क्षतिग्रस्त हो गए. इस पथराव में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कई अन्य लोग भी चोटिल हुए हैं.



### पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया


पुलिस ने भारी संख्या में बल तैनात कर स्थिति को काबू में किया. पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया और कई लोगों को हिरासत में लिया। रेलवे स्टेशन परिसर में पुलिस बल अभी भी तैनात है और इलाके में भारी तनाव बना हुआ है. पुलिस ने हिंदूवादी संगठन के एक नेता को भी हिरासत में लिया है जिसके बाद तनाव और बढ़ गया. इसके विरोध में पलटन बाजार के व्यापारियों ने बाजार बंद कर दिया और घंटाघर पर हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया.


### तनावपूर्ण माहौल

- इस घटना के बाद से देहरादून के पलटन बाजार इलाके में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है.
- व्यापारियों ने विरोध में बाजार बंद कर दिया, जबकि पुलिस ने स्थिति पर नजर रखने के लिए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया.
- पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास कर रहे हैं.
- पुलिस को आता देख उपद्रवियों ने उस पर पथराव कर दिया, जिसमें कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए.

# CM बाद में, सरकार पहले

■ **सोलापुर.** सोलापुर से कांग्रेस सांसद प्रणीति शिंदे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रति वफादार एक कार्यकर्ता सोलापुर शहर सीट से चुनाव लड़ेगा. मविआ में चर्चा के बाद इस पर फैसला होगा. प्रणीति शिंदे के लोकसभा में चले जाने से सोलापुर सिटी मध्य विधानसभा क्षेत्र खाली हो गया है. कुछ ही दिनों में विधानसभा चुनाव होने हैं. जब उनसे पूछा गया कि क्या इस बार किसी महिला के मुख्यमंत्री बनने की संभावना है? तो उन्होंने कहा कि हमारे देश के किसी भी राज्य में महिला मुख्यमंत्री होना खुशी और गर्व की बात है.






### जिनपिंग की आलोचना के बाद से लापता

# महीनों से चीन के शीर्ष अर्थशास्त्री हैं गायब

■ **बीजिंग,** एजेंसियां. चीन में सरकारी थिंकटैंक के एक टॉप इकोनॉमिस्ट पिछले कई महीनों से गायब हैं. उन्होंने कथित तौर पर एक निजी ऑनलाइन चैट ग्रुप में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की आलोचना की थी. चीन में एक सरकारी थिंकटैंक के एक टॉप इकोनॉमिस्ट पिछले कई महीनों से गायब हैं. उन्होंने कथित तौर पर एक निजी ऑनलाइन चैट ग्रुप में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की आलोचना की थी. झू हेंगपेंग ने कथित तौर पर एक प्राइवेट वीचैट ग्रुप में चीन की इकोनॉमी और चीनी राष्ट्रपति के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी. वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अज्ञात स्रोतों के हवाले से बताया कि अप्रैल में उन्हें हिरासत में लिया गया और जांच के दायरे में रखा गया. वो इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक्स के डिप्टी डायरेक्टर और पब्लिक पॉलिसी रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर रह चुके हैं. झू ने अप्रैल में चीनी मीडिया आउटलेट कैक्सिन के एक कार्यक्रम को संबोधित किया था. इसके बाद से उन्हें सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है. सिंघुआ विश्वविद्यालय में उनके काम से संबंधित वेबसाइट भी ऑफलाइन कर दी गई. वॉल स्ट्रीट जर्नल द्वारा उनसे घर पर संपर्क करने के प्रयास कथित तौर पर असफल रहे. कैस में झू के पद से हटने के बाद संस्थान के वरिष्ठ पदों पर बदलाव हुआ, निदेशक और सचिव को भी उनके पदों से हटा दिया गया.



# अमेरिका में तूफान, 44 की मौत



**अमेरिका.** अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र और फ्लोरिडा में तूफान के कारण आई बाढ़ और इससे जुड़ी घटनाओं में दर्जनों लोगों की मौत हो गई है. तूफान ने क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई है. इससे कई पेड़ उखड़ गए और कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं. तूफान के कारण फ्लोरिडा, जॉर्जिया, उत्तरी कैरोलाइना, दक्षिण कैरोलाइना और वर्जीनिया में शनिवार तक कम से कम 44 लोग मारे गए. दक्षिणी जॉर्जिया के कुछ अस्पतालों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है.


















मुंबई नवभारत प्लस

आईबी इनपुट से हुआ खुलासा

एटीएस, एनआईए और मुंबई पुलिस अलर्ट मोड पर



# आतंकी हमले का मंडराया खतरा

## ड्रोन या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से हमले की साजिश

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. आगामी नवरात्र के त्यौहार से पहले मुंबई महानगर पर आतंकी हमले के इनपुट्स से पुलिस अलर्ट हो गई है. नवरात्र के दौरान डांडिया और गरबा का बड़े पैमाने पर आयोजन किया जाता है. जिसमें भारी भीड़ इकठ्ठा होती है. 3 अक्टूबर से शुरू होने वाले इस त्योहार पर आतंकी साया पड़ने से मुंबई पुलिस की चुनौती बढ़ गई है. देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को एक बार फिर से इसी मौके पर दहलाने की साजिश के इनपुट भारतीय सुरक्षा एजेंसी को मिले हैं. महाराष्ट्र एटीएस, केन्द्रीय एजेंसी एनआईए इंटेलिजेंस इनपुट के बाद अलर्ट हो गए हैं. महत्वपूर्ण है कि आने वाले दिनों में नवरात्र के बाद दीपावली त्यौहार के बाद महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव भी होने आने वाला है. ऐसे में संदिग्ध आतंकी भीड़भाड़ का फायदा उठाकर आतंकी हमले को अंजाम दे सकते हैं. इस इनपुट के बाद मुंबई के सभी पुलिस स्टेशन में दिशा निर्देश जारी कर दिया गया है. बड़े छोटे मंदिर, भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष एहतियात बरती जा रही है.मुंबई पुलिस ने धार्मिक स्थलों खास कर मंदिर के बाहर एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है.



### लोगों से पुलिस की अपील

*अगर उन्हें कोई भी संदिग्ध वस्तु कहीं भी दिखाई दे तो वो उसकी सूचना बिन देरी किए नजदीकी पुलिस स्टेशन को दें. सुरक्षा के मद्देनज़र आतंकवाद निरोधक बल को भी सक्रिय कर दिया गया है. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम 1951 की धारा 10 उपधारा (2) के तहत एक आदेश जारी किया गया है. कोई भी व्यक्ति छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास आसमान में पैराग्लाइडर, गुब्बारे, पटाखे नहीं छोड़ेगा. कोई भी व्यक्ति विमान की लैंडिंग, टेक ऑफ और उड़ान संचालन में बाधा डालने के इरादे से इस तरह की गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है तो उस पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी.*

*– **अकबर पठान,** डिप्टी कमिश्नर (संचालन), मुंबई पुलिस*

### इलेक्ट्रॉनिक चीजों के इस्तेमाल पर रोक

मुंबई शहर हमेशा से ही आतंकियों का पहला टारगेट बनती आ रही है. मिली जानकारी के अनुसार आतंकी धार्मिक स्थलों, धार्मिक कार्यक्रम, रैली और भीड़ भाड़ वाली जगहों को अपना टारगेट बना सकते हैं. मगर बदलते दौर के साथ इस बार आतंकी हमले की तैयारी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के जरिए की जा सकती है. आइसिस के पुणे और खुरासान मॉड्यूल की तफ्तीश के दौरान भी संदिग्ध आतंकियों की तैयारी का खुलासा एटीएस और एनआईए द्वारा किया गया था.जिसमे आतंकी ड्रोन उड़ाने और उसमे आईईडी लगाकर ब्लास्ट करने की तैयारी कर रहे थे. जिसकी वजह से ड्रोन कैमरा,रिमोट कंट्रोल, माइक्रो लाइट, एयरक्राफ्ट या पैराग्लाइडर पर बैन लगा दिया गया है.

### लीक से हटकर है तैयारी


दरअसल आइसिस और दूसरे आतंकी संगठन के दुनिया में हाल में हुए आतंकी हमलों से सीख लेते हुए भारतीय सुरक्षा एजेंसी नेक्स्ट लेवल पर जाकर अपनी सुरक्षा तैयारियों को लेकर आगे बढ़ रही हैं. जिसमे ए.आई. की मदद भी शामिल हैं. जांच एजेंसी फेस रिकग्निशन सॉफ्टवेयर की मदद से भारत और दुनिया के किसी भी बड़े संदिग्ध की न सिर्फ़ पहचान की जा सकती है. बल्कि अगर उनकी मुंबई में उपस्थिति हुई तो समय से पहले उसे चिन्हित कर किसी साजिश को ख़त्म भी किया जा सकता है.



### मुंबई के होटल और गेस्ट हाउस में रहने वालों पर कड़ी नजर

पुलिस ने शहर और एमएमआर में आने वाले सभी होटल, धर्मशाला, किराये के मकान में रहने वाले लोगों पर नज़र रखने के निर्देश दिए हैं. सभी नए लोगों का पुलिस वेरिफिकेशन के साथ उनकी जानकारी लोकल पुलिस को साझा करने को कहा गया है. खास कर विदेश के किसी नागरिक को अगर औद्योगिक गाला किराये पर दिया गया है. उस पर उनकी गतिविधियों पर खास नज़र रखने को कहा गया है. इलाके में किसी अज्ञात व्यक्ति के दिखने और उसकी संदेहास्पद गतिविधि की जानकारी तुरंत साझा करने की हिदायत भी दी गई है.

## महंगाई व बेरोजगारी पर भी बोलें मोदी, पवार ने रगड़ा नमक



**मुंबई.** राकां (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार ने कहा है कि पीएम नरेन्द्र मोदी अपने चुनावी भाषणों में सिर्फ गांधी परिवार पर निशाना साध रहे हैं. उन्होंने कहा कि हमें ख़ुशी होती अगर मोदी, देश में बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी पर कुछ बोलते तो इसकी सराहना होती. लेकिन उनके निशाने पर सिर्फ गांधी परिवार है. उन्होंने कहा कि देश के प्रथम पीएम जवाहरलाल नेहरू 14 वर्ष तक जेल में रहे. इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने भी देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी.

### बदल रही है अब तस्वीर

इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश बनाकर पाकिस्तान को सबक सिखाया. राजीव गांधी ने देश को आधुनिक बनाने के लिए कई काम किए. ऐसे में प्रधानमंत्री द्वारा गांधी परिवार के योगदान पर सवाल खड़ा करना सही नहीं है. पवार ने यह बात पुणे जिले के वडगांव शेरी विधानसभा क्षेत्र में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा. 5 साल पहले महाराष्ट्र लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 48 में से एक सीट और राकां को 4 सीटें मिली थीं. पर 2024 के लोस चुनाव में कांग्रेस को 13 व राकां को 8 सीटों पर सफलता मिली है. हम विधानसभा चुनाव में भी बड़ा बदलाव लाएंगे. केंद्र 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का संकल्प लेकर आया, पर कैबिनेट में प्रस्ताव पारित होने के तुरंत बाद, जम्मू-कश्मीर व हरियाणा के चुनावों को महाराष्ट्र चुनाव से अलग घोषित कर दिया गया.

## सीनेट की जीत से ठाकरे को संजीवनी

GKJ

मातोश्री पर मना जश्न



■ **मुंबई (सं).** महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मुंबई यूनिवर्सिटी के 10 सीनेट सीटों पर मिली दमदार जीत से पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे को संजीवनी मिली है. इस चुनाव में उद्धव की युवा सेना ने बीजेपी के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ( एबीवीपी ) को सभी सीटों पर जबरदस्त मात दी है. इससे युवा सेना के अध्यक्ष आदित्य ठाकरे समेत उनकी टीम के हौसले काफी बुलंद हैं. मुंबई यूनिवर्सिटी के सीनेट चुनाव के नतीजे शुक्रवार को घोषित कर दिए गए. इस चुनाव में 10 सीटों पर कुल 28 उम्मीदवार खड़े हुए थे. इसमें युवा सेना और एबीवीपी ने सभी दस सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे. युवा सेना ने आरक्षित वर्ग की 5 सीटों सहित सभी 10 सीटों पर धमाकेदार जीत दर्ज की है. जबकि बीजेपी से एबीवीपी समेत अन्य सभी संगठनों का सूपड़ा साफ हो गया है.

### बंपर जीत से बढ़ा हौसला

- शनिवार को युवा सेना के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उद्धव ठाकरे के निवास मातोश्री पर सीनेट जीत का जश्न मनाया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक -दूसरे के चेहरे पर जीत का गुलाल लगाएं और ढोल नगाड़ों की थाप पर झूमें.
- युवा सेना के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने आदित्य ठाकरे को कन्धों पर उठा कर जीत के नारे लगाए.इस जीत में युवा सेना के सचिव वरुण सरदेसाई की भी बड़ी भूमिका है.
- इस मौके पर आदित्य ठाकरे ने बीजेपी पर कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि सीनेट चुनाव में मिली जीत तो सिर्फ ट्रेलर है. अब महाराष्ट्र विधानसभा में पूरी पिक्चर दिखेगी.

### यह वोट खरीदे नहीं जा सकते हैं

उन्होंने कहा कि मुंबई यूनिवर्सिटी के सीनेट चुनाव के लिए मतदान केवल मुंबई में ही नहीं हुआ, बल्कि ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिले में भी मतदान हुआ और यह जीत उनकी पार्टी के प्रभाव को दर्शाती है. वर्ली से विधायक ने कहा कि यह जीत स्नातकों द्वारा महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के प्रति जताए गए विश्वास को दर्शाती है. उद्धव बालासाहेब ठाकरे ( यूबीटी ) के प्रवक्ता संजय राउत ने कहा कि यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस चुनाव में शिक्षित मतदाताओं ने वोट किया है और उनके वोट ख़रीदे नही जा सकते हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि एबीवीपी, बीजेपी और सीएम शिंदे के लोग वोट खरीदने में यकीन करते हैं, लेकिन सीनेट चुनाव में उन्हें मुंह की खानी पड़ी है .

### ईवीएम पर साधा निशाना

राउत ने ईवीएम पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि सीनेट चुनाव बैलेट पेपर पर होती है. इसलिए वहां कोई छेड़छाड़ भी नहीं हो सकती. उन्होंने कहा कि इसी तरह बाकी के चुनाव कराए जाएंगे तो बीजेपी का सूपड़ा साफ़ हो जाएगा.

## QUICK NEWS

### सरकारी अस्पतालों में अब बढ़े मरीज

**मुंबई.** राज्य सरकार की ओर से मुफ्त इलाज की योजना लागू किए जाने के बाद से सूबे में 13 करोड़ से अधिक मरीजों ने योजना का लाभ उठाया है. सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में राज्य में 19 जिला अस्पताल, 364 ग्रामीण अस्पताल, 95 उपजिला अस्पताल, आठ सामान्य अस्पताल, 20 महिला अस्पताल, पांच टीबी अस्पताल, पांच मनोरोग अस्पताल, 1913 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और लगभग 18 हजार उप-केंद्र जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त इलाज प्रदान कर रहे हैं. महाराष्ट्र में जब से राज्य स्वास्थ्य विभाग ने सभी को मुफ्त इलाज देने का फैसला किया है, तब से बड़ी संख्या में मरीज स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में इलाज के लिए आने लगे हैं.



**13 करोड़ से अधिक मरीजों को मिला योजना का लाभ**

## लोकसभा अध्यक्ष बिरला शुरू करेंगे 'हर घर दुर्गा' अभियान

### कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा का ऐलान



■ **मुंबई (सं).** महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने त्योहारों को माध्यम बना कर लोगों को बढ़ते अपराधों के प्रति जागरूक बनाने की योजना बनाई है. इसी योजना के तहत सरकार 3 अक्टूबर से शुरू हो रहे नवरात्रि के त्योहार के मौके पर 'हर घर दुर्गा' अभियान शुरू करने जा रही है. कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, सोमवार (30 सितंबर) को इस अभियान की शुरुआत करेंगे. यह कार्यक्रम कुर्ला के सरकारी औद्योगिक संस्थान में आयोजित किया जाएगा और इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के अलावा फिल्म 'केरल स्टोरीज' की एक्ट्रेस अदा शर्मा भी मौजूद रहेंगी.

### प्रशिक्षकों की नियुक्ति होगी

- मंत्री लोढ़ा ने कहा कि देवी दुर्गा शक्ति का प्रतीक, दुष्ट प्रवृत्तियों का नाश करने वाली हैं. हर घर में दुर्गा हो और समाज के हत्यारों को सबक सिखाया जाए, इसी उद्देश्य से 'हर घर दुर्गा' अभियान शुरू किया जा रहा है.
- इस अभियान के माध्यम से प्रदेश के सरकारी औद्योगिक संस्थानों में युवतियों को नि:शुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जायेगा. यह प्रशिक्षण पूरे वर्ष सरकारी औद्योगिक संस्थानों में प्रति घंटे के प्रारूप में सप्ताह में 2 से 3 बार आयोजित किया जाएगा.
- सरकारी औद्योगिक संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अलावा अन्य महिलाएं भी इसमें भाग ले सकती हैं. इस अभियान के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी.

अंगड़िया जबरन वसूली मामला : HC ने राज्य सरकार से पूछे सवाल

## IPS त्रिपाठी के खिलाफ सबूत हैं?

■ **मुंबई (सं).** बॉम्बे हाई कोर्ट ने पुलिस प्रशासन से पूछा है कि क्या आईपीएस अधिकारी सौरभ त्रिपाठी और उनके सेल आशुतोष मिश्रा जो की यूपी सरकार में सेल्स टैक्स अधिकारी है. के खिलाफ कथित जबरन वसूली के संबंध में कोई सबूत है. अदालत ने पुलिस विभाग को अपना रुख स्पष्ट करने का भी आदेश दिया है. इससे पहले अंगड़िया कथित जबरन वसूली मामले में दर्ज मामले में त्रिपाठी का नाम नहीं था, उन्हें अग्रिम जमानत भी दी गई थी. आरोप सिर्फ इतना है कि उन्होंने मामले का ठीक से पर्यवेक्षण नहीं किया. वहीं त्रिपाठी की ओर से संजीव कदम ने दावा किया कि इस मामले में अभी तक आरोप पत्र दाखिल नहीं किया गया है.



**क्या बात है :** दिसंबर 2021 को अंगाड़िया एसोसिएशन ने तत्कालीन मुंबई पुलिस कमिश्नर हेमंत नगराले पर आरोप लगाया कि डीसीपी त्रिपाठी ने कारोबार को सुचारू रूप से चालू रखने के लिए प्रति माह 10 लाख रुपये की मांग की थी. नगराले ने आरोपों की जांच के लिए दक्षिण डिवीजन के अतिरिक्त आयुक्त दिलीप सावंत को नियुक्त किया है. जोन 2 के पुलिस इंस्पेक्टर ओम वांगटे, एपीआई नितिन कदम और पीएसआई साधन जमदादे से पूछताछ की गई.

## लोक अदालत: 4.50 करोड़ का मुआवजा

### 30 करोड़ का मांगा था मुआवजा

**मुंबई.** ठाणे जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत ने 2022 में सड़क दुर्घटना में मारे गए एक व्यक्ति के परिजनों को 4.50 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का आदेश देकर बीमा से संबंधित दावे का निपटारा कर दिया. पंकज रमेश शेडगे अमेरिका के कैलिफोर्निया के इरविन में स्थित एक आईटी कंपनी के वरिष्ठ कर्मचारी थे और उनका वार्षिक वेतन 110,000 अमेरिकी डॉलर था. शेगडे नौ दिसंबर 2022 को पनवेल-मुंब्रा रोड पर अपने स्कूटर से जा रहे थे तभी एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे उनकी मृत्यु हो गई. परिवार ने बीमा कंपनी से 30 करोड़ रुपये का मुआवजा मांगा था. परिवार को हुई भावनात्मक और वित्तीय नुकसान पर जोर दिया.

## जालना के बीमार बुजुर्ग को परिजनों से मिलाया गया

■ **मुंबई (सं).** मुंबई की यात्रा के दौरान जुलाई के महीने में रास्ता भटकने के बाद जालना के 73 वर्षीय व्यक्ति को उनके परिजनों से फिर से मिला दिया गया. बुजुर्ग भूलने की बीमारी और पक्षाघात से पीड़ित हैं. संविता आश्रम के संस्थापक संदीप परब ने बताया कि 21 जुलाई को मुंबई से जालना के लिए रवाना होने के बाद वह रास्ता भटक गये थे, जिसके बाद उन्हें सिंधुदुर्ग के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया. अधिकारियों ने हमसे संपर्क किया, जिसके बाद हमारी टीम वहां पहुंची. बुजुर्ग की पहचान जालना के आष्टी के रहने वाले चांदखान पठान के रूप में हुई.

ठाणे पुलिस ने बाम्बे हाई कोर्ट में अब किया दावा

## शिंदे को दफनाने के लिए ढूंढेंगे जगह

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. ठाणे पुलिस ने बॉम्बे हाई कोर्ट में बताया कि वो सोमवार से पहले अक्षय शिंदे के लिए एक दफन स्थल ढूंढेगी. क्योंकि पुलिस गोलीबारी में मारे गए अक्षय शिंदे के परिवार वालों को उसके शव के लिए कहीं दफ़न करने की अनुमति नहीं मिल रही है. लोगों के भारी विरोध के बाद शिंदे के परिजन ने बाम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. हाई कोर्ट के निर्देश के बाद ठाणे पुलिस ने शुक्रवार को बॉम्बे हाई कोर्ट को सूचित किया कि वे शिंदे को दफनाने के लिए एक एकांत जगह ढूंढेंगे. जबकि दूसरी तरफ़ अक्षय शिंदे के तथाकथित फर्जी एनकाउंटर मामले के लिए गठित सीआईडी की टीम ने मौकाए वारदात पर क्राइम सीन रीक्रिएशन किया है.

### सीआईडी ने किया सीन रीक्रिएशन



शिंदे के एनकाउंटर पर गठित सीआईडी ने शिंदे के तलोजा जेल से बाहर निकालने के समय 5 बजे से लेकर उस वारदात की जगह जहाँ एनकाउंटर तकरीबन 6 बजे से लेकर सवा 6 बजे के बीच हुआ था. उस पुरी वारदात के क्राइम सीन का रीक्रिएशन किया गया. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसके साथ ही सीआईडी की टीम शिंदे की सुरक्षा में तैनात सभी पुलिस वालों के सीडीआर को भी खंगाल रही है. जिससे पूरे मामले की सच्चाई का पता लगाया जा सके. हालांकि मृतक के पिता ने आरोप लगाया है कि शिंदे पर बहुत ही करीब से गोली मारकर हत्या की गई थी. जिसकी सच्चाई जांच के बाद ही सामने आ सकेगी.

### अक्षय शिंदे के शव को दफ़नाने का हो रहा विरोध

बदलापुर के कई निवासियों ने शिंदे के दफ़नाने का इसका विरोध किया. जिससे पुलिस को कानून और व्यवस्था बिगड़ने का डर लगने लगा था.इसके बाद पुलिस ने पास के अंबरनाथ और कल्याण में दफनाने की जगह की तलाश करनी शुरू की. लेकिन उन इलाकों के निवासियों ने भी इस कदम का विरोध किया. हालांकि अंबरनाथ नगर परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. प्रशांत रसल ने कहा कि उन्हें दफनाने के लिए जगह देने के लिए अभी तक किसी भी प्राधिकरण से कोई आदेश नहीं मिला है.

## चित्रकार | रहें सावधान...



मुंबई पर आंतकी हमले का साया, मुंबई पुलिस का सहयोग करने के लिए महिला चित्रकार अपने चित्र के जरिए मुंबईकरों को सावधान करते हुए.

## महिलाओं के लिए यूरोलॉजी विभाग

■ **मुंबई (सं).** महिलाओं में गर्भाशय, मूत्राशय की परेशानी और अचानक पेशाब आने जैसी समस्याओं के इलाज के लिए कामा अस्पताल में एक अत्याधुनिक विशेष यूरोलॉजी विभाग शुरू किया जाएगा. ठाणे, कल्याण, भिवंडी, पालघर, रायगढ़ से आने वाली महिलाओं को कामा अस्पताल में बेहतर इलाज कराने में मदद मिलेगी. अगले कुछ दिनों में इस विभाग का उद्घाटन किया जाएगा. आवश्यक सभी नवीनतम सुविधाएं टाटा ट्रस्ट के माध्यम से उपलब्ध कराई गई हैं. सरकारी अस्पताल में यह पहला विभाग है, जो पूरी तरह



सुसज्जित और आधुनिक है. इस विभाग में मरीजों की जांच के लिए अलग-अलग कक्ष बनाए गए हैं. इस कक्ष में महिलाओं की विभिन्न बीमारियों जैसे गर्भाशय का बाहर निकलना, मूत्राशय का बाहर निकलना, बार-पार पेशाब आने जैसी बीमारियों का इलाज किया जाएगा.

## हवाई अड्डे पर वन्यजीव तस्करी नाकाम, 2 गिरफ्तार

■ **मुंबई (सं).** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग की एयर इंटेलिजेंस यूनिट को बड़ी सफलता मिली है. टीम ने कथित वन्यजीव तस्करी रैकेट के सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है. अधिकारियों ने मोहम्मद रेहान मदनी अजमेरी और हमजा यूसुफ मंसूरी के रूप में पहचाने गए आरोपियों के लिए 14 दिन की न्यायिक हिरासत की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया है.27 सितंबर को बैंकॉक से विस्तारा फ्लाइट यूके 124 में आए अजमेरी को नियमित कस्टम जांच के दौरान



एपीआईएस प्रोफाइलिंग के आधार पर रोका गया था. शुरुआत में तलाशी के दौरान उनके पास कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, हालांकि, उनके सामान की जांच करने पर, एआईयू अधिकारियों ने उनके ट्रॉली बैग के अंदर सर्जिकल मास्क बॉक्स के अंदर छिपे दो जीवित सरीसृप पाए गए.

**प्रोजेक्ट** | MMRDA ने दी 8498 करोड़ रुपए की मंजूरी, लोगों का बढ़ेगा स्टैण्डर्ड ऑफ़ लिविंग

## स्पीड में होगा रमाबाई-कामराज का रिडेवलपमेंट

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. रमाबाई नगर और कामराज नगर के पुनर्विकास प्रोजेक्ट को अब गति मिलने वाली है. क्योंकि मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने इस प्रोजेक्ट के लिए 8498 करोड़ रुपए की मंजूरी दे दी है. यह मंजूरी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई 158वीं प्राधिकरण की बैठक में दी गई है. बता दें कि इस प्रोजेक्ट से उन एरिया में रहने वाले लोगों का स्टैण्डर्ड ऑफ़ लिविंग बढ़ेगा. क्योंकि इस महत्वाकांक्षी परियोजना का लक्ष्य शहरी विकास को आगे बढ़ाते हुए हजारों खोपड़पट्टी वासियों का पुनर्वास करना है. याद दिला दें कि रमाबाई अंबेडकर नगर और कामराज नगर में योजना एमएमआरडीए और एसआरए के बीच एक संयुक्त उद्यम के रूप में कार्यान्वित की जाएगी. क्योंकि महाराष्ट्र सरकार ने एसआरए को अधिकृत किया था.

### घाटकोपर पूर्व: 48 महीनों में पूरा होगा प्रोजेक्ट



वे स्व-सरकारी निकायों जैसे कि एमएमआरडीए, म्हाडा, सिडको और अन्य एजेंसियों की मदद से ऐसे प्रोजेक्ट को पूरा करें. बता दें कि रमाबाई नगर का सर्वेक्षण एसआरए ने पूरा कर लिया है. एमएमआरडीए ने आर्किटेक्चर और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसलटेंट नियुक्त भी कर लिया है. 48 महीनों में क्रियान्वित की जाने वाली यह परियोजना, गार्डन, स्वास्थ्य केंद्र और शैक्षिक सुविधाओं जैसे आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के साथ-साथ पात्र झोपड़पट्टी वासियों को मुफ्त पुनर्वास इकाइयां प्रदान करेगी. यह योजना इस क्षेत्र के लिए एक क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर और ईस्टर्न फ्रीवे के विस्तार का भी समर्थन करती है.

### मुख्य विशेषताएं

- एरिया : 31.82 हेक्टेयर
- लागत: रु. 8498 करोड़
- लाभ पाने वाले झोपड़पट्टी वासियों की संख्या लगभग 17,000



*यह प्रोजेक्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को आगे बढ़ाते हुए, मुंबई के झोपड़पट्टी में रहने वालों के स्टैण्डर्ड ऑफ़ लिविंग को बढ़ाने के लिए है, जो सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण है. रमाबाई अंबेडकर नगर परियोजना सहयोग और शहरी विकास की शक्ति का एक प्रमाण है.*

*– **एकनाथ शिंदे,** मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र*



*यह स्लम पुनर्वास योजना न केवल हजारों स्लम निवासियों के जीवन को बदलने की दिशा में एक कदम है, बल्कि आधुनिक, समावेशी मुंबई के लिए हमारे दृष्टिकोण का एक प्रमुख घटक भी है. हमें ऐसी प्रगतिशील पहल का नेतृत्व करने पर गर्व है.*

*– **डॉ संजय मुखर्जी,** कमिश्नर, एमएमआरडीए.*

## कार बेचने वालों को किया गिरफ्तार

**मुंबई.** मीरारोड काशीगांव पुलिस थाने के डिटेक्शन ब्रांच की टीम को दोहरी सफलता मिली है. जिसमे उन्होंने बुरखा पहन कर रात के समय हॉस्पिटल में चोरी करने वाले आरोपी को बिहार राज्य के कटिहार जिले से सोनू अलाउद्दीन शेख उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले से मनीष कुमार जयश्याम मिश्रा और काशीगांव से वीरेंद्र भरत पूरी को गिरफ्तार कर चोरी की रकम में से 18 लाख रुपए नगद बरामद किए. वहीं दूसरी सफलता में डिटेक्शन ब्रांच की टीम ने जूम एप से गाड़ी भाड़े पर लेकर बेच देने वाले महाठग मुस्तफा राशिद खान को नायगांव से गिरफ्तार किया है. मुस्तफा एक शातिर अपराधी है उसके ऊपर नया नगर, कासारवडविल, और काशीमीरा पुलिस थाने में ठगी के 4 अपराध दर्ज हैं. 21 सितंबर को डॉ. कपिल प्रमोद कुमार शुक्ला ने शिकायत दर्ज कराई थी.

**डिटेक्शन ब्रांच की टीम को दोहरी सफलता मिली**

# धूमधाम से मनाई जाएगी अग्रसेन जयंती

## मुंबई में विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन

■ **मुंबई (सं).** मुंबई में महाराजा अग्रसेन जयंती इस वर्ष 3 अक्टूबर को मनाई जाएगी, जिसकी तैयारी जोर-शोर से शुरू हो गई है. अग्रोहा विकास ट्रस्ट मुंबई के केंद्रीय मंत्री अल्केश अग्रवाल ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा पिछले 37 वर्षों से बड़े ही धूमधाम से महाराजा अग्रसेन की जयंती मनाई जाती है. अग्रोहा विकास ट्रस्ट द्वारा मुंबई और उसके आस पास के 13 उपनगरों मीरा रोड, भाईंदर, घाटकोपर, चेंबूर, ठाणे, वाशी, खारघर आदि स्थानों पर जयंती का भव्य आयोजन प्रति वर्ष किया जाता है. आयोजन अग्रोहा विकास ट्रस्ट की 62 कमेटी करती है. जिसमें 30 महिला, 25 पुरुष और 7 यूथ कमेटी का समावेश है. ट्रस्ट द्वारा जयंती के दिन रथ यात्रा, महाराजा की झांकी की शोभायात्रा, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, पूजन, आरती और महाप्रसाद आदि की व्यवस्था की जाती है, जिसका लाभ करीब 10 हजार से भी अधिक लोग उठाते हैं. इस वर्ष मीरा रोड के शहनाई बैंकेट हॉल में जयंती का आयोजन किया गया है. इसके अलावा भाईंदर पूर्व के जेसल पार्क चौपाटी एवं भाईंदर पश्चिम में जयंती का भव्य आयोजन किया जाएगा.



### गोरेगांव में परंपरा, संस्कृति और विरासत का संगम

अग्रबंधु सेवा समिति (रजि.) मुंबई के अध्यक्ष अमरीशचंद्र अग्रवाल द्वारा गोरेगांव पश्चिम कामथ क्लब लेन उद्योग नगर में 5149 वां महाराजा अग्रसेन जन्मोत्सव का आयोजन 5 अक्टूबर को किया गया है. कार्यक्रम में परंपरा, संस्कृति और विरासत का अनूठा संगम देखने को मिलेगा. रंगमंच कलाकार रचना पांडेय के निर्देशन में संस्था सदस्यों द्वारा संगीतमय नौ दुर्गा एवं कुलदेवी माता महालक्ष्मी पर आधारित मनमोहक नृत्य नाटिका प्रस्तुति की जाएगी. 75 वर्ष से अधिक उम्र के सामाजिक अग्र बंधुओं का अग्रवाल रत्न सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया है. कार्यक्रम में कन्हैया लाल सराफ, श्यामसुंदर रूईया, बृजमोहन अग्रवाल, जगदीश खेमचंद गुप्ता, नटवर लाल अग्रवाल, जुगल बी. अग्रवाल, सुरेश उदयचंद गुप्ता, रमेश सिंघानिया और ओम प्रकाश गोयनका को अग्रवाल रत्न प्रदान किया जाएगा. आयोजन संस्था के मानद मंत्री उदेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गोपाल दास गोयल, महिला अध्यक्ष सुधा लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, मंत्री मधु राजेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अनीता अनिल अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया है. जानकारी संचालक कान बिहारी अग्रवाल ने दी है.

### सांस्कृतिक कार्यक्रम

अग्रवाल सेवा समिति (रजि.) बोरीवली के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल एवं महिला अध्यक्ष शोभा अग्रवाल द्वारा 6 अक्टूबर को गोरेगांव पश्चिम स्थित अजंता पार्टी हॉल में संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किया है. शाम 6 बजे आयोजित कार्यक्रम में महेंद्र एस. गोयल, मनीष एम. गोयल एवं परिवार द्वारा पुरस्कार वितरित किया जाएगा. कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में उद्योगपति महेश बंशीधर अग्रवाल, रमनलाल अग्रवाल, डालचंद्र गुप्ता, दिनेश गोयल, सुनील गोयल, डॉ. हितेन मकवाना और श्रवण जाजोदिया सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहेंगे.

### चर्नी से कालबादेवी तक निकलेगी शोभायात्रा

अग्रवाल सेवा समाज और अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन चर्नी रोड में किया गया है. दोनों संस्था के चेयरमैन सुरेश चंद्र अग्रवाल और डॉ. राजेंद्र अग्रवाल के सहयोग से 3 अक्टूबर को चर्नी रोड से कालबादेवी भाटिया महाजनवाडी तक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी. 8 अक्टूबर को नेहरू ऑडिटोरियम में शाम 6 बजे से संस्कृति एवं संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम में उद्योगपति राजेश झुनझुनवाला, महेश बंशीधर अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, रामसिंह अग्रवाल, मोहनलाल अग्रवाल, नीता सिंघल और अनिल मुरारका प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे. अग्रवाल समाज थाना (पं.) के अध्यक्ष श्याम अग्रवाल, मंत्री अशोक बंसल एवं संयोजक विशाल अग्रवाल ने ठाणे पश्चिम महाराजा अग्रसेन चौक, काशीनाथ घाणेकर हॉल में 3 अक्टूबर 11 बजे कार्यक्रम आयोजित किया है.



*महाराजा अग्रसेन जयंती पूरे भारतवर्ष में, मुख्य रूप से महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में मनाई जाती है. अग्रवाल समुदाय अपने संस्थापक के रूप में अग्रोहा के राजा महाराजा अग्रसेन को मानते हैं. इस दिन को महाराजा के सिद्धांतों और संस्कृति को बनाए रखने के लिए बड़ी श्रद्धा के साथ मनाते हैं.*

*– **सचिन अग्रवाल**, अध्यक्ष, अग्रोहा विकास ट्रस्ट, मुंबई.*



*महाराजा अग्रसेन, सूर्यवंश क्षत्रिय राजवंश के सदस्य, प्रतापनगर के राजा वल्लभ के पुत्र थे. उनकी सैन्य जीत के बजाय, उनकी जबरदस्त करुणा के लिए उन्हें याद किया जाता है. महाराजा अग्रसेन समानता के प्रति अपने समर्पण के लिए प्रसिद्ध थे*

*– **अल्केश अग्रवाल**, केंद्रीय मंत्री, अग्रोहा विकास ट्रस्ट, मुंबई.*

# काव्य विधा में मनोवैज्ञानिक विचार-विमर्श की पैरोकार

### कविता का अपना मनोविज्ञान होता है

साहित्य सारथी

**साहित्यिक गतिविधियां :** बस्तर पाति पत्रिका, अविराम साहित्यिकी, सार्थक नव्या, लघु कथा वर्तिका, हाईकु व्योम, अभिव्यक्ति, परिंदे, अर्पण, बिंदु में सिंधु, इन सभी पत्रिकाओं और पुस्तकों में हाइकु, क्षणिकाएं, कविता, लघुकथा. बस्तर पाति प्रकाशन से प्रकाशित अरण्य धारा में कविताएं, शब्द लिखेंगे इतिहास में समकालीन लघुकथा का सौन्दर्यशास्त्र व समाजशास्त्रीय सौन्दर्यबोध लघुकथा में लघुकथा प्रकाशित हुई है. भाषा सहोदरी के अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन में सहभागिता, उद्दीप्त प्रकाशन ने काव्य साधक पुरस्कार, बस्तर पाति समूह में कविताओं के लिए तृतीय पुरस्कार, लोक कला एवं साहित्य संस्था सृजन से सुरता पारकर सम्मान, विश्व सरयू मंच द्वारा सम्मान, कवि सम्मेलनों का आयोजन और हिंदी भाषा की स्वरचित बाल कविता स्पर्धा का आयोजन और सम्पादन, हिंदी विवेक पत्रिका में आलेख 'कविता की पाठशाला' और मराठी कविता की बाल साहित्य की पुस्तक में रेखाचित्र के लिये सम्मान, इंटरमीडिएट ग्रेड ड्राइंग एग्जाम में प्रमाण पत्र, आर्ट ऑफ लिविंग की ध्यान की कार्यशालाओं का आयोजन, संस्था का काव्य समारोह का आयोजन आदि.



**रजनी साहू**

**जन्मतिथि:** 13 मई 1970

**शिक्षा:** एम.एस.सी. रसायन शास्त्र, एम.ए.(हिंदी) पी एच डी उपाधि हेतु शोध छात्रा श्री जेजे टी विश्वविद्यालय.

**पुरस्कार:** महाराष्ट्र साहित्य अकादमी द्वारा संत नामदेव रजत पुरस्कार द्वारा सम्मानित, यूरोप की साहित्यिक यात्रा और सम्मान, आर्ट ऑफ लिविंग में योग और ध्यान प्रशिक्षण.

**संस्थाओं से संबंधित:** सुधा साहित्य सामाजिक संस्था की अध्यक्ष पद पर कार्यरत. **प्रकाशित काव्य संग्रह:** सहस्त्र धारा, सत्यम शिवम सुंदरम, स्वयंसिद्धा.

### कविता का उद्देश्य सौंदर्य भाव को जागृत करना है

रजनी साहू एक ऊर्जावान कवयित्री हैं. उन्होंने प्रेम और सौन्दर्य को अपने काव्य का विषय बनाया है. वह वर्तमान साहित्यिक गतिविधियों में सदैव सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं. उनका मानना है कि कविता का उद्देश्य सौंदर्य भाव को जागृत करना है. जिस सौन्दर्य को हम अपने आस - पास विद्यमान होते हुए भी अनुभव नहीं कर पाते, उसे कविता के माध्यम से अनुभव करने लगते हैं, क्योंकि कविता श्रोता को एक सौन्दर्य बोधक दृष्टि प्रदान करती है और वे भाव-सौन्दर्य, शब्द सौन्दर्य तथा ध्वनि सौन्दर्य सभी की अनुभूति करने लगते हैं. उनका कहना यह भी है कि कविता का अपना मनोविज्ञान होता है. हर कवि मनोवैज्ञानिक स्थिति के आधार पर रचनाओं को साकार रूप देता है. जिस साहित्य में मनोवैज्ञानिक सोच नहीं होती, वह साहित्य महत्वपूर्ण नहीं बन पाता. हर साहित्य किसी न किसी मनोवैज्ञानिक स्थिति पर निर्भर रहता है. कविताओं में यह मनोवैज्ञानिक स्थिति बहुत अधिक होती है. उनका कहना है कि आज वर्तमान समय में जो रचनाएं सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आ रही हैं, उनमें बहुत उत्तम सोच नहीं होती, इसलिए उसका प्रभाव ज्यादा समय तक प्रभावी नहीं रहता.

**प्रो. डॉ. दयानंद तिवारी**

## मुंबई-नवी मुंबई के अधिवक्ता हुए शामिल
# बार असोशियन का कार्यक्रम आयोजित

■ **मुंबई (सं).** नवी मुंबई बार एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष एड. सुनील मोकल द्वारा एक प्रेसिडेंशियल डिनर कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुंबई और नवी मुंबई के प्रमुख वकील एक साथ आए. उपस्थित लोगों में बॉम्बे उच्च न्यायालय की अधिवक्ता लुसी मैसी, अधिवक्ता जनार्दन म्हात्रे, अधिवक्ता अमिता कैनेल जैसे प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल हुए.



# PM मोदी ने लता को दी श्रद्धांजलि

■ **मुंबई (सं).** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारत रत्न से सम्मानित गायिका लता मंगेशकर को उनकी 95वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी और उनके साथ अपने खास जुड़ाव को याद किया. प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि लता दीदी को उनकी जयंती पर याद कर रहा हूं. वह अपने मधुर गीतों की वजह से लोगों के दिल और दिमाग में हमेशा जिंदा रहेंगी.' उन्होंने कहा, 'लता दीदी और मेरा एक खास जुड़ाव था. मुझे उनका स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला.' प्रधानमंत्री ने लता मंगेशकर के भाई और संगीतकार हृदयनाथ मंगेशकर द्वारा लिखा एक लेख भी साझा किया जिसमें मोदी और महान गायिका के बीच के संबंधों का जिक्र है. गौरतलब है कि लता मंगेशकर प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और विचारों से बहुत प्रभावित थी. कई मौकों पर लता दीदी पीएम मोदी के साथ भी दिखी थीं. देश की इन दो महान शख्सियतों के बीच सम्मान और लगाव का गहरा रिश्ता था. इसकी बानगी है वो खत जो एक्स हैंडल 'मोदी आर्काइव' ने उनकी जयंती 28 सितंबर पर साझा किया है. कई दशकों तक प्लेबैक सिंगिंग के शीर्ष पर रहीं लता मंगेशकर को शास्त्रीय संगीत की बारीकियों में महारत हासिल थी.



## QUICK NEWS

### जीएम नवरात्रि महोत्सव 3 अक्टूबर से

**मुंबई.** 3 अक्टूबर से मीरा भाईंदर के एमबीएमसी ग्राउंड में बहुप्रतीक्षित जीएम नवरात्रि महोत्सव 2024 का आयोजन किया गया है. जीएम के सौजन्य से आयोजित होने वाले इस नवरात्रि महोत्सव में पार्श्व गायक भाविन शास्त्री शामिल होंगे. वे भक्ति और लोक संगीत की दुनिया में अत्यधिक प्रतिष्ठित गायक हैं. जीएम मॉड्यूलर के सीईओ और एमडी जयंत जैन ने कहा कि लगातार दूसरे वर्ष नवरात्रि महोत्सव आयोजित करना जीएम के लिए गर्व का क्षण है. भारतीय संस्कृति का जश्न मनाने और समुदाय को एक साथ लाने की हमारी प्रतिबद्धता हर साल मजबूत होती जा रही है.



# दया धर्म का मूल है, पाप मूल का अभिमान: अनिरुद्धाचार्य

### भाईंदर में 3 दिवसीय भागवत सत्संग सनातन राष्ट्र सम्मेलन




■ **विनोद मिश्रा @ नवभारत.**

**भाईंदर.** विधायक प्रताप सरनाईक द्वारा भाईंदर पूर्व के हिंदुहृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे मैदान में आयोजित तीन दिवसीय भागवत सत्संग सनातन राष्ट्र सम्मेलन में प्रसिद्ध श्रीमद्भागवत कथा वाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज ने शनिवार को सत्संग के दौरान कहा कि दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान, तुलसी दया न छांड़िए, जब लग घट में प्राण'. उन्होंने अपने सत्संग में बताया कि चार युग है, सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलयुग. वर्तमान में कलयुग चल रहा है. जिस तरह एयर कंडीशन रूम में बैठने पर बाहर की गर्मी का प्रभाव नहीं होता, उसी तरह जहां भागवत कथा, सत्संग होता है, वहां कलयुग का प्रभाव नहीं होता. कलयुग का प्रभाव जुआ, शराब, पराई स्त्री को देखने पर होता है. उन्होंने कहा कि जुआ से दुर्योधन जैसे शक्तिशाली का सर्वनाश हो गया, पराई स्त्री पर बुरी नजर डालने के कारण महान शक्तिशाली, विद्वान, ज्ञानी और धनवान रावण का सर्वनाश हो गया, सोने की लंका जल गई. शराब से सोचने समझने की शक्ति नष्ट हो जाती है. अगर यह सही होता तो इन चीजों को रोका क्यों जाता, यह सब गलत है, इसलिए इसे करने से रोका जाता है.

### विदेशों के खानपान का अंधानुकरण करने से बचें

सत्संग के दौरान अनिरुद्धाचार्य महाराज ने विदेशों के खानपान का अंधानुकरण करने से बचने के लिए भी कहा. उन्होंने कहा कि जब चावल दाल, फल खाकर भी पेट भरा जा सकता है, तो किसी जानवर को मारकर उसकी आत्मा दुखाकर, उसकी बद्दुआ लेकर मांसाहार से पेट क्यों भरना. उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में अहिंसा परमो धर्म है. सभी जीवों के प्रति दया का भाव रखना ही मूल धर्म है और सनातनी होने के कारण हमें सबके प्रति दया का भाव रखना चाहिए. इस दौरान उन्होंने दया भाव के प्रति पुराणों के कई भाव प्रधान प्रसंग भी प्रस्तुत किए. शनिवार को सत्संग के प्रथम दिन रिमझिम बरसात के बावजूद सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालु सत्संग का लाभ लेने पहुंचे. सत्संग के आरंभ में विधायक प्रताप सरनाईक, विक्रम प्रताप सिंह, राजू भोईर, सचिन मांजरेकर, संध्या पाटील, रामभवन शर्मा आदि ने सत्संग मंच पर आरती कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की.

## गुरुनानक कॉलेज में मनी शहीद भगत सिंह की जयंती

**मुंबई.** गुरु तेग बहादुर नगर स्थित गुरु नानक डिग्री कॉलेज में संविधान क्लब और राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को शहीद भगत सिंह की 117वीं जयंती उत्साह के साथ मनाई गई. छात्र भगत सिंह के विचारों से अवगत हो और उनमें देश भक्ति की भावना का निर्माण करने के लिए वक्तृत्व स्पर्धा और कविता पाठ आयोजित किए गए. राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो. सुमित खरात ने भगत सिंह पर व्याख्यान दिया. प्रिंसिपल डॉ. पुष्पिंदर कौर भाटिया ने भगत सिंह और युवा पीढ़ी के विषय पर विद्यार्थियों से संवाद किया. विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भाग लिया. समारोह में छात्र परिषद के पदाधिकारियों को बैज प्रदान कर सम्मानित किया गया. आयोजन प्रो. सुमित खरात और प्रिंसिपल डॉ. पुष्पिंदर कौर भाटिया के मार्गदर्शन किया गया.



# शाकाहारी भोजन को विश्व ने अपनाया

### 'विश्व शाकाहार जागरुकता दिवस' के पोस्टर का अनावरण

■ **मुंबई (सं).** अहिंसा विश्व भारती एवं विश्व शांति केंद्र के संस्थापक प्रख्यात जैनाचार्य डॉ. लोकेश ने 'विश्व शाकाहार जागरूकता दिवस' के पोस्टर का अनावरण किया. इस अवसर पर डॉ. डी.सी. जैन के नेतृत्व में आई एक टीम ने डॉक्टर्स फोरम व एनिमल वेलफेयर सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा विश्व शाकाहार जागरुकता दिवस के अवसर पर 6 अक्टूबर को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी आचार्य लोकश आश्रम में श्रद्धालुओं को दी. आचार्य लोकेश ने कहा कि जैन धर्म के अहिंसा सिद्धांत पर आधारित शाकाहार भोजन को आज समस्त विश्व के जनमानस ने अपनाया है. जैन अनुयायी अहिंसा के पुजारी हैं इसलिए शाकाहारी भोजन ही ग्रहण करते हैं. जैसा आहार वैसे विचार. शाकाहार भोजन जहां सेहत के लिए बेहतर है. वहीं, पर्यावरण संरक्षण में भी सहयोग प्रदान करता है. शाकाहारी आहार अनेक बीमारियों के रोकथाम और उपचार में फ़ायदेमंद होता है.



**मांस व डेयरी उत्पाद जलवायु संकट :** डॉ.डी. सी. जैन ने कहा कि शाकाहारी भोजन पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन में लाभकारी सिद्ध होता है. पौधों पर आधारित आहार पर्यावरण व आपके स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है. मौके पर सुशील जैन, प्रसन्नराज जैन, पवन गुप्ता, प्रेम प्रकाश गुप्ता, नितिन गोयल आदि उपस्थित थे उपस्थित थे.

# कला, अतीत और वर्तमान को जोड़ता है: प्रतीति देसाई

### 'रीइमैजनिंग मॉडर्न कल्चर' प्रदर्शनी का आयोजन

■ **मुंबई (सं).** लोअर परेल में स्थित वन लोढ़ा प्लेस, डिज़ाइनरा पॉप आर्ट गैलरी में 'पॉप मीट्स फ्यूजन: रीइमैजनिंग मॉडर्न कल्चर' प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया. प्रदर्शनी का आयोजन भारतीय लोक कला को संरक्षित करने के लिए पॉप आर्ट गैलरी, डिज़ाइनरा ने संयुक्त रूप से किया है. आयोजन 29 सितंबर तक किया गया है. 7वीं सदी की भारतीय प्राचीन कला को संरक्षित करने में एक अहम भूमिका निभाने वाली प्रतिकृत कलेक्टिव की संस्थापक प्रतीति देसाई ने उद्घाटन के दौरान कहा कि भारतीय धरोहर और आधुनिक रचनात्मकता की सराहना करने वाले कला प्रेमियों का इतना बड़ा और विविध समूह एकत्रित होना गर्व की बात है. यह आयोजन साबित करता है कि कला, अतीत और वर्तमान को जोड़ता है और इस विषय पर नई बातचीत को प्रोत्साहित करता है.



## नगर में आज

### वार्षिक सभा

- श्री महावर वैश्य सेवा संघ: 52 वां वार्षिक सभा, स्थान-भूरा भाई हॉल, ईरानीवाड़ी, शांतिलाल रोड, कांदिवली पश्चिम, समय- सुबह 10 बजे.

### संवाद सभा

- शिवसेना: उत्तर भारतीय संवाद सभा, स्थान- गली नंबर-3, गणपति पाटील नगर, न्यू लिंक रोड बोरीवली(प.), समय- 6 बजे.

### प्रदर्शनी

- वाइल्ड वर्ल्ड प्रदर्शनी: स्थान- काला घोड़ा स्थित आर्मी एंड नेवी बिल्डिंग में आर्ट एंट्रेंस गैलरी, 30 सितंबर तक.
- सऊदी वेलकम टू अरबिया: स्थान: बीकेसी स्थित आर 2 ग्राउंड, 2 अक्टूबर तक.
- उद्योग अवलोकन: स्थान : बॉम्बे प्रदर्शनी केंद्र, मुंबई, समय- 6बजे.
- इंटरमैट इंडिया' कार्यक्रम: स्थान- नेस्को प्राइवेट लिमिटेड, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे के बगल में, गोरेगांव पूर्व, समय- दोपहर 2 बजे.
- मुंबई ऑफ़लाइन कार्यशाला: स्थान- ड्रीम सिटी टूर्स एंड ट्रेवल्स, एमएल कैंप, माटुंगा लेबर कैंप, धारावी, 29 सितंबर तक, समय- 12 से 6 बजे तक.
- क्रेडाई-एमसीएचआई: स्थान- जियो कन्वेंशन सेंटर, बीकेसी, बांद्रा पूर्व, समय- 11.30 से शाम 7.30 बजे तक.


## वर्गीकृत विज्ञापन

### CHANGE OF NAME

■ I, **Anita Anil Salunkhe**, wife of Ex - **Nk, Salunkhe Anil Namadev**, S.No. **3189797N** R/o. **B/14, Shree Ganesh Krupa Apartment, Hajimalang Road, Kalyan (E), Dist. Thane - 421306** (Maharashtra), have changed my name from Anita alias Kumari Anita to **Anita Anil Salunkhe** vide Affidavit.

**नोटिस** विज्ञापनों में प्रकाशित होने वाले सभी डिस्प्ले, क्लासीफाइड, निधन एवं अन्य विज्ञापनों के लिये इस समाचार पत्र की कोई जबावदारी नहीं है. पाठकों से निवेदन है कि विज्ञापन आजमाने के पूर्व कृपया अपने स्तर पर उसकी पुष्टि करके स्वयं को संतुष्ट कर लें.

वर्गीकृत विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मुकेश : 9702867178



नवभारत वैवाहिकी

### वर चाहिए

■ वधु 52 उंचाई 5' 2'' M.A. Bed. गवरमेंट टीचर, 80,000/-, 14 एकड़ खेती, घर गाड़ी स्वयं का हैं. जाति व शिक्षण की अट नहीं. घर जवाई मान्य तुरंत शादी हेतु संपर्क करें : मो. 7709259407, 9156935719.

■ गरीब कुटुंबातील वधु वय-27, उंची 5.3, शिक्षण 10 वी, भांडायाच्या दुकानात काम करते. वेतन 10,000/- (जात-मराठा) अंतरजातीय चालेल. मुलीलावडील नाही. अपेक्षा-कष्टाळू, मुलगा हवा. त्वरित विवाह. 7058846590.

■ 48/5'4''/ गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल टीचर मासिक आय 75000 घरजमाई तलाकशुदा नौकरीपेसा रिटायर्ड, सभी कास्ट मान्य संपर्क मोबाइल नंबर-7 3 8 9 9 9 1 8 7 6. (56223)

### वधु चाहिए

■ 35/5'5'' बी.डी.एस. डॉक्टर, निजी क्लीनिक/ घर, हेतु बी.डी.एस. अथवा बी.फार्मा/ डी.फार्मा या रेल्वे, बैंक या अन्न सरकारी/ गैर सरकारी संस्था में कार्यरत वधु चाहिए (छत्तीसगढ़ को प्राथमिकता) मोबाइल-8839799040. (56236)

■ मोनू अग्रवाल 20.10.96, बी.कॉम डीवोसी रोलिंग मिल रायपुर, इंकम 1 करोड़ सालाना, सुंदर स्मार्ट युवक हेतु वधु चाहिए. फोटो बायोडाटा भेजिए. व्हाट्सअप नंबर-9 0 3 9 3 2 1 9 5 1. (254949)

वैवाहिक विज्ञापन प्रत्येक रविवार को सिर्फ 500/- रुपये में

**सावधान**

"पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि वे किसी भी विज्ञापन के अनुसार, कार्य करने से पूर्व समुचित जांच कर लें. वर/वधु के स्तर, आयु, आय संबंधी विवरण के संबंध में विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए दावों और वर्णनों के लिए यह समाचारपत्र समर्थक अथवा उत्तरदायी नहीं है.''

"जीवनसाथी का चयन करते हुए भावी संतान में जनन संबंधी विकार से बचने के लिए स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा सकता है."


**परिसंवाद** | 'नवभारत' कार्यालय में आए धर्म गुरु स्वामी गौरीश ने विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे

# फडणवीस की वापसी, हिंदू धर्म की जरूरत



■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. भारत भूमि से आदि कैलाश का दर्शन स्वप्न साकार होने जैसा है और इस सपने को साकार करने के लिए संपूर्ण हिंदू समाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभारी रहेगा. 'नवभारत' कार्यालय में आए धर्म गुरु स्वामी गौरीश ने परिसंवाद के दौरान विभिन्न मुद्दों पर विचार रखे. उन्होंने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नारा दिया था कि मैं पुनः आऊंगा. 2024 का विधानसभा चुनाव हिंदू धर्म आह्वान कर रहा है कि फडणवीस आप फिर से आइए, ताकि महाराष्ट्र के मंदिरों में महाप्रसाद लोग बिना किसी शंका या हिचकिचाहट के ग्रहण कर सकें. तिरुपति मंदिर में जो कुछ हुआ, उसके बाद महाराष्ट्र में भी लोग ईश्वर के प्रसाद को संदेह की नजर से देखने लगे हैं.

**भारतीय भूमि से आदि कैलाश दर्शन हुआ संभव :** गौरीश गुरु ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पीएम ने लोगों से अपील की थी कि श्री राम के नाम पर दो बार वोट दिया और अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बना रहा है और अब तीसरी बार कैलाश के नाम पर वोट दें. महादेव की कृपा से मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए. इस बार कैलाश दर्शन उत्तराखंड से शुरू हुई है. अपने देश से आराध्य शिव का दर्शन करना पुण्य कमाने जैसा है. स्वामी ने भारत की सीमा पर स्थित लिपुलेख से आदि कैलाश का दर्शन करने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया. केंद्र सरकार के इस कदम से भारत के हिंदू अपनी सरजमीन से अपने आराध्य का दर्शन कर सकेंगे.




### हिंदुओं की आस्था पर चोट करने का दुस्साहस

ठाणे के शहापुर में मां श्रीदंबाकाली मंदिर बनवा रहे गौरीश गुरु ने कहा कि तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डू में कथित तौर पर गाय, सूअर और मछली की चर्बी मिलाने की लैब रिपोर्ट को बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है. यह हिंदू धर्म के साथ-साथ क्रूर व्यवहार ही नहीं है, बल्कि हिंदुओं की आस्था पर चोट करने का दुस्साहस किया गया है. खैर, संतोष की यह बात है कि सुप्रीम कोर्ट ने धर्म भ्रष्ट करने की इस साजिश की सुनवाई करने का फैसला किया है.

नवभारत संवाद

### भगवान विष्णु अत्याचारियों को करेंगे दंडित

स्वामी ने कहा कि तिरुपति में केवल हिंदू धर्म के खिलाफ साजिश नहीं हुई, बल्कि भगवान विष्णु के खिलाफ साजिश हुई है और इसके लिए भगवान विष्णु अत्याचारियों को दंडित करेंगे. उन्होंने कहा कि तिरुपति प्रकरण के बाद महाराष्ट्र के हिंदुओं को सावधान हो जाना चाहिए और ऐसे नेता को सत्ता की बागडोर सौंपने चाहिए जो हिंदुओं की आस्था को समझे, उनकी हिफाजत करे. यह कार्य फडणवीस से बेहतर और कोई नहीं कर सकता.

### हिंदू धर्म के खिलाफ रणनीति के तहत साजिश

गुरु ने कहा कि 1850 में कारतूस के कवर को गाय और सूअर की चर्बी का बनाकर जो काम अंग्रजों ने किया था, वही काम इस समय ईसाई धर्म अपना चुके वाईएसआर कांग्रेस के जगन मोहन रेड्डी ने तिरुपति के लड्डू में गाय और सूअर की चर्बी मिलाकर किया है. तिरुपति में उसी तरह की साजिश की बू आ रही है. जहां हिंदू धर्म के खिलाफ एक रणनीति के तहत साजिश की जा रही है.

## 8 वीं बार आदर्श शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित हुए सिंह




**मुंबई.** शिक्षा के बिना हमारा जीवन अधूरा है. हम सबको ज्ञान की माला में पिरोने वाले शिक्षक का हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण स्थान होता है. ऐसे शिक्षक जो समाज के लिए एक आदर्श का स्तंभ बन जाते हैं. उन्हीं में से एक हस्ताक्षर हैं रमेशकुमार सिंह. लगातार तीसरी बार और अब तक आठवीं बार आदर्श शिक्षक उपाधि से सम्मानित किए गए है. बता दें रमेश कुमार सिंह आदर्श नाइट हिंदी हाई स्कूल मुलुंड, सेंट उलाई हिंदी स्कूल, जूनियर कॉलेज ठाणे में हिंदी, मराठी व समाजशास्त्र की शिक्षा विद्यार्थियों को दे रहे है. आदर्श नाइट हिंदी हाई स्कूल मुलुंड में विगत 3 वर्षों से अति उत्तम रिजल्ट आ रहा है. आदर्श नाइट स्कूल तथा रमेश सिंह के लिए 3 वर्षों से यह लगातार हैट्रिक पुरस्कार है.

# मुंबई में हर घंटे 2 लोगों में डेंगू के लक्षण

## गोकुल नगर में मच्छर जनित रोगों का कहर, बारिश के बाद मौसमी बीमारियों का बढ़ रहा प्रकोप

रितेश तिवारी@नवभारत

**मुंबई.** महाराष्ट्र में बारिश के बाद मौसमी बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है.राजधानी मुंबई में डेंगू मलेरिया, टाइफाइड के मरीज, लगातार सामने आ रहे हैं. कई इलाके डेंगू के हॉटस्पॉट बन गये हैं. बात करें मुंबई के कांदिवली पूर्व गोकुल नगर की, तो इन दिनों इस इलाके में डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड चिकनगुनिया के लक्षण अधिकांश मरीजों में देखा जा रहा है, जो स्थानीय नागरिकों के लिए चिंताजनक है. मुंबईकर मच्छर जनित रोगों की चपेट में आ रहे हैं. मुंबई में सितंबर महीने में प्रति घंटे औसतन 2 लोगों में डेंगू के लक्षण देखे जा रहे हैं. पहले 20 दिनों में 960 लोगों को डेंगू और 752 लोगों को मलेरिया से ग्रसित पाया गया. इन में से 50 से 60 फीसदी मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

### गोकुल नगर के संक्रमित मरीजों का आंकड़ा

गोकुल नगर, स्लम बहुल क्षेत्र है. यहां की आबादी करीब 11-12 हजार की है. सितंबर महीने में गोकुल नगर में 19 डेंगू के मरीज, 09 मरीज मलेरिया, 07 मरीज टाइफाइड, 09 मरीज चिकनगुनिया से ग्रसित पाए गए हैं, जिनका इलाज इलाके के प्राइवेट डॉक्टरों और सरकारी अस्पतालों में चल रहा है. गोकुल नगर स्लम बस्ती होने के कारण मानसून में बरसात से बचने के लिए लोग पतरे वाले छतों पर प्लास्टिक फैलाते हैं. स्लम में अक्सर लोग पानी का ड्रम बाहर रखते है, जगह-जगह पर स्क्रैप होने के कारण प्लास्टिक में पानी जमा हो जाता है. डेंगू फैलाने वाला एडीज मच्छर साफ पानी में पैदा होता है और यह दिन के समय काटता है, जिससे मरीज डेंगू से संक्रमित हो जाता है.



### स्लम एरिया में समय-समय पर दवाइयों का छिड़काव नहीं होता

स्थानीय लोगों का मानना है की स्लम में मनपा द्वारा समय समय पर दवाइयों का छिड़काव करना चाहिए. जो गोकुल नगर में नहीं किया जाता जिसके चलते मच्छर जनित बीमारियों का खतरा गोकुल नगर में दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है. हालांकि इस विषय मनपा पी नार्थ के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कुछ भी कहने से साफ़ साफ़ बच रहे है.



*बालाजी अस्पताल के डॉक्टर के अनुसार हमारे यहां प्रति दिन डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, वायरल बुखार के मरीज अक्सर आ रहे है. मेरा कहना है कि अपने आस पास में पानी जमा ना होने दे.जब भी आप बाहर हो तो कीट निरोधक का प्रयोग करें. गंभीर डेंगू के लक्षण पेट दर्द, उल्टी आना, मसूड़ों या नाक से खून आना, बार-बार उल्टी आना और बहुत ज्यादा थकान, बेचैनी शामिल है, ऐसे में नजदीकी डॉक्टर से संपर्क करें.*
- डॉ. सुरेश जायसवाल



*मैं आनंद चाल का रहिवासी हूं. पहले बदन दर्द शुरू हुआ और रात में बुखार आने के बाद में जब मैंने डॉक्टर को दिखाया. तब डॉक्टर ने खून जांच करने की सलाह खून जांच करने के बाद पता चला कि मुझमें डेंगू के लक्षण मेरा प्लेटलेट भी घट गया है. मेरा इलाज प्राइवेट डॉक्टर के यहां चल रहा है. मनपा से मेरी मांग है कि हमारे इलाके में कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कराया जाए.*
- धीरज तिवारी (डेंगू पीड़ित मरीज)



*मैं गोकुल नगर गोरखनाथ चाल का रहिवासी हूं, मुझे बुखार है, मेरा प्लेटलेट कम हो गया है. मेरा इलाज भी प्राइवेट डॉक्टर के यहां चल रहा है. मुझे टाइफाइड है, हमारे चाल में भी दवाइयों का छिड़काव नहीं होता है. प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है.*
- राकेश गुप्ता (पीड़ित)

मिला 10,000 से ज्यादा नवजातों को जीवनदान

# सायन अस्पताल में एशिया का पहला 'ब्रेस्ट मिल्क' बैंक

■ **मुंबई (सं).** महानगर में माताओं के अनोखे दूध बैंक ने 5 वर्षों में 10,000 से अधिक बच्चों को जीवनदान दिया है. बीएमसी द्वारा संचालित सायन अस्पताल में एशिया का पहला 'ब्रेस्ट मिल्क' बैंक बनाया गया है. इस दूध बैंक में 43,412 महिलाओं ने दूध दान किया, जिससे 10, 523 नौनिहालों को मदद मिली. बीएमसी के आंकड़ों के अनुसार स्तनपान कराने वाली 43,412 माताओं के दान से 10,523 नवजात शिशुओं को मदद मिली है. दान किया गया मां का दूध समय पूर्व जन्मे कम वजनी और जोखिम वाले शिशुओं में मृत्यु दर में कमी लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. यह दूध बैंक हर साल 2,000 से 2,500 नवजात शिशुओं की मदद करता है. मां के दूध में हीमोग्लोबिन और नवजात शिशु के विकास के लिए जरूरी विटामिन होते हैं. मां के दूध बैंक में दान किए जाने वाले दूध से कम वजन वाले व अपर्याप्त विकास वाले शिशुओं व प्रसवोत्तर जटिलताओं के कारण स्तनपान न करा पाने वाली महिलाओं के शिशुओं को मदद मिली है.



*इस ब्रेस्ट मिल्क' बैंक की शुरुआत 1989 में आर्मिडा फर्नांडिस ने की थी और इसे टाटा समूह की इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड से एक लाख रुपये का दान मिला था. उस समय अजीत केरकर इस कंपनी के अध्यक्ष थे. यह एशिया का पहला मां के दूध का बैंक है.*
- डॉ. मोहन जोशी, डीन, सायन अस्पताल

*इस दूध बैंक का उद्देश्य मां के दूध की कमी के कारण कोई भी शिशु अपनी जान न गंवाए. हम दाताओं से दूध लेते समय सभी सुरक्षा सावधानियां बरतते हैं. हम स्तनपान कराने वाली माताओं से संपर्क करते हैं, जो अपने बच्चों को दूध पिलाने के बाद अस्पताल को अपना दूध दे सकती हैं. संकलित दूध डॉक्टरों की सलाह पर ही दिया जाता है.*
- डॉ. स्वाति मानेकर, नियोनेटोलॉजी विभाग की प्रमुख (सायन अस्पताल)

**QUICK NEWS**

## मुखर्जी को स्कैनिंग कमेटी में मिली जगह



**मुंबई.** आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए आम आदमी पार्टी मुंबई की अध्यक्ष प्रीति शर्मा मेनन ने चयन कमेटी का गठन किया है. स्कैनिंग कमेटी में कुर्ला विधानसभा सहकार नगर निवासी आप नेता अतनु मुखर्जी को भी जगह दी है. अतनु मुखर्जी ने बताया कि पूरी मुंबई में आप का दबदबा बढ़ा है. लोग जुड़ रहे हैं. मुंबईकर आप पार्टी को आशाभरी निगाहों से देख रहे हैं. आम आदमी पार्टी जनता के मुद्दे को उठाती है. महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में आप के विधायक अगर चुनकर आते हैं, तो मुंबई का चौतरफा विकास होगा. आज यहां के सियासी माहौल से महाराष्ट्र की जनता ऊब चुकी है. मुंबई की 36 विधानसभा सीटों पर हम मजबूत कैंडिडेट खड़ा करेंगे, जो सीधे जनता से कनेक्ट होगा.

## नवी मुंबई APMC मार्केट भाव

| | |
|---|---|
| चीनी (स्माल) | 3550-3600 |
| चीनी (मीडियम) | 3680-3730 |
| गेहूं अन्नपूर्णा | 3300-3500 |
| गेहूं लोकवन | 3300-3400 |
| गेहूं नो क्लेम | 3100-3150 |
| गेहूं सौराष्ट्र नया | 3400-4000 |
| गेहूं लक्जरी सौराष्ट्र | 4500-5000 |
| गेहूं मिल क्वालिटी | 2850-2860 |
| चावल कोलम | 4200-6300 |
| चावल परमल | 3150-3200 |
| चावल बासमती | 6000-7400 |
| (भाव रुपए प्रति क्विंटल) | |
| सोयाबीन तेल | 1140-1150 |
| सनफ्लावर तेल | 1145-1155 |
| पाम तेल | 1120-1135 |
| सरसों कच्ची घाणी | 1410-1420 |
| मूंगफली तेल | 1650-1680 |
| राइसब्रान तेल | 1120-1140 |

# 52 वर्षीय व्यापारी से 6 करोड़ की ठगी

## दो रिश्तेदारों के खिलाफ FIR दर्ज



■ **मुंबई (सं).** बांद्रा पुलिस ने टर्नर रोड निवासी 52 वर्षीय गुरुदत्त कामथ की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है. शिकायत में उसके दो रिश्तेदारों पर 6 करोड़ रुपए की ठगी करने का आरोप है. अपनी शिकायत में कामथ ने कहा है कि. उन्होंने 1999 में अपनी दो बहनों के साथ मिलकर महामाया फ्रेगरेंस कंपनी के नाम से एसेंशियल ऑयल बनाने का काम शुरू किया था, जिसमें आरोपियों ने उन्हें करोड़ों का चूना लगा दिया है. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमने मामला दर्ज कर लिया है और शिकायत की पुष्टि और मामले की जांच कर रहे हैं. गुरुदत्त कामथ ने दावा किया कि, वर्ष 2000 में उनके रिश्तेदार श्यामसुंदर नायक, वसंत नायक ने व्यवसाय में शामिल होने में रुचि दिखाई थी. उन्होंने नायक के साथ मिलकर शीर्षा फ्रेगरेंस नाम की एक और कंपनी बनाई, शीर्षा बायोटेक में उनकी 50% हिस्सेदारी थी और नायक के पास 25-25% हिस्सेदारी थी.

## परेशानी | प्लेटफार्म पर बारिश का पानी



मुंबई. दादर सेंट्रल रेलवे प्लेटफॉर्म नंबर आठ पर नए छज्जे डालने का कार्य किया जा रहा है. फिलहाल ढांचा ही खड़ा किया गया है. छत पर पतरी नहीं डाली गई है, जिससे बारिश का पानी प्लेटफॉर्म पर गिर रहा है, जिस वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

# CM शिंदे व नितेश राणे के खिलाफ मामला करें दर्ज

## हाई कोर्ट में याचिका के जरिए आरोप और मांग



■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. मुस्लिम विरोधी बयान देकर दो समुदायों के बीच विवाद पैदा करने के आरोप में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और विधायक नितेश राणे के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है. जिस पर जल्द ही सुनवाई होने की संभावना है. याचिकाकर्ता वकील मोहम्मद वसी ने याचिका में दावा किया है कि संत महंत रामगिरी महाराज का पैगंबर मुहम्मद के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने का वीडियो वायरल हुआ है. इस सार्वजनिक बैठक में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और विधायक नितेश राणे ने महंत रामगिरि महाराज के भाषणों और टिप्पणियों का समर्थन किया था. इसके अलावा याचिका में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने रामगिरी महाराज के बयान का समर्थन किया और पुलिस को उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने का आदेश भी दिया है.

### हिन्दू जन जागरूक मोर्चा पर कार्रवाई की मांग

याचिका में दावा किया गया है कि 2022 से अब तक महाराष्ट्र के लगभग सभी 36 जिलों में कम से कम 50 'हिंदू जन जागरूक मोर्चा' रैलियां आयोजित की गई हैं, जिनमें से अधिकांश रैलियां गुप्त रूप से हिंदू जनजागृति समिति नामक गोवा स्थित कट्टरपंथी एनजीओ द्वारा आयोजित की गई हैं. इनमें से हर रैली का कार्यक्रम तय होता है. हर शहर में लाउडस्पीकर और डीजे के साथ भगवा झंडे और टोपी पहने भीड़ दिखाई देती है. फिर मंच पर वक्ताओं द्वारा मौखिक रूप से अल्पसंख्यकों, मुसलमानों और वक्फ बोर्ड पर हमला करते हुए लव जिहाद, हलाल, मुस्लिम दुकानों का बहिष्कार, बाजार जिहाद, भूमि जिहाद, 'जबरन धर्मांतरण और मुस्लिम समुदाय के आर्थिक बहिष्कार' का भी आह्वान किया जाता है.

## पढ़ाई न करने पर डांटा तो किशोर घर से भागा

**ठाणे.** जिले के शहाड में पढ़ाई न करने पर माता-पिता द्वारा डांट लगाए जाने के बाद 16 वर्षीय लड़का घर से भाग गया. पुलिस ने शनिवार को बताया कि घटना 25 सितंबर की है. उल्हासनगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया लड़के के माता-पिता ने उसे पढ़ाई न करने पर डांटा, जिसके बाद वह बुधवार को रात करीब नौ बजे घर से निकल गया. माता-पिता ने 2 दिन उसकी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिला. पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है

# UBI ने शुरू की 'यूनियन समृद्धि 333 दिन' योजना

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. सरकार की ओर से भारतीय बैंकों में जमा-राशि पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी पर जोर दिया गया है, ताकि ग्राहकों को फिक्स्ड डिपॉजिट में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके. इस बात को ध्यान में रखते हुए, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया (यूबीआई) ने 'यूनियन समृद्धि 333 दिन' योजना की शुरुआत की है. नाम के अनुरूप योजना की न्यूनतम अवधि 333 दिन होगी. इसमें 1,000 रुपये से 3 करोड़ रुपये तक की राशि जमा किया जा सकता है. वरिष्ठ एवं अति-वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज दरें क्रमशः सालाना 7.90% (50 अतिरिक्त बेसिस पॉइंट्स) से सालाना 8.15% (75 अतिरिक्त बेसिस पॉइंट्स) तक हैं. यह नई फिक्स्ड डिपॉजिट योजना अधिक रिटर्न के साथ अपनी बचत को बढ़ाने का सुरक्षित तरीका है.




# स्वच्छता मित्रों की अहम भागीदारी

■ **मुंबई (सं).** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बीएमसी के 24 प्रशासकीय विभागों में शनिवार को स्वच्छता कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. इसमें बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारियों ने हिस्सा लिया और अपनी जांच कराई. बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी ने यह कहकर उनका सम्मान बढ़ाया कि मुंबई वासियों को निरोगी व स्वस्थ बनाए रखने में स्वच्छता मित्रों की अहम भागीदारी है. बीएमसी क्षेत्राधिकार में गीले कचरे और सूखे कचरे का वर्गीकरण अनिवार्य कर दिया गया है. विभिन्न कॉलेज और स्कूली छात्रों ने सार्वजनिक स्वच्छता व कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया. उन्होंने घर-घर जाकर गीला कचरा, सूखा कचरा वर्गीकरण और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फेंकने के बारे में लोगों को जागरूक किया.



# 16 करोड़ की छात्रवृत्ति देगा मालाबार ग्रुप

## 21,000 छात्राओं को मिलेगी स्कॉलरशिप

**व्यापार**

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. मालाबार गोल्ड के प्रवर्तक समूह मालाबार ग्रुप ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए 2024 के अपने नेशनल स्कॉलरशिप प्रोग्राम की घोषणा की है. यह घोषणा मुंबई में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की उपस्थिति में आयोजित एक कार्यक्रम में की गयी. इस छात्रवृत्ति कार्यक्रम (स्कॉलरशिप प्रोग्राम) के तहत इस साल देश में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की 21,000 मेधावी छात्राओं की शिक्षा को सपोर्ट करने के लिए 16 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं.




इस पहल को लेकर मालाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा कि शिक्षा दुनिया को बदलने का सबसे ताकतवर साधन है. हमारा छात्रवृत्ति कार्यक्रम मालाबार ग्रुप की उस गहरी मान्यता को सीधे तौर पर दिखाती है कि शिक्षा अवसरों के द्वार खोल देती है और लोगों के जीवन को बदल देती है. हम युवतियों के लिए बाधाओं को खत्म करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं ताकि वे अपनी शैक्षणिक आकांक्षाओं को पूरा कर पाएं और समाज के लिए सार्थक योगदान कर पाएं. मालाबार नेशनल स्कॉलरशिप प्रोग्राम की शुरुआत साल 2007 में की गई थी जो सीएसआर फ्रेमवर्क के तहत सबसे प्रमुख पहल है. इस कार्यक्रम के तहत अब तक देशभर में 95,000 छात्राओं को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए 60 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश किया जा चुका है. इस छात्रवृत्ति कार्यक्रम के साथ ही, मालाबार ग्रुप के हंगर-फ्री वर्ल्ड प्रोजेक्ट के तहत देशभर में वंचित लोगों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाता है.

# ऑलकार्गो गति ने बढ़ाई सेवा दरें

**मुंबई.** लॉजिस्टिक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ऑलकार्गो गति लिमिटेड ने अपनी एक्सप्रेस डिस्ट्रिब्यूशन सेवाओं की दरों में 10.2 प्रतिशत की औसत कीमत वृद्धि की घोषणा की है. हालांकि यह बढ़ोत्तरी एक जनवरी, 2025 से प्रभावी होगी. ऑलकार्गो द्वारा गति के रणनीतिक अधिग्रहण के बाद कीमत में पहली बार बदलाव की घोषणा की गई है. कंपनी का कहना कि कीमतों को परिचालन क्षेत्र में हो रहे मौजूदा निवेश के अनुरूप निर्धारित करने की जरूरत और सेवा गुणवत्ता के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए कीमत में वृद्धि का यह फैसला किया गया है. इससे परिचालन खर्च में पिछले कुछ वर्षों में हुई भारी वृद्धि के असर को कम करने में मदद मिलेगी.

# कपूर, धर्माधिकारी पुरुष व महिला वर्ग में शीर्ष पर

**खेल जगत**

■ **मुंबई (सं).** पुणे के शटलर वरुण कपूर और साद धर्माधिकारी योनेक्स सनराइज नंदू नाटेकर मेमोरियल महाराष्ट्र स्टेट सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट (टीम) और स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला एकल स्पर्धाओं में शीर्ष वरीयता दी गई है. यह चैंपियनशिप महाराष्ट्र बैडमिंटन एसोसिएशन (एमबीए) और बैडमिंटन एसोसिएशन फॉर मुंबई उपनगर (बीएएमयू) के तत्वावधान में 20 सितंबर से गोरेगांव स्पोर्ट्स क्लब में खेली जाएगी. पुणे के ही यश शाह और श्रुति मुंडाडा पुरुष और महिला वर्ग में दूसरे स्थान पर हैं.


**मुंबई के कुंवारे को शीर्ष वरीयता :** ग्रेटर मुंबई के कुवाले भाई-बहन विप्लव और विराज पुरुष युगल स्पर्धा में शीर्ष वरीयता प्राप्त हैं, जबकि महिला वर्ग में ठाणे की मृण्मयी देशपांडे और कोल्हापुर की प्रेरणा अल्वेकर की संयुक्त जोड़ी को प्रथम वरीयता प्राप्त है. ठाणे के अमन फरोघ संजय और अनघ करंदीकर की जोड़ी मिश्रित युगल स्पर्धा में शीर्ष वरीयता प्राप्त है. टीम चैंपियनशिप में शीर्ष सम्मान के लिए कुल 17 पुरुष टीम और 13 महिला टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी. राखी सोनीग्रा जैन, संयुक्त सचिव और इंडोर स्पोर्ट्स सचिव, जीएससी के साथ-साथ भारत की सफल युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रंकीरेड्डी उद्घाटन समारोह में मौजूद रहेंगे.



**जन समस्या** | पार्क साइट के पहाड़ियों के किनारे लगातार हो रही भूस्खलन की घटनाएं, घटनाओं को रोकने में मनपा असमर्थ

# धसक रहा पहाड़, गिर रहे घर, स्थानीय लोगों में बैठा डर

■ **मुंबई (सं).** बरसात के मौसम में पार्क साइट के पहाड़ियों के किनारे भूस्खलन की घटनाएं लगातार जारी है, इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए महानगरपालिका कोई व्यवस्था नहीं कर पा रही है आम लोग भी पहाड़ियों के किनारे एकदम ऊपरी छोर तक अपना आशियाना बना चुके हैं. पिछले सप्ताह विक्रोली पार्क साइट के जय बजरंग सोसायटी में भूस्खलन हो गया, जिससे कई मकान में क्षतिग्रस्त हो गए. उसके पहले शांति सोसायटी वर्षा नगर में संरक्षण दीवार का एक हिस्सा गिरने से निर्माणधीन श्री नील कंठेश्वर मंदिर का एक भाग गिर गया था. स्थानीय लोगों को कहना है इस बरसात में 3 बार सुरक्षा दिवार गिरी, जिस वजह से कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए. इस मानसून में 123 में इस तरह की तीन से चार बार भूस्खलन की घटनाएं घट चुकी है. हालांकि इन घटनाओं में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. घटना के बाद मौके पर पुलिसकर्मी, दमकल कर्मी एवं स्थानीय लोगों को वहां से सुरक्षित हट जाने का निर्देश तो देते हैं, लेकिन इस पर कोई अमल नहीं होता है.



### नोटिस जारी कर सुरक्षित जगहों पर जाने दिया गया है निर्देश

- मनपा ने बरसात के पहले पहाड़ी और पहाड़ियों के किनारे बसे झोपड़ी मालिकों को नोटिस जारी करके सुरक्षित जगहों पर जाने का निर्देश भी दिया है लोगों को उचित व्यवस्थापन करने की कोई प्रशासनिक व्यवस्था नहीं होने की वजह से लोग इसी जगह पर रहने को मजबूर है.
- बरसात के मौसम में पार्क साइट के पहाड़ियों के किनारे भूस्खलन की घटनाएं लगातार जारी है. इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए मनपा कोई व्यवस्था नहीं कर पा रही है. आम लोग भी पहाड़ियों के किनारे एकदम ऊपरी छोर तक अपना आशियाना बना चुके हैं.



*भूस्खलन की घटना के बाद हमने घटनास्थल का मुआयना किया है. लोगों को भूस्खलन को लेकर कुछ दिशा निर्देश भी दिए हैं. इसके अलावा म्हाडा को गिरी हुई सुरक्षा दीवार को बनाने के लिये पत्र भी लिखा है.*
- गजानन बेलाले, सहायक आयुक्त एन वार्ड

*इस बरसात में एक ही जगह पर तीन बार भूस्खलन की घटना घट चुकी है, जिससे सुरक्षा दिवार धसक कर नीचे गिर गई. कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं, शौचालय भी टूट गए हैं. हमने महानगरपालिका से इसकी व्यवस्था करने को कहा है.*
- अशोक माली, पार्क साइट



*सुरक्षा दीवार बनाने के लिये जो निधि आती है, उसका प्रॉपर इस्तेमाल नहीं होता है, उसमें बड़ा भ्रष्टाचार है, इसकी जांच होनी चाहिये.पार्क साइट पूरा स्लम है पहाड़ी के किनारे बसा हुआ है.इन जगहों पर गरीब और मध्यम वर्गीय लोग रहते हैं उनको सुविधा और सुरक्षा मिलनी चाहिये,जो नहीं मिल रही है.*
- गणेश चुक्कल, विभाग अध्यक्ष घाटकोपर (प.)मनसे

### 2010 में हुआ था सर्वेक्षण, अभी तक काम शुरू नहीं

वर्ष 1992 से 2022 के बीच भूस्खलन के हादसे में 320 लोगों की मौत हुई और 330 से ज्यादा लोग घायल हो चके है. मुंबई स्लम इम्प्रूवमेंट बोर्ड ने स्थानांतरण करने की सिफारिश भी की थी. 2010 में एक सर्वेक्षण किया था. तत्कालीन सीएम पृथ्वी राज चव्हाण ने 1 सितंबर, 2011 को एक योजना तैयार करने का आदेश नगरविकास विभाग को दिया था. तब से 13 साल बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक इस पर काम ही नहीं शुरू किया है.



# मुंबई के क्रिकेटर मुशीर सड़क दुघर्टना में घायल

■ **मुंबई (सं).** 19 वर्षीय शीर्ष क्रम के बल्लेबाज और बाएं हाथ के स्पिनर मुशीर खान शुक्रवार, 27 सितंबर को सड़क दुर्घटना में घायल हो गए, जब वे 1 से 5 अक्टूबर 2024 तक होने वाले आगामी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक जेडआर ईरानी कप में भाग लेने के लिए अपने परिवार के साथ आजमगढ़ से लखनऊ जा रहे थे.मुशीर को फिलहाल लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर है, वे होश में हैं और बेहतर है. उनकी गर्दन में फ्रैक्चर हुआ है और उन्हें डॉक्टरों की कड़ी निगरानी में रखा गया है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन की मेडिकल टीमें उनकी प्रगति पर कड़ी निगरानी रख रही हैं. एमसीए के सचिव अभय हडपने बताया कि एक बार जब मुशीर को यात्रा के लिए चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित कर दिया जाएगा, तो उन्हें आगे के मूल्यांकन और अतिरिक्त चिकित्सा उपचार के लिए मुंबई जाया जाएगा. इन मूल्यांकनों के बाद उनके ठीक होने की समयसीमा तय की जाएगी.





# विस चुनाव पूर्व गीता और नरेंद्र मेहता में घमासान

## आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू, एक दूसरे पर साधे निशाने

■ **मुंबई, (सं).** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग की एक टीम महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुंबई दौरे पर आई हुई है. चुनाव की तारीखों की घोषणा होना अभी बाकी है, लेकिन मीरा-भाईंदर में वर्तमान विधायक गीता भरत जैन और पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता में घमासान मच गई है. दोनों ने ही एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने शुरू कर दिए हैं. शनिवार को विधायक जैन ने पत्रकार परिषद बुलाकर पूर्व विधायक मेहता पर कई गंभीर आरोप लगाए. तो इसकी भनक लगते ही पूर्व विधायक मेहता ने भी पत्रकार परिषद बुलाकर जैन के आरोपों का कड़ा जवाब दिया.

दरअसल, जैन ने मेहता पर आरोप लगाया कि मेहता से संबंधित सेवन इलेवन कंपनी की वजह से काशी गांव स्टेशन पर प्रवेश और निकास स्थल के एक हिस्से का निर्माण कार्य काफी समय से रुका हुआ है. यहां पर मेसर्स (7/11) सेवन इलेवन कंपनी का मालिकाना हक है. एमएमआरडीए ने कई बार मनपा से पत्र-व्यवहार किया था और इस जगह को अपने कब्जे में लेकर इसे हस्तांतरित करने की मांग की थी, लेकिन लगभग 22 महीने की कोशिशों के बाद भी इसे हासिल नहीं किया जा सका, जिससे मेट्रो लाइन 09 का काम ठप हो गया है. इस वजह से सरकार को प्रति माह करीब 3.50 करोड़ रुपए का घाटा हो रहा है और यह घाटा करीब 22 महीने से चल रहा है. जैन ने कहा कि उनको इस बात की जानकारी होने पर उन्होंने 11 सितंबर को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, मुख्य सचिव को पत्र लिखकर तत्काल जमीन का कब्जा दिलाने का आदेश देने का अनुरोध किया, जिससे जल्द से जल्द मेट्रो को जनता के लिए खोला जा सके और सरकारी नुकसान से बचा जा सके. 133 वर्ग मीटर जमीन लेने के बदले में महानगरपालिका टीडीआर या अन्य माध्यम से मुआवजा देने को तैयार है, लेकिन फिर भी सेवन इलेवन कंपनी का जनहित प्रोजेक्ट बंद करना ठीक नहीं है.

**7/11 कंपनी की वजह से मेट्रो 9, सूर्या प्रकल्प का कार्य रुका: गीता जैन**





**जैन को ज्ञान नहीं, वे जनता से झूठ बोल रही हैं: नरेंद्र मेहता**

विधायक जैन के आरोप से आहत पूर्व विधायक मेहता ने कड़ा प्रत्युत्तर देते हुए कहा कि जैन को ज्ञान नहीं है, कोई जगह कैसे ली जाती है, वे शहर की जनता से झूठ बोल रही हैं, इसमें उनका दोष नहीं है, वे एक्सीडेंटल विधायक हैं. सरकार के अपने नियम हैं, उस नियम के तहत कोई भी जगह वह ले सकती है. शहर के विकास में 7/11 कंपनी ने अब तक 5 एकड़ से अधिक जमीन दिए हैं, जिसका करीब 200 करोड़ रुपए मुआवजा आज तक नहीं मिला. मेहता ने कहा कि मुआवजा मिलने पर एक मिनट में जगह देने को तैयार हूं, उन्होंने कहा कि वे खुद 3 से 4 बार मनपा आयुक्त को पत्र लिख चुके हैं कि मीरा गांव की सर्वे नंबर 16, 7 व 5 का कुछ हिस्सा मेट्रो प्रकल्प से बाधित हो रहा है. वह जगह वे देने को तैयार हैं, सरकार के नए नियम के अनुसार उन्हें आर्थिक मुआवजा दिया जाए, लेकिन मनपा आयुक्त ने इस पर कोई पहल नहीं की है.

### न्यायमूर्ति भूषण गवई ने अकादमी का किया शिलान्यास

# महाराष्ट्र में बनेगी एडवोकेट अकादमी

■ **मुंबई, (सं).** देश की पहली एडवोकेट एकेडमी और रिसर्च सेंटर का निर्माण निश्चित तौर पर महाराष्ट्र में हो रहा है, यह अकादमी समाज में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और न्यायपालिका के लिए सम्मान का प्रतीक होगी. यह बात उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति भूषण गवई ने नवी मुंबई के तलोजा में बनने वाले एडवोकेट अकादमी और रिसर्च सेंटर की आधारशिला रखने के उपरांत नेरुल के डी.वाई पाटिल लॉ कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम इससे संबंधित समारोह के दौरान कही.

**कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका एक दूसरे के पूरक :** इस समारोह में न्यायमूर्ति भूषण गवई ने कहा कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका प्रणालियां एक-दूसरे की पूरक और सहायक हैं. न्यायिक क्षेत्र के सभी लोगों को इस प्रणाली को और अधिक कुशल बनाने का प्रयास करना चाहिए. महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से एडवोकेट एकेडमी एवं रिसर्च सेंटर का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाएगा. सरकार के सहयोग से राज्य में नागपुर, औरंगाबाद और मुंबई में विधि विश्वविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं. नागपुर में लॉ यूनिवर्सिटी बनकर तैयार हो गई है और इसका परिसर विश्व स्तरीय परिसर बन गया है.



### अकादमी के माध्यम से अच्छे कानून बनाने में मिलेगी मदद

मुंबई लॉ यूनिवर्सिटी का काम भी जल्द शुरू होने वाला है. उन्होंने इस अकादमी के लिए सीटें आवंटित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए सरकार को धन्यवाद दिया. इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि उन्हें निश्चित रूप से खुशी है कि देश की पहली अधिवक्ता अकादमी महाराष्ट्र में क्रियान्वित की जा रही है. उन्होंने कहा कि सरकार ने इस अकादमी के लिए जगह उपलब्ध करा दी है. इसमें कोई संदेह नहीं कि अकादमी समाज के साथ-साथ सरकार के लिए भी उपयोगी होगी. यह अकादमी निश्चित तौर पर अच्छे कानून बनाने में मदद करेगी. इस मौके पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश प्रसन्ना वराले, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, उद्योग मंत्री उदय सामंत, स्कूल शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर, बॉम्बे हाई कोर्ट के न्यायाधीश एएस गडकरी, न्यायाधीश नितिन साम्ब्रे, महाराष्ट्र राज्य के महाधिवक्ता डॉ. बीरेंद्र सराफ, गोवा राज्य के महाधिवक्ता देवीदास पंगम, बार काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र और गोवा के उपाध्यक्ष एड. सुदीप पासबोला, आशीष देशमुख और महाराष्ट्र और गोवा बार काउंसिल के सदस्य, नवी मुंबई मनपा के आयुक्त कैलास शिंदे, विलास गायकवाड़, नवी मुंबई पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दीपक सकोरे, पुलिस उपायुक्त पंकज दहाणे, तिरूपति काकाडे, डॉ. राहुल गेठे, कानून और न्याय के क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठित वकील, कानून विभाग के छात्र उपस्थित थे .

# रेलवे स्टेशन क्षेत्र में भरा पानी

## बनी बाढ़ जैसी स्थिति

■ **कल्याण, (सं).** कल्याण पश्चिम में रेलवे स्टेशन क्षेत्र में भारी बारिश और स्मार्ट सिटी के कार्य के चलते स्टेशन परिसर में जलजमाव की मात्रा बढ़ गई. जिससे बाढ़ जैसी स्थिति बन गई. इसलिए नागरिकों, यात्रियों और वाहन चालकों को सड़क से वाहन निकालने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी पूरे रेलवे स्टेशन क्षेत्र में पानी भर गया. स्मार्ट सिटी के चल रहे कार्यों के कारण, पानी की निकासी के लिए जलमार्ग संकीर्ण हो गए हैं, और थोड़ी सी बारिश के कारण कल्याण पश्चिम में रेलवे स्टेशन क्षेत्र में बाढ़ सी आ रही है, जिससे



रिक्शा चालकों के साथ ही नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

### केदार दिघे का सीएम शिंदे पर निशाना, संजय शिरसाट को भी प्रत्युत्तर

# धर्मवीर-2 की कहानी पूरी तरह से फर्जी

■ **ठाणे, (सं).** ठाणे जिला शिवसेना प्रमुख रहे आनंद दिघे जीवन पर बनी फिल्म धर्मवीर-1 के बाद धर्मवीर -2 सिनेमा घरों में आने के लिए तैयार है. जिसको लेकर शिवसेना (यूबीटी) शिंदे गुट पर हमलावर है. आनंद दिघे के भतीजे एवं शिवसेना (यूबीटी) ठाणे जिला प्रमुख केदार दिघे ने कहा है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने खुद की छवि को चमकाने के लिए धर्मवीर-2 की फर्जी कहानी गढ़ी है. दिघे ने संजय शिरसाट को प्रत्युत्तर देते हुए सवाल किया है कि यदि आनंद दिघे की हत्या हुई थी तो 23 सालों तक चुप क्यों थे? उन्होंने यह भी कहा है कि अंतिम समय आनंद दिघे साहेब शिंदे के कंधे पर थे, तो शंका की सुई किस तरफ है.

### शिरसाट के बयान से सियासत हुई तेज

शिरसाट के बयान से आनंद दिघे की मृत्यु को लेकर चर्चा शुरू हो गई है.



केदार दिघे ने कहा है कि धर्मवीर-1 इंटरवल के बाद फेक थी.उसी तरह धर्मवीर -2 फिल्म भी खुद की छवि बनाए रखने के लिए बनाई गई है. उन्होंने कहा कि धर्मवीर-1 में कुछ प्रसंग सही थे, लेकिन धर्मवीर -2 में विश्वासघात को छिपाने एवं लोगों में अपनी छवि चमकाने का प्रयास भर ही है. दिघे ने कहा कि अब विधायक संजय शिरसाट कह रहे हैं कि दिघे की घात लगाकर हत्या की गई है. धर्मवीर 1 में आखिरी सीन यह था कि एकनाथ शिंदे दिघे साहेब को कंधे पर उठाकर अस्पताल से नीचे आते हैं. तो सवाल उठता है कि वास्तव में संजय शिरसाट की आशंका किस पर है? मंत्री पद का इंतजार कर रहे वरिष्ठ नेता को महामंडल ही मिला.

# भाईंदर में पानी के लिए मनसे का हंडा आंदोलन

## पेयजल की समस्या से नागरिक हुए त्रस्त



■ **भाईंदर, (सं).** राज्य में इस वर्ष अच्छी बरसात होने के बावजूद मीरा - भाईंदर शहर में कई महीने से लगातार जारी अघोषित पानी कटौती से उत्पन्न पानी की भीषण समस्या के खिलाफ शुक्रवार को मनसे के कार्यकर्ताओं ने भाईंदर पूर्व के नवघर रोड नाका से मनपा मुख्यालय तक हंडा मोर्चा निकाल कर आंदोलन और मनपा प्रशासन का विरोध जताया. मीरा -भाईंदर मनसे जिलाध्यक्ष संदीप राणे के नेतृत्व में महिला विधानसभा अध्यक्ष कविता वायंगणकर ने महिलाओं का हंडा मोर्चा निकाला और मनपा आयुक्त संजय काटकर का निषेध व्यक्त किया. साथ ही राणे ने नियमित पानी आपूर्ति शुरू नहीं होने पर पानी विभाग के कार्यकारी अभियंता शरद नानेगांवकर को मुंह में कालिख पोतने की चेतावनी दी.

### बड़ी संख्या में महिलाएं मोर्चे में हुईं शामिल

इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं मोर्चा में शामिल हुई. मोर्चे में शामिल महिलाओं का आरोप था कि पानी विभाग नए - नए बने इमारतों में नियमित पानी आपूर्ति करती है और शहर के पुराने बस्तियों, नवघर, गोडदेव, बंदरवाड़ी, खारीगांव आदि क्षेत्रों में कम दबाव से जानबूझकर पानी आपूर्ति करते हैं, जिससे यह मानव निर्मित कृत्रिम पानी की किल्लत उत्पन्न हो रही है. हालांकि पानी विभाग के कार्यकारी अभियंता शरद नानेगांवकर का कहना है कि एमआईडीसी और स्टेम प्राधिकरण द्वारा पानी के पुराने पाइप लाइन को बदलने का कार्य किया जा रहा है. जिससे समय समय पर शट्डाउन की जा रही है. एक बार सभी पुराने पाइप लाइन बदल दिए जाएंगे तो नियमित पर्याप्त पानी आपूर्ति की जा सकेगी.

**QUICK NEWS**

### लुटेरों ने ठेला मालिक से लुटे 52 हजार रुपए

**भिवंडी.** पुलिस की लाख कोशिशों के बाद भी मुंबई नाशिक महामार्ग पर लूटपाट का सिलसिला थम नहीं रहा है. 3 अज्ञात लुटेरों ने एक ठेला गाड़ी मालिक को बंधक बनाकर 52 हजार रुपए की लूट को अंजाम देकर रफूचक्कर हो गए. ठाकुरपाड़ा के पास बांसुरी होटल के सामने नींबू शिकंजी बेचने वाले दिनेश कुमार सेन ठेला लगाकर खड़े थे. तीन अज्ञात लुटेरे टेम्पो में सवार होकर आएऔर चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर उनका मोबाइल फोन, नकदी और नींबू शिकंजी मशीन लूट कर शाहपुर-कसारा घाट के सुनसान इलाके में छोड़कर नाशिक की ओर फरार हो गए.

### दहेज की डिमांड से तंग नवविवाहिता ने दी जान

**भिवंडी.** भिवंडी तालुका कशेली गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. दहेज प्रताड़ना से तंग एक नवविवाहिता 21 वर्ष की सुष्मिता ने अपने घर में ओढ़नी से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. हृदय विदारक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया. गोरखपुर निवासी विद्याधर चमारू प्रसाद ने नारपोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी बेटी को शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक यातनाएं दे रहे थे. ससुराल वालों की दहेज मांग और प्रताड़ना से परेशान होकर सुष्मिता ने फांसी लगाई है.

# आज मध्य रेल पर रहेगा मेगा ब्लॉक

## इंजीनियरिंग और रखरखाव का होगा कार्य

■ **मुंबई, (सं).** मध्य रेल का मंडल आज यानी 29.9.2024 को अपने उपनगरीय खंडों पर विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा. इस ब्लॉक के दौरान माटुंगा-मुलुंड अप और डाउन स्लो लाइन सुबह 11.05 बजे से दोपहर 3.55 बजे तक प्रभावित रहेगी. सीएसएमटी मुंबई से सुबह 10.14 बजे से दोपहर 3.18 बजे तक प्रस्थान करने वाली डाउन स्लो लाइन की सेवाएं माटुंगा और मुलुंड स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डाइवर्ट की जाएगी, जो सायन, कुर्ला, घाटकोपर, विक्रोली, भांडुप और मुलुंड स्टेशनों पर रुकेंगी और फिर मुलुंड स्टेशन पर डाउन स्लो लाइन पर डाइवर्ट की जाएगी.



साथ ही निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी. तो वहीं सुबह 10.58 बजे से दोपहर 3.59 बजे तक ठाणे से प्रस्थान करने वाली अप स्लो लाइन की सेवाएं मुलुंड में अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी, मुलुंड और माटुंगा स्टेशनों के बीच मुलुंड, भांडुप, विक्रोली, घाटकोपर, कुर्ला-सायन पर रुकेंगी और फिर माटुंगा पर अप स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी और निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी. कुर्ला और वाशी के बीच अप और डाउन हार्बर लाइन सुबह 11.10 बजे से शाम 4.10 बजे तक प्रभावित रहेंगी. डाउन हार्बर लाइन की सेवाएं सुबह 10.34 बजे से दोपहर 3.36 बजे तक सीएसएमटी से प्रस्थान करने वाली वाशी/बेलापुर/पनवेल और सुबह 10.16 बजे से दोपहर 3.47 बजे तक पनवेल/बेलापुर/वाशी से सीएसएमटी के लिए प्रस्थान करने वाली अप हार्बर लाइन की सेवाएं रद्द रहेंगी. हालांकि, ब्लॉक अवधि के दौरान सीएसएमटी-कुर्ला और कुर्ला-पनवेल/वाशी के बीच विशेष सेवाएं चलेंगी.

**कुर्ला-पनवेल/वाशी के बीच विशेष सेवाएं चलेंगी**

### पुलिस कर्मियों के परिवार के साथ की गई धोखाधड़ी

**नवी मुंबई.** एक पुलिसकर्मी की पत्नी ने पुलिस कर्मचारियों के परिवार से आर्थिक धोखाधड़ी की है. पुलिस परिवार सहित अन्य लोगों से बीसी और बचत गट (स्वयं सहायता समूह) में निवेश करने के नाम पर 82 लाख रुपए यह कहकर लिया था कि जो जितना पैसा निवेश करेगा उसे उतना अधिक लाभ मिलेगा, परंतु समय सीमा समाप्त होने पर जब पैसा वापस नहीं किया तो महिला के साथ गाली गलौज करते हुए धमकी दी और पैसा वापस नहीं करने की बात कही जिसके बाद इस मामले की शिकायत सीबीडी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है. सीबीडी स्थित पुलिस कॉलोनी में रहने वाले पुलिस कर्मचारी की पत्नी के द्वारा इस तरह की धोखाधड़ी की गई है.

# अब बदलापुर को भी मिलेगा अतिरिक्त पानी

## उल्हास नदी से सात एमएलडी पानी का कोटा मंजूर

■ **अंबरनाथ, (सं).** अंबरनाथ और बदलापुर शहर के लिए उल्हास नदी से अतिरिक्त सात मिलियन क्यूबिक मीटर (एमएलडी) पानी के आरक्षण को राज्य सरकार के संबंधित विभाग से मंजूरी मिल गई है. इसके चलते अंबरनाथ में प्रस्तावित अमृत जल योजना 2 का रास्ता आसान हो गया है. वहीं, बदलापुर में जल आरक्षण के कारण रुकी जल योजना को भी अब गति मिलेगी व उस योजना को अंतिम मंजूरी मिलने जा रही है. बदलापुर और अंबरनाथ शहर की जल आपूर्ति प्रणाली का प्रबंधन महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण (एमजेपी) के माध्यम से किया जाता है. बदलापुर शहर को उल्हास नदी पर बने बैराज बांध से पानी की आपूर्ति की जाती है. यही से अंबरनाथ शहर के अधिकांश हिस्से को भी आपूर्ति की जाती है. अंबरनाथ शहर की आबादी को देखते हुए, अंबरनाथ नगरपालिका का चिखलोली बांध शहर को प्रतिदिन 6 एमएलडी पानी की आपूर्ति करता है.



### 'मेरी वसुंधरा अभियान 4' के पुरस्कार की भी घोषणा, अमृत समूह में मिला दूसरा स्थान

# राज्य में नवी मुंबई अव्वल

■ **नवी मुंबई, (का. प्र.)** महाराष्ट्र सरकार के पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित 'मेरी वसुंधरा अभियान 4.0' में नवी मुंबई मनपा को राज्य स्तर पर 10 लाख से अधिक आबादी वाले बड़े शहरों के अमृत समूह में दूसरा स्थान मिला है, जबकि राज्य के 'क' श्रेणी की मनपाओं में नवी मुंबई ने प्रथम स्थान हासिल किया है, इसके अलावा 'भूमि विषयगत' श्रेणी में सर्वोच्च राज्य स्तरीय प्रदर्शन के लिए नवी मुंबई मनपा को विशेष पुरस्कार देने की घोषणा की गई है.



उक्त पुरस्कारों की घोषणा पर नवी मुंबई मनपा के आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने कहा कि यह सभी पुरस्कार नवी मुंबई के पर्यावरण-प्रेमी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी को समर्पित किया है, उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार पर्यावरण-प्रेमी नागरिकों, जन प्रतिनिधियों, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों, मंडलों के साथ-साथ मनपा के कर्मचारियों की संयुक्त भागीदारी के कारण प्राप्त हुआ है.


### भौतिक दौरों के माध्यम से किया गया मूल्यांकन

- मनपा को मिली इस सफलता के लिए डॉ. शिंदे ने नवी मुंबई के सभी नागरिकों को बधाई दी है और उनके मौलिक सहयोग के लिए धन्यवाद दिया.
- गौरतलब है कि प्रकृति के 5 तत्वों भूमि, वायु, जल, अग्नि और आकाश पर आधारित 'मेरी वसुंधरा अभियान 4.0' 1 अप्रैल 2023 से 31 मई 2024 तक लागू किया गया था, इसमें 414 शहरी स्थानीय स्वशासन निकायों और 22218 ग्राम पंचायतों सहित राज्य के कुल 22632 स्थानीय स्वशासन निकायों ने भाग लिया.
- 10 लाख से अधिक आबादी वाले बड़े शहरों के समूह में नवी मुंबई राज्य में दूसरे स्थान पर है, इसके अलावा भूमि विषयक श्रेणी में नवी मुंबई राज्य में सर्वश्रेष्ठ था. नवी मुंबई मनपा को अमृत श्रेणी में दूसरे पुरस्कार के लिए 7 करोड़ और भूमि विषयगत में सर्वोच्च प्रदर्शन के लिए 2 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी, जिसे सरकार द्वारा दिए गए मापदंड के अनुसार शहर में पर्यावरण अनुकूल विषयों पर खर्च किया जाएगा.

**विश्व हृदय दिवस** | उच्च कोलेस्ट्रॉल के कारण युवाओं में हृदय संबंधी बीमारी में 50% वृद्धि, हर 6 माह में लिपिड प्रोफाइल परीक्षण जरूरी

# हृदय बीमारी से पीड़ित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही

■ **मुंबई, (सं).** उच्च कोलेस्ट्रॉल के कारण हृदय संबंधी बीमारियों में वृद्धि दिखाई दे रही हैं. पिछले कई वर्षों से युवाओं में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ती जा रही है. यह अब चिंता का कारण बन रहा हैं. क्योंकि, उच्च कोलेस्ट्रॉल आमतौर पर तक स्पष्ट लक्षण नहीं दिखता जब तक गंभीर समस्या नहीं होती. 19-24 वर्ष की आयु के युवाओं में उच्च कोलेस्ट्रॉल और मध्यम आयु वर्ग (35-50) के दौरान हृदय रोग के मामलों में 50% वृद्धि हो रही हैं. इसलिए शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा की जांचने के लिए नियमित रूप से लिपिड प्रोफाइल स्क्रीनिंग करना काफी जरूरी है. लीलावती अस्पताल के कार्डिओलॉजिस्ट डॉ. विद्या सूरतकल ने कहा कि भारत में हृदय संबंधी बीमारी से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है. युवाओं में उच्च कोलेस्ट्रॉल का स्तर दो प्रकार का होता है. कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन (एलडीएल) और उच्च घनत्व वाले लिपोप्रोटीन (एचडीएल). एलडीएल कोलेस्ट्रॉल आपके दिल के लिए 'बुरा' है




और बढ़ा हुआ एडीएल 'अच्छा' कोलेस्ट्रॉल दिल के कार्य को बेहतर बनाएगा. मेरे पास आने वाले 10 में से 7 युवाओं में उच्च कोलेस्ट्रॉल का स्तर है. पुरुष और महिलाएं दोनों में उच्च कोलेस्ट्रॉल की समस्या देखने मिल रही हैं. मोटापा, धूम्रपान, पारिवारिक इतिहास, आनुवंशिकी, थायराइड की समस्या, उच्च रक्तचाप, गतिहीन जीवनशैली और शराब का सेवन युवाओं में उच्च कोलेस्ट्रॉल का कारण बनता जा रहा है.

### उच्च कोलेस्ट्रॉल से पड़ता है दिल का दौरा

डॉ. सूरतकल ने कहा कि उच्च कोलेस्ट्रॉल हृदय संबंधी समस्याओं को आमंत्रित करता है. उच्च कोलेस्ट्रॉल के स्तर के कारण हृदय को रक्त की आपूर्ति करने वाली धमनियों में प्लाक का निर्माण सीने में दर्द (एनजाइना) का कारण बन सकता है. आपकी रक्त वाहिकाओं में वसा जमा होने से भी रुकावट, दिल का दौरा और स्ट्रोक हो सकता है. दिल के दौरे और स्ट्रोक से देश में मृत्यु दर बढ़ रहे हैं. कोलेस्ट्रॉल के स्तर को प्रबंधित करने और हृदय रोग और स्ट्रोक के जोखिम को मापने के लिए लिपिड प्रोफाइल टेस्ट करना काफी जरूरी है. पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए कोलेस्ट्रॉल का स्तर 200 एमजी/डीएल से कम होना चाहिए, जबकि आपका एलडीएल 100 एमजी/डीएल से कम होना चाहिए और आपका एचडीएल पुरुषों और महिलाओं के लिए 40 एमजी/डीएल से अधिक होना चाहिए.

### कोलेस्ट्रॉल को अनदेखा करना खतरनाक

मुंबई स्थित अपोलो डायग्नोस्टिक मुंबई के पैथोलॉजिस्ट डॉ. संदीप बनर्जी ने कहा कि उच्च कोलेस्ट्रॉल का स्तर 18 से 24 वर्ष के युवाओं में दिल के दौरे और स्ट्रोक जैसी हृदय संबंधी समस्याओं का कारण बन रहा है. शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा जांचने के लिए हर 8-9 महीने में नियमित लिपिड प्रोफाइल जांच करने की डॉक्टर सलाह देते हैं. जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर और ट्राइग्लिसराइड् के स्तर की जांच करने और हृदय की समस्याओं के जोखिम के बारे में जानने के लिए किया जाता है. कोलेस्ट्रॉल कारक को अक्सर बड़ी संख्या में लोगों द्वारा अनदेखा किया जाता है. हर महीने 18-24 वर्ष की आयु के केवल 7-10 युवा अपने कोलेस्ट्रॉल के स्तर की जांच करवाते हैं. उच्च कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखने के लिए पौष्टिक आहार का सेवन करना और अच्छी नींद लेना काफी जरूरी है.

### संतुलित आहार लोगों के लिए बनेगा वरदान

- झायनोव्हा शाल्बी अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अमित गंगवानी ने कहा कि उच्च कोलेस्ट्रॉल के कारण रक्त वाहिकाओं में प्लाक का निर्माण न केवल रुकावट, दिल के दौरे या स्ट्रोक का कारण बनता है.
- गतिहीन जीवनशैली, अस्वास्थ्यकर आहार संबंधी आदतें युवाओं में उच्च कोलेस्ट्रॉल के स्तर में योगदान दे रहे हैं.
- लिपिड पैनल के माध्यम से समय पर निदान युवा आबादी के लिए हृदय रोग के जोखिम को कम करने के लिए फायदेमंद हो सकता है.
- इसलिए संतुलित आहार लें, रोजाना व्यायाम करें, हृदय की समस्याओं को रोकने के लिए डॉक्टर द्वारा बताई गई दवाई का सेवन करें.

# महाराष्ट्र में दो साल में 35 हजार लोग बने उद्योगपति

## उद्योग मंत्री उदय सामंत ने एक कार्यक्रम में दी जानकारी

■ **नवी मुंबई, (का. प्र.)** राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने शनिवार को उल्वे नोड में उद्योग भरारी कार्यक्रम में बोलते हुए दावा किया कि महाराष्ट्र में दो वर्षों में 35,000 उद्यमी बनाए गए हैं. विकास कार्यों की समीक्षा के लिए शनिवार को महाराष्ट्र उद्योग भरारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम दी बा पाटील भूमिपुत्र भवन, उल्वे में आयोजित किया गया था. कार्यक्रम में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि एमआईडीसी ने ढाई लाख एकड़ क्षेत्र में 300 औद्योगिक क्षेत्र प्रस्तावित किए हैं. सरकार और उद्योग के बीच 2500 एमएलडी पानी की आपूर्ति की जाती है. विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए पर्यावरण पूरक उद्योग स्थापित किये जा रहे हैं.



### गढ़चिरौली को बनाया जाएगा औद्योगिक शहर, बढ़ेंगी सुविधाएं

10 एसईजेड, वाइन पार्क जैसे कई औद्योगिक व्यवसाय बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कोंकण में महाराष्ट्र के उद्योग को गुजरात का उद्योग कहकर आलोचना करने का काम कर रहे हैं. देश के इतिहास का पहला श्वेत पत्र देश में किए गए विकास कार्यों का उत्तर दे रहा है. दो साल में 35 हजार लोग उद्यमी बने. गढ़चिरौली को औद्योगिक शहर बनाया जाएगा, उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र से उद्योग जा नहीं रहे बल्कि महाराष्ट्र में नए उद्योग आ रहे हैं, नहीं तो राज्य से उद्योग आएंगे. उद्योग मंत्री उदय सामंत, सांसद सुनील तटकरे ने दावा किया कि उद्योगों के निर्माण में महत्वपूर्ण राष्ट्रीयकृत बैंक छोटे उद्यमों के साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं. उन्होंने यह भी राय व्यक्त की कि एमआईडीसी उद्योगों के निर्माण के लिए भूमिपुत्रों को समर्थन देने के दायरे से परे काम कर रहा है.

# ठाणे-नवी मुंबई

नवभारत प्लस

GKJ



# आतंकी हमले का मंडराया खतरा

## ड्रोन या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से हमले की साजिश

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. आगामी नवरात्र के त्यौहार से पहले मुंबई महानगर पर आतंकी हमले के इनपुट्स से पुलिस अलर्ट हो गई है. नवरात्र के दौरान डांडिया और गरबा का बड़े पैमाने पर आयोजन किया जाता है. जिसमें भारी भीड़ इकट्ठा होती है. 3 अक्टूबर से शुरू होने वाले इस त्योहार पर आतंकी साया पड़ने से मुंबई पुलिस की चुनौती बढ़ गई है. देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को एक बार फिर से इसी मौके पर दहलाने की साजिश के इनपुट भारतीय सुरक्षा एजेंसी को मिले हैं. महाराष्ट्र एटीएस, केन्द्रीय एजेंसी एनआईए इंटेलिजेंस इनपुट के बाद अलर्ट हो गए हैं. महत्वपूर्ण है कि आने वाले दिनों में नवरात्र के बाद दीपावली त्यौहार के बाद महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव भी होने आने वाला है. ऐसे में संदिग्ध आतंकी भीड़भाड़ का फायदा उठाकर आतंकी हमले को अंजाम दे सकते हैं. इस इनपुट के बाद मुंबई के सभी पुलिस स्टेशन में दिशा निर्देश जारी कर दिया गया है. बड़े छोटे मंदिर, भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष एहतियात बरती जा रही है.मुंबई पुलिस ने धार्मिक स्थलों खास कर मंदिर के बाहर एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है.



### लोगों से पुलिस की अपील

*अगर उन्हें कोई भी संदिग्ध वस्तु कहीं भी दिखाई दे तो वो उसकी सूचना बिन देरी किए नजदीकी पुलिस स्टेशन को दें. सुरक्षा के मद्देनज़र आतंकवाद निरोधक बल को भी सक्रिय कर दिया गया है. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम 1951 की धारा 10 उपधारा (2) के तहत एक आदेश जारी किया गया है. कोई भी व्यक्ति छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास आसमान में पैराग्लाइडर, गुब्बारे, पटाखे नहीं छोड़ेगा. कोई भी व्यक्ति विमान की लैंडिंग, टेक ऑफ और उड़ान संचालन में बाधा डालने के इरादे से इस तरह की गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है तो उस पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी.*

*– **अकबर पठान,** डिप्टी कमिश्नर (संचालन), मुंबई पुलिस*

### एटीएस और एनआईए ने किया था खुलासा

मुंबई शहर हमेशा से ही आतंकियों का पहला टारगेट बनती आ रही है. आतंकी धार्मिक स्थलों, धार्मिक कार्यक्रम, रैली और भीड़ भाड़ वाली जगहों को अपना टारगेट बना सकते हैं. मगर बदलते दौर के साथ इस बार आतंकी हमले की तैयारी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के जरिए की जा सकती है. आइसिस के पुणे और खुरासान मॉड्यूल की तफ्तीश के दौरान भी संदिग्ध आतंकियों की तैयारी का खुलासा एटीएस और एनआईए द्वारा किया गया था.

### लीक से हटकर है तैयारी

दरअसल आइसिस और दूसरे आतंकी संगठन के दुनिया में हाल में हुए आतंकी हमलों से सीख लेते हुए भारतीय सुरक्षा एजेंसी नेक्स्ट लेवल पर जाकर अपनी सुरक्षा तैयारियों को लेकर आगे बढ़ रही हैं. जिसमे ए.आई. की मदद भी शामिल हैं.



### होटल और गेस्ट हाउस में रहने वालों पर नजर

पुलिस ने शहर और एमएमआर में आने वाले सभी होटल, धर्मशाला, किराये के मकान में रहने वाले लोगों पर नज़र रखने के निर्देश दिए हैं. सभी नए लोगों का पुलिस वेरिफिकेशन के साथ उनकी जानकारी लोकल पुलिस को साझा करने को कहा गया है. खास कर विदेश के किसी नागरिक को अगर औद्योगिक गाला किराये पर दिया गया है. उस पर उनकी गतिविधियों पर खास नज़र रखने को कहा गया है.

### न्यायमूर्ति भूषण गवई ने अकादमी का किया शिलान्यास

# महाराष्ट्र में बनेगी एडवोकेट अकादमी

■ **मुंबई,** (सं). देश की पहली एडवोकेट एकेडमी और रिसर्च सेंटर का निर्माण निश्चित तौर पर महाराष्ट्र में हो रहा है, यह अकादमी समाज में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और न्यायपालिका के लिए सम्मान का प्रतीक होगी. यह बात उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति भूषण गवई ने नवी मुंबई के तलोजा में बनने वाले एडवोकेट अकादमी और रिसर्च सेंटर की आधारशिला रखने के उपरांत नेरुल के डी.वाई पाटिल लॉ कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम इससे संबंधित समारोह के दौरान कही.

**कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका एक दूसरे के पूरक :** इस समारोह में न्यायमूर्ति भूषण गवई ने कहा कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका प्रणालियां एक-दूसरे की पूरक और सहायक हैं. न्यायिक क्षेत्र के सभी लोगों को इस प्रणाली को और अधिक कुशल बनाने का प्रयास करना चाहिए. महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से एडवोकेट एकेडमी एवं रिसर्च सेंटर का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाएगा. सरकार के सहयोग से राज्य में नागपुर, औरंगाबाद और मुंबई में विधि विश्वविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं. नागपुर में लॉ यूनिवर्सिटी बनकर तैयार हो गई है और इसका परिसर विश्व स्तरीय परिसर बन गया है.



### अकादमी के माध्यम से अच्छे कानून बनाने में मिलेगी मदद

मुंबई लॉ यूनिवर्सिटी का काम भी जल्द शुरू होने वाला है. उन्होंने इस अकादमी के लिए सीटें आवंटित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए सरकार को धन्यवाद दिया. इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि उन्हें निश्चित रूप से खुशी है कि देश की पहली अधिवक्ता अकादमी महाराष्ट्र में क्रियान्वित की जा रही है. उन्होंने कहा कि सरकार ने इस अकादमी के लिए जगह उपलब्ध करा दी है. इसमें कोई संदेह नहीं कि अकादमी समाज के साथ-साथ सरकार के लिए भी उपयोगी होगी. यह अकादमी निश्चित तौर पर अच्छे कानून बनाने में मदद करेगी. इस मौके पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश प्रसन्ना वराले, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, उद्योग मंत्री उदय सामंत, स्कूल शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर, बॉम्बे हाई कोर्ट के न्यायाधीश एएस गडकरी, न्यायाधीश नितिन साम्ब्रे, महाराष्ट्र राज्य के महाधिवक्ता डॉ. बीरेंद्र सराफ, गोवा राज्य के महाधिवक्ता देवीदास पंगम, बार काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र और गोवा के उपाध्यक्ष एड. सुदीप पासबोला, आशीष देशमुख, नवी मुंबई मनपा के आयुक्त कैलास शिंदे, विलास गायकवाड़, नवी मुंबई पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दीपक सकोरे, पुलिस उपायुक्त पंकज दहाणे, तिरूपति काकाडे आदि मौजूद थे.

### नागरिकों और ग्रामीणों की शिकायतों का होगा निराकरण

# सिडको भवन में 'जनता दरबार' लगाएंगे शिरसाट

■ **नवी मुंबई,** (सं). सिडको के अध्यक्ष संजय शिरसाट को चुनाव आचार संहिता से पहले अपनी पहचान बनाने के लिए पर्याप्त दिन नहीं दिए गए थे, इसलिए शिरसाट प्रतिदिन सिडको भवन आ रहे हैं और नागरिकों और ग्रामीणों की शिकायतें सुन रहे हैं. उन्होंने कहा कि मैं केवल आवेदन स्वीकार करने के लिए अध्यक्ष नहीं बना हूं, उन्होंने स्पष्ट किया कि वे जल्द ही सिडको भवन में 'जनता दरबार' आयोजित कर उनकी समस्याएं सुनने तथा निराकरण करने का काम करेंगे.

**अध्यक्ष पद संभालने वाले पहले शिवसेना नेता :** उल्लेखनीय है कि सिडको का अध्यक्ष पद पिछले चार साल से खाली था। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने करीबी सहयोगियों में से एक शिरसाट को सिडको का अध्यक्ष नियुक्त करके ठाणे और रायगढ़ जिलों के अलावा मराठवाड़ा को यह अवसर दिया है. सिडको का कार्यभार संभालने के बाद शिरसाट ने पहले दिन घोषणा की कि वह एक वफादार शिवसैनिक हैं.



*यदि कोई नागरिक सिडको के संबंध में शिकायत करता है तो उसे सिडको द्वारा की गई कार्रवाई का जवाब जनता दरबार में दिया जाएगा. कुछ प्रश्नों के लिए सिडको निदेशक मंडल उन मामलों पर निर्णय भी ले सकता है. नागरिक अपनी शिकायत सिडको भवन में 'सिडको अध्यक्ष जनता दरबार' शीर्षक के तहत जमा कर सकते हैं. मैंने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं.*

*– **संजय शिरसाट,** (अध्यक्ष, सिडको)*

# आज मध्य रेल पर रहेगा मेगा ब्लॉक

### रखरखाव का किया जाएगा कार्य

■ **मुंबई,** (सं). मध्य रेल का मंडल आज यानी 29.9.2024 को अपने उपनगरीय खंडों पर विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा. इस ब्लॉक के दौरान माटुंगा-मुलुंड अप और डाउन स्लो लाइन सुबह 11.05 बजे से दोपहर 3.55 बजे तक प्रभावित रहेगी. सीएसएमटी मुंबई से सुबह 10.14 बजे से दोपहर 3.18 बजे तक प्रस्थान करने वाली डाउन स्लो लाइन की सेवाएं माटुंगा और मुलुंड स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डाइवर्ट की जाएगी, जो सायन, कुर्ला, घाटकोपर, विक्रोली, भांडुप और मुलुंड स्टेशनों पर रुकेंगी.



### कुर्ला-पनवेल/वाशी के बीच विशेष सेवाएं चलेंगी

साथ ही निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी. तो वहीं सुबह 10.58 बजे से दोपहर 3.59 बजे तक ठाणे से प्रस्थान करने वाली अप स्लो लाइन की सेवाएं मुलुंड में अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी, मुलुंड और माटुंगा स्टेशनों के बीच मुलुंड, भांडुप, विक्रोली, घाटकोपर, कुर्ला-सायन पर रुकेंगी और फिर माटुंगा पर अप स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी.

# उरण में रुका घरों का पुनर्विकास

### नौसेना की सुरक्षा बेल्ट के कारण 32 साल से लोग कर रहे इंतजार

■ **नवी मुंबई** (सं). नौसेना की सुरक्षा बेल्ट अधिसूचना के कारण उरण में हजारों आवासीय घरों का पुनर्विकास रुक गया है. इसके लिए तत्कालीन कांग्रेस और भाजपा दोनों सरकारों के रक्षा मंत्रियों से मुलाकात कर ध्यान दिलाने की मांग के बाद भी इंतजार जारी है. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि किसी भी सरकार ने इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया है. उल्लेखनीय है कि उरण शहर में 271 हेक्टेयर क्षेत्र में सरकारी भवन और निर्माण के साथ-साथ तीन गांव बोरी पक्खड़ी, केगांव, महतवली नौसेना की सुरक्षा बेल्ट के अंतर्गत आते हैं और यह तीनों गांव 1992 में अधिसूचना की घोषणा के बाद से पुनर्विकास की प्रतीक्षा कर रहे हैं. यहां के नागरिकों को राहत दिलाने के लिए नागरिकों और तत्कालीन जन प्रतिनिधियों ने केंद्रीय रक्षा मंत्री से मुलाकात की थी. लेकिन पिछले 32 वर्षों में नागरिकों को कोई राहत नहीं मिली है. इस संबंध में अदालती लड़ाई की भी चेतावनी दी गई है.




### 29 गांव के हजारों घर अनधिकृत घोषित

सिडको के कारण उरण तालुका के 29 गांवों में परियोजना पीड़ितों के हजारों घरों को अनधिकृत घोषित कर दिया गया है. वर्ष 1992 में करंजा नौसेना क्षेत्र को सुरक्षा क्षेत्र घोषित किये जाने से 4 हजार से अधिक घर खतरे में आ गए. 2011 में नौसेना की अधिसूचना को लागू करने के लिए बॉम्बे हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी, कोर्ट ने इस निर्माण पर कार्रवाई करने का आदेश दिया था. इसके बाद सुरक्षा क्षेत्र के नागरिकों ने महेश म्हात्रे के नेतृत्व में अदालती लड़ाई शुरू की है. यहां के नागरिकों को राहत देने के लिए सरकार के केंद्रीय रक्षा मंत्री से बार-बार मुलाकात कर इस पर ध्यान देने की मांग की जा रही है.

### पुनर्विकास की नहीं दी जा रही अनुमति

उरण नगर परिषद क्षेत्र में कई आवासीय भवन जर्जर हैं. इनके पुनर्विकास का प्रस्ताव नगर परिषद में आया है. लेकिन चूंकि यह क्षेत्र नौसेना सुरक्षा क्षेत्र में है, इसलिए उन्हें अनुमति नहीं दी जा रही है. इस संबंध में उरण नगरपरिषद के मुख्य अधिकारी समीर जाधव ने बताया कि नगर परिषद ने शहरी विकास विभाग को एक प्रस्ताव भेजा है. 1992 की अधिसूचना समाप्त हो चुकी है.

## पुलिस कर्मियों के परिवार से की गई लाखों की धोखाधड़ी




**नवी मुंबई.** एक पुलिसकर्मी की पत्नी ने पुलिस कर्मचारियों के परिवार से आर्थिक धोखाधड़ी की है. पुलिस परिवार सहित अन्य लोगों से बीसी और बचत गट में निवेश करने के नाम पर 82 लाख रुपए यह कहकर लिया था कि जो जितना पैसा निवेश करेगा, उसे उतना अधिक लाभ मिलेगा, परंतु समय सीमा समाप्त होने पर जब पैसा वापस नहीं किया, तो महिला को पैसा वापस नहीं करने की बात कही, जिसके बाद इस मामले की शिकायत सीबीडी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है. बताया जा रहा है कि पुलिसकर्मी की पत्नी ने 2019 में इस योजना की शुरुआत की थी,चूंकि पुलिस कर्मचारी की पत्नी द्वारा यह स्कीम शुरू की गई थी,इसलिए लोगों ने ज्यादा पूछताछ करने की जरूरत नहीं समझी और विश्वास करके बचत गट और बीसी के नाम पर निवेश किया, अब उन्हें उनका पैसा वापस नहीं मिल रहा है.

## QUICK NEWS

### ठेला के मालिक से 3 लोगों ने 52 हजार लुटे

**भिवंडी.** पुलिस की लाख कोशिशों के बाद भी मुंबई नाशिक महामार्ग पर लूटपाट का सिलसिला थम नहीं रहा है. 3 अज्ञात लुटेरों ने एक ठेला गाड़ी मालिक को बंधक बनाकर 52 हजार रुपए की लूट को अंजाम देकर रफूचक्कर हो गए. ठाकुरपाड़ा के पास नींबू शिकंजी बेचने वाले दिनेश कुमार सेन ठेला लगाकर खड़े थे, तभी 3 लोग टेंपो में सवार होकर आए और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर उनका मोबाइल, नकदी और नींबू शिकंजी मशीन लूट कर वहां से नाशिक की ओर फरार हो गए.

## अब बदलापुर को भी मिलेगा अतिरिक्त पानी



■ **अंबरनाथ,** (सं). अंबरनाथ और बदलापुर शहर के लिए उल्हास नदी से अतिरिक्त सात मिलियन क्यूबिक मीटर (एमएलडी) पानी के आरक्षण को राज्य सरकार के संबंधित विभाग से मंजूरी मिल गई है. इसके चलते अंबरनाथ में प्रस्तावित अमृत जल योजना 2 का रास्ता आसान हो गया है. वहीं, बदलापुर में जल आरक्षण के कारण रुकी जल योजना को भी अब गति मिलेगी व उस योजना को अंतिम मंजूरी मिलने जा रही है. बदलापुर और अंबरनाथ शहर की जल आपूर्ति प्रणाली का प्रबंधन महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण (एमजेपी) के माध्यम से किया जाता है. बदलापुर शहर को उल्हास नदी पर बने बैराज बांध से पानी की आपूर्ति की जाती है.

# 2 साल में 35 हजार लोग बने उद्योगपति

### महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने एक कार्यक्रम में दी जानकारी

■ **नवी मुंबई,** (का. प्र.) राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने शनिवार को उल्वे नोड में उद्योग भरारी कार्यक्रम में बोलते हुए दावा किया कि महाराष्ट्र में दो वर्षों में 35,000 उद्यमी बनाए गए हैं. विकास कार्यों की समीक्षा के लिए शनिवार को महाराष्ट्र उद्योग भरारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम दी बा पाटील भूमिपुत्र भवन, उल्वे में आयोजित किया गया था. कार्यक्रम में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि एमआईडीसी ने ढाई लाख एकड़ क्षेत्र में 300 औद्योगिक क्षेत्र प्रस्तावित किए हैं. सरकार और उद्योग के बीच 2500 एमएलडी पानी की आपूर्ति की जाती है. विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए पर्यावरण पूरक उद्योग स्थापित किये जा रहे हैं.

### गढ़चिरौली को बनाया जाएगा औद्योगिक शहर

10 एसईजेड, वाइन पार्क जैसे कई औद्योगिक व्यवसाय बनाए गए हैं. उन्होंने कहा कि कुछ लोग कोंकण में महाराष्ट्र के उद्योग को गुजरात का उद्योग कहकर आलोचना करने का काम कर रहे हैं. देश के इतिहास का पहला श्वेत पत्र देश में किए गए विकास कार्यों का उत्तर दे रहा है. दो साल में 35 हजार लोग उद्यमी बने. गढ़चिरौली को औद्योगिक शहर बनाया जाएगा, उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र से उद्योग जा नहीं रहे बल्कि महाराष्ट्र में नए उद्योग आ रहे हैं, नहीं तो राज्य से उद्योग आएंगे. उद्योग मंत्री उदय सामंत, सांसद सुनील तटकरे ने दावा किया कि उद्योगों के निर्माण में महत्वपूर्ण राष्ट्रीयकृत बैंक छोटे उद्यमों के साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं. उन्होंने यह भी राय व्यक्त की कि एमआईडीसी उद्योगों के निर्माण के लिए भूमिपुत्रों को समर्थन देने के दायरे से परे काम कर रहा है. इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद रामशेठ ठाकुर, विधायक महेश बाल्दी ने कहा कि नवी मुंबई एयरपोर्ट में भूमिपुत्रों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, उन्हें नहीं भूलना चाहिए.



### 'मेरी वसुंधरा अभियान 4' के पुरस्कार की भी घोषणा

# राज्य में नवी मुंबई अव्वल



■ **नवी मुंबई,** (का. प्र.) महाराष्ट्र सरकार के पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित 'मेरी वसुंधरा अभियान 4.0' में नवी मुंबई मनपा को राज्य स्तर पर 10 लाख से अधिक आबादी वाले बड़े शहरों के अमृत समूह में दूसरा स्थान मिला है, जबकि राज्य के 'क' श्रेणी की मनपाओं में नवी मुंबई ने प्रथम स्थान हासिल किया है, इसके अलावा 'भूमि विषयगत' श्रेणी में सर्वोच्च राज्य स्तरीय प्रदर्शन के लिए नवी मुंबई मनपा को विशेष पुरस्कार देने की घोषणा की गई है.

उक्त पुरस्कारों की घोषणा पर नवी मुंबई मनपा के आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने कहा कि यह सभी पुरस्कार नवी मुंबई के पर्यावरण-प्रेमी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी को समर्पित किया है, उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार पर्यावरण-प्रेमी नागरिकों, जन प्रतिनिधियों, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों, मंडलों के साथ-साथ मनपा के कर्मचारियों की संयुक्त भागीदारी के कारण प्राप्त हुआ है.

### भौतिक दौरों के माध्यम से किया गया मूल्यांकन

- मनपा को मिली इस सफलता के लिए डॉ. शिंदे ने नवी मुंबई के सभी नागरिकों को बधाई दी है और उनके मौलिक सहयोग के लिए धन्यवाद दिया.
- गौरतलब है कि प्रकृति के 5 तत्वों भूमि, वायु, जल, अग्नि और आकाश पर आधारित 'मेरी वसुंधरा अभियान 4.0' 1 अप्रैल 2023 से 31 मई 2024 तक लागू किया गया था, इसमें 414 शहरी स्थानीय स्वशासन निकायों और 22218 ग्राम पंचायतों सहित राज्य के कुल 22632 स्थानीय स्वशासन निकायों ने भाग लिया. 10 लाख से अधिक आबादी वाले बड़े शहरों के समूह में नवी मुंबई राज्य में दूसरे स्थान पर है, इसके अलावा भूमि विषयक श्रेणी में नवी मुंबई राज्य में सर्वश्रेष्ठ था. नवी मुंबई मनपा को अमृत श्रेणी में दूसरे पुरस्कार के लिए 7 करोड़ और भूमि विषयगत में सर्वोच्च प्रदर्शन के लिए 2 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी, जिसे सरकार द्वारा दिए गए मापदंड के अनुसार शहर में पर्यावरण अनुकूल विषयों पर खर्च किया जाएगा.

**समस्या** मनपा ने नहीं किया बिल का भुगतान, कूड़ा उठाने वाले ठेकेदार ने घंटा गाड़ियों को गेट पर ही रोका

# ठाणे शहर में एक बार फिर से गहराया कचरे का संकट !

### स्थानीय नागरिक कर रहे डायघर परियोजना का विरोध

■ **ठाणे** (सं). विधानसभा चुनाव के ऐन मौके पर एक बार फिर ठाणे शहर में कचरे के निस्तारण का संकट गहराने के आसार बन रहे हैं. बिल का भुगतान नहीं होने से डायघर परियोजना के ठेकेदार ने कचरा लेकर आने वाली घंटा गाड़ियों को गेट पर ही रोक दिया था, जिसकी वजह से पिछले 2 दिनों से खडी घंटा गाड़ियों से परिसर के लोगों को दुर्गंध का सामना करना पड़ा. मनपा अधिकारियों ने जबरदस्ती कचरा की गाड़ियों को खाली कराया. स्थानीय लोगों ने डायघर परियोजना का विरोध किया है. स्थानीय लोगों ने मनपा उपायुक्त मनीष जोशी पर गाली-गलौज एवं धमकी देने का आरोप लगाते हुए सोमवार को स्कूल कालेज बंद रख कर मनपा मुख्यालय पर मोर्चा निकालने का निर्णय लिया है.

**सोमवार को मनपा मुख्यालय पर मोर्चा**

**1000** मीट्रिक टन कचरा निकलता है हर दिन

**14** साल में डायघर में कचरा परियोजना का किया गया निर्माण

**60** प्रतिशत गीला कचरा

**40** प्रतिशत सूखा कचरा

### अभी तक ठाणे मनपा के पास नहीं है अपना कोई डंपिंग ग्राउंड

- डायघर परियोजना के ठेकेदार ने बिल का भुगतान नहीं होने की वजह से ठेकेदार ने घंटा गाड़ियों को गेट के अंदर प्रवेश पर रोक लगा दी थी. 2 दिनों तक सड़क पर कचरे की गाड़ियों की कतार लगने से स्थानीय लोगों ने विरोध दर्शाया.
- इसकी वजह से कलवा , दिवा एवं मुंब्रा क्षेत्र से कचरा संकलन ठप हो गया. जिससे बीमारी फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया था. आरोप है कि मनपा के अधिकारियों ने मारपीट कर जबरदस्ती कचरा की गाड़ियों को खाली कराया.
- ठाणे मनपा क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग 1 हजार मीट्रिक टन कचरा उत्पन्न होता है. इसमें 60 प्रतिशत गीला कचरा एवं 40 प्रतिशत सूखा कचरा होता है. राज्य सरकार ने हाल ही में भिवंडी के आतकोली इलाके में लैंडफिल के लिए ठाणे मनपा को जमीन की पेशकश की है. लेकिन अभी तक मनपा का अपना कोई डंपिंग ग्राउंड नहीं होने के कारण पहले दिवा क्षेत्र और फिर भंडारली में कचरा डंप किया जाता था, लेकिन नागरिकों के विरोध के बाद मनपा ने यहां कचरा डंप करना बंद कर दिया.



### बिल का नहीं हुआ भुगतान

मनपा ने 14 सालों में डायघर में कचरा परियोजना का निर्माण किया. मनपा ने कहा था कि यहां कचरे से बिजली बनाई जाएगी. पिछले एक साल से कचरा डंप किया जा रहा है. लेकिन अभी तक परियोजना ने गति नहीं पकड़ी है. अब ग्रामीण इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं और उनका आरोप है कि यहां कचरे के निस्तारण का कोई काम नहीं किया जा रहा है. इसके अलावा बिल का भुगतान नहीं होने के कारण ठेकेदार ने पिछले 2 दिनों से परियोजना स्थल पर आने वाली घंटा गाड़ियों को बंद कर दिया था. क्षेत्र की सड़कों पर इन वाहनों की कतार लगने से दुर्गंध से ग्रामीण सहम गए. साथ ही कुछ वाहनों को ग्रामीणों ने स्वास्थ्य कारणों से वापस भेज दिया था.

### मनसे विधायक ने सीएम शिंदे पर साधा निशाना

डायघर परियोजना को लेकर मनसे के स्थानीय विधायक प्रमोद (राजू) पाटिल ने मनपा प्रशासन की आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर निशाना साधा है. पाटिल ने सवाल किया है कि क्या वास्तव में ठाणे बदल रहा है ? क्या दिवा-शील विभाग ठाणे मनपा क्षेत्र में नहीं आता है ? उन्होंने कहा कि 18 सितंबर को ठाणे के पारसिक रेतीबंदर विसर्जन घाट पर स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान शुरू किया था और इस अवसर पर सभी ने प्रतिज्ञा भी की थी.विधायक पाटिल ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से पूछा है कि क्या मनपा अधिकारी वास्तव में उनके द्वारा ली गई शपथ का पालन कर रहे हैं?

### डायघर में कचरे से बिजली बनाने की बनाई गई थी योजना

ग्रामीणों द्वारा बनाई गई समिति के पदाधिकारी संतोष पाटिल ने कहा है कि डायघर में कचरे से बिजली बनाई जानी थी. लेकिन यहां कचरे पर कोई प्रक्रिया नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है. परियोजना स्थल पर आने वाले वाहनों को रोक दिया गया और कतारें लग गईं. इससे दुर्गंध उठने लगी थी, इसलिए कुछ गाड़ियों को वापस भेज दिया गया. जिला प्रशासन ने यह जगह मनपा को दी है.

## दहेज प्रताड़ना: नवविवाहिता ने दी जान

**भिवंडी.** भिवंडी तालुका कशेली गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. दहेज प्रताड़ना से तंग एक नवविवाहिता 21 वर्ष की सुष्मिता ने अपने घर में ओढ़नी से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. हृदय विदारक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया. गोरखपुर निवासी विद्याधर चमारू प्रसाद ने नारपोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी बेटी को शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक यातनाएं दे रहे थे.

# 'शाकाहार को विश्व ने अपनाया'

## 'विश्व शाकाहार जागरुकता दिवस' के पोस्टर अनावरण पर बोले लोकेश मुनि

■ **मुंबई, (सं).** अहिंसा विश्व भारती एवं विश्व शांति केंद्र के संस्थापक प्रख्यात जैनाचार्य डॉ. लोकेश ने "विश्व शाकाहार जागरुकता दिवस" के पोस्टर का अनावरण किया. इस अवसर पर डॉक्टर डी.सी. जैन के नेतृत्व में आई एक टीम ने डॉक्टर्स फोरम व एनिमल वेलफेयर सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा विश्व शाकाहार जागरुकता दिवस के अवसर पर 6 अक्टूबर को NDMC Convention Centre में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी आचार्य लोकेश आश्रम में श्रद्धालुओं को दी.



### सेहत के लिए शाकाहार बेहतर

विश्व शांतिदूत आचार्य लोकेश ने इस अवसर पर कहा कि जैन धर्म के अहिंसा सिद्धांत पर आधारित शाकाहार भोजन को आज समस्त विश्व के जनमानस ने अपनाया है. उन्होंने कहा कि जैन अनुयाई अहिंसा के पुजारी हैं और इसलिए शाकाहारी भोजन ही ग्रहण करते है, जैसा आहार वैसे विचार, शाकाहार भोजन जहाँ सेहत के लिए बेहतर है. वहीं, पर्यावरण संरक्षण में भी सहयोग प्रदान करता है. शाकाहारी भोजन करने से मानसिक प्रवृत्ति अनाक्रमक व अहिंसक बनती है. आचार्यश्री ने कहा कि शाकाहारी आहार अनेक बीमारियों जैसे कि हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, ऑस्टियोपोरोसिस, गुर्दे और याददाश्त से जुड़ी बीमारी, पित्त, पथरी और रुमेटीइड गठिया के रोकथाम और उपचार में फायदेमंद होता है.

### मांस और डेयरी उत्पाद से जलवायु संकट

- डॉक्टर डी. सी. जैन ने कहा कि शाकाहारी भोजन पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन में लाभकारी सिद्ध होता है.
- पौधों पर आधारित आहार पर्यावरण और आपके स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है.
- शोध से पता चलता है कि मांस और डेयरी उत्पाद जलवायु संकट को बढ़ावा दे रहे हैं, जबकि पौधों पर आधारित आहार जैसे फल, सब्जियां, अनाज और फलियों पर केंद्रित ग्रह की रक्षा करने में मदद करते हैं.
- इस अवसर पर सुशील जैन, प्रसन्नराज जैन, पवन गुप्ता, प्रेम प्रकाश गुप्ता, नितिन गोयल आदि उपस्थित थे.

## छात्रों ने कचरे से बनाई सुंदर वस्तुएं

**नवी मुंबई.** प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले खतरे को ध्यान में रखते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक को हमारे दैनिक उपयोग से बाहर किया जाए, स्वच्छता के अवसर पर मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में प्लास्टिक मुक्त स्कूल की अवधारणा को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है. इसी क्रम में नवी मुंबई मनपा के शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल स्तर पर प्लास्टिक की बोतलों से सजावटी वस्तुएं बनाने का आयोजन किया गया, इसमें 333 निजी स्कूलों के साथ-साथ नवी मुंबई मनपा के 57 प्राथमिक स्कूलों, 23 माध्यमिक स्कूलों के 1 लाख 570 छात्रों ने भाग लिया और प्लास्टिक की बोतलों से सुंदर सजावटी सामान बनाया. कई स्कूलों में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प की प्रदर्शनी लगाई गई. इस अवसर पर विद्यार्थियों की सराहना करने के लिए उनके अभिभावक भी उपस्थित थे. विद्यार्थियों ने प्लास्टिक की बोतलों से पेन होल्डर, फूलदान, विभिन्न घरेलू सजावट के सामान और फूल जैसे विभिन्न वस्तुएं बनाकर अपने कौशल का परिचय दिया.

# काव्य विधा में मनोवैज्ञानिक विचार-विमर्श की पैरोकार

साहित्य सारथी

### कविता का अपना मनोविज्ञान होता है

**साहित्यिक गतिविधियां :** बस्तर पाति पत्रिका, अविराम साहित्यिकी, सार्थक नव्या, लघु कथा वर्तिका, हाईकु व्योम, अभिव्यक्ति, परिंदे, अर्पण, बिंदु में सिंधु, इन सभी पत्रिकाओं और पुस्तकों में हाइकु, क्षणिकाएं, कविता, लघुकथा. बस्तर पाति प्रकाशन से प्रकाशित अरण्य धारा में कविताएं, शब्द लिखेंगे इतिहास में समकालीन लघुकथा का सौन्दर्यशास्त्र व समाजशास्त्रीय सौन्दर्यबोध लघुकथा में लघुकथा प्रकाशित हुई है. भाषा सहोदरी के अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन में सहभागिता, उद्दीप्त प्रकाशन ने काव्य साधक पुरस्कार, बस्तर पाति समूह में कविताओं के लिए तृतीय पुरस्कार, लोक कला एवं साहित्य संस्था सृजन से सुरता पारकर सम्मान, विश्व सरयू मंच द्वारा सम्मान, कवि सम्मेलनों का आयोजन और हिंदी भाषा की स्वरचित बाल कविता स्पर्धा का आयोजन और सम्पादन, हिंदी विवेक पत्रिका में आलेख 'कविता की पाठशाला' और मराठी कविता की बाल साहित्य की पुस्तक में रेखाचित्र के लिये सम्मान, इंटरमीडिएट ग्रेड ड्राइंग एग्जाम में प्रमाण पत्र, आर्ट ऑफ लिविंग की ध्यान की कार्यशालाओं का आयोजन, संस्था का काव्य समारोह का आयोजन आदि.



**रजनी साहू**
**जन्मतिथि:** 13 मई 1970
**शिक्षा:** एम.एस.सी. रसायन शास्त्र, एम.ए.(हिंदी) पी एच डी उपाधि हेतु शोध छात्रा श्री जेजे टी विश्वविद्यालय.

**पुरस्कार:** महाराष्ट्र साहित्य अकादमी द्वारा संत नामदेव रजत पुरस्कार द्वारा सम्मानित, यूरोप की साहित्यिक यात्रा और सम्मान, आर्ट ऑफ लिविंग में योग और ध्यान प्रशिक्षण.

**संस्थाओं से संबंधित:** सुधा साहित्य सामाजिक संस्था की अध्यक्ष पद पर कार्यरत. **प्रकाशित काव्य संग्रह:** सहस्त्र धारा, सत्यम शिवम सुंदरम, स्वयंसिद्धा.

### कविता का उद्देश्य सौंदर्य भाव को जागृत करना है

रजनी साहू एक ऊर्जावान कवयित्री हैं. उन्होंने प्रेम और सौन्दर्य को अपने काव्य का विषय बनाया है. वह वर्तमान साहित्यिक गतिविधियों में सदैव सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं. उनका मानना है कि कविता का उद्देश्य सौंदर्य भाव को जागृत करना है. जिस सौन्दर्य को हम अपने आस - पास विद्यमान होते हुए भी अनुभव नहीं कर पाते, उसे कविता के माध्यम से अनुभव करने लगते हैं, क्योंकि कविता श्रोता को एक सौन्दर्य बोधक दृष्टि प्रदान करती है और वे भाव-सौन्दर्य, शब्द सौन्दर्य तथा ध्वनि सौन्दर्य सभी की अनुभूति करने लगते हैं. उनका कहना यह भी है कि कविता का अपना मनोविज्ञान होता है. हर कवि मनोवैज्ञानिक स्थिति के आधार पर रचनाओं को साकार रूप देता है. जिस साहित्य में मनोवैज्ञानिक सोच नहीं होती, वह साहित्य महत्वपूर्ण नहीं बन पाता. हर साहित्य किसी न किसी मनोवैज्ञानिक स्थिति पर निर्भर रहता है. कविताओं में यह मनोवैज्ञानिक स्थिति बहुत अधिक होती है. उनका कहना है कि आज वर्तमान समय में जो रचनाएं सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आ रही हैं, उनमें बहुत उत्तम सोच नहीं होती, इसलिए उसका प्रभाव ज्यादा समय तक प्रभावी नहीं रहता.

**प्रो. डॉ. दयानंद तिवारी**

## आस्था | शिवमंदिर में की पूजा



**अंबरनाथ.** राज्यसभा सांसद और शिवसेना ठाकरे गुट की उपनेता प्रियंका चतुर्वेदी ने गुरुवार को अंबरनाथ शहर का दौरा किया तथा उसके बाद चतुर्वेदी दर्शनार्थ स्थानीय प्राचीन शिवमंदिर पहुंचीं. उन्होंने पुरातन कालीन शिवमंदिर के गर्भगृह में विधिवत अभिषेक किया. इस अवसर पर यूबीटी के कल्याण जिला प्रमुख धनंजय बोडारे, राजेश वानखेडे, वैशाली दरेकर, डॉ. जानू मानकर, अंजलि राउत, ज्ञानेश्वर करवंदे सहित बड़ी संख्या में शिव सेना ठाकरे समूह के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# दौड़ लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

### 1000 से अधिक लोगों ने लिया हिस्सा

■ **नवी मुंबई, (का.प्र)** स्वच्छता का संदेश देने के लिए नवी मुंबई मनपा द्वारा 'स्वच्छता दौड़' आयोजित की गई, जिसमें 1000 से अधिक लोगों ने दौड़ लगाकर नवी मुंबई के निवासियों को स्वच्छता के संदेश दिया. बारिश के बावजूद स्वच्छता दौड़ में शामिल लोगों के उत्साह में कोई कमी नजर नहीं आई, उक्त लोगों ने मुख्यालय से नेरुल स्थित वझीरानी स्पोर्ट्स क्लब और वहां से वापस मुख्यालय तक दौड़ लगाते हुए मनपा के उक्त आयोजन को सफल बनाया. उक्त मौके पर मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे ने कहा कि दौड़ सर्वोत्तम व्यायाम है और इस स्वच्छता दौड़ के माध्यम से स्वास्थ्य के देखभाल के साथ-साथ स्वच्छता का भी संदेश दिया गया. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्वच्छता की शुरुआत हर घर से हो तो, घर, मोहल्ला, प्रदेश, देश स्वच्छ रहेगा. इस अवसर पर ऐरोली के विधायक गणेश नाईक, स्वच्छ महाराष्ट्र मिशन के मिशन निदेशक नवनाथ वाठ, मनपा के अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार, शहर अभियंता शिरीष आरदवाड, भाजपा के नवी मुंबई जिला अध्यक्ष संदीप नाईक के साथ मनपा के सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी और अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे. उक्त दौड़ के ऋचा समित, लेट्स सेलिब्रेट फिटनेस संस्था और द लर्न यार्ड जैसी संस्थाओं ने सहयोग किया.



## QUICK NEWS

### उच्च शिक्षा के लिए 4.50 लाख की मदद

#### पनवेल का राजेश जाएगा विदेश पढ़ने

**नवी मुंबई.** विदेश में चिकित्सा शिक्षा के लिए नवीन पनवेल के छात्र श्लाघ्यता राजेश ठाकुर का चयन किया गया है, जिसके लिए श्री रामशेठ ठाकुर सामाजिक विकास मंडल द्वारा श्लाघ्यता को 4 लाख 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई. श्लाघ्याता जॉर्जिया में ईस्ट यूरोपियन यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस मेडिकल की पढ़ाई करने जा रही हैं, इसके लिए उसे आर्थिक मदद की जरूरत थी. उसी के अनुरूप उसकी मदद की गई.गौरतलब है कि श्री रामशेठ ठाकुर सामाजिक विकास मंडल की ओर से उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को अपने पैरों पर खड़ा होने में मदद की जाती है.

# 10 हजार बहनों को बांटी जाएगी साड़ी व सूट

### प्रमुख अतिथि के रूप में शामिल होंगे देवेंद्र फडणवीस

■ **मुंबई, (सं).** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शुरू सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एसएम खान की तरफ से 5 अक्टूबर, शनिवार की शाम को ओशिवरा मेट्रो स्टेशन के पास स्थित म्हाडा ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में 10 हजार महिलाओं को मुफ्त साड़ी और सूट का वितरण किया जाएगा.



### कार्यक्रम में इनकी रहेगी विशेष मौजूदगी

कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि के रूप में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अमृता फडणवीस एवं मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार उपस्थित रहेंगे. एसएम खान ने राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया. समारोह में विशेष अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महासचिव संजय केनेकर, मुंबई महासचिव संजय उपाध्याय, स्थानीय विधायक भारती लवेकर, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इदरीश मुल्तानी, भाजपा की महिला प्रदेश अध्यक्ष चित्राताई वाघ, महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह,एजाज देशमुख वसीम खान कार्यक्रम में शामिल होंगे.

# काला घोड़ा कला महोत्सव का आगाज

**मुंबई.** मुंबई का सबसे बड़ा महोत्सव काला घोड़ा फेस्टिवल के शुरुआत के पहले उसके चैरिटी फंड रेसिंग के लिए नेशनल अवॉर्ड विनर क्लासिकल म्यूजिक सिंगर राहुल देशपांडे का मुंबई में एक कॉन्सर्ट हो रहा है. यह कार्यक्रम रविवार की शाम 6 बजे जमशेद भाभा थिएटर, एनसीपीए में होगा. मुंबई काला घोड़ा के 25वें साल के कार्यक्रम के लिए पर छत्रपति शिवाजी महाराज वास्तु संग्रहालय (सीएसएमवीएस) और नेशनल सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग ऑर्ट्स (एनसीपीए) के साथ काला घोड़ा एसोसिएशन और काला घोड़ा कला महोत्सव एक साथ आए हैं.

काला घोड़ा एसोसिएशन की चेयरपर्सन और फेस्टिवल डायरेक्टर, ब्रिंदा मिलर ने कहा कि हम मुंबई के दिल में कला और समुदाय का जश्न मनाने की अपनी यात्रा को जारी रखने के लिए रोमांचित हैं. राहुल देशपांडे कलेक्टिव कॉन्सर्ट काला घोड़ा की प्रतिष्ठित, ऐतिहासिक और कलात्मक संस्कृति के लिए समर्थन जुटाने और धन जुटाने का हमारा प्रयास है.

## नगर में आज

### वार्षिक सभा

- श्री महावर वैश्य सेवा संघ: 52 वां वार्षिक सभा, स्थान-भूरा भाई हॉल, ईरानीवाड़ी, शांतिलाल रोड, कांदिवली पश्चिम, समय- सुबह 10 बजे.

### संवाद सभा

- शिवसेना: उत्तर भारतीय संवाद सभा, स्थान- गली नंबर-3, गणपति पाटील नगर, न्यू लिंक रोड बोरीवली(प.), समय- 6 बजे.

### प्रदर्शनी

- वाइल्ड वर्ल्ड प्रदर्शनी: स्थान-काला घोड़ा स्थित आर्मी एंड नेवी बिल्डिंग में आर्ट एंट्रेंस गैलरी, 30 सितंबर तक.
- सऊदी वेलकम टू अरबिया: स्थान: बीकेसी स्थित आर2 ग्राउंड, 2 अक्टूबर तक.
- उद्योग अवलोकन: स्थान : बॉम्बे प्रदर्शनी केंद्र, मुंबई, समय- 6बजे.
- इंटरमैट इंडिया' कार्यक्रम: स्थान- नेस्को प्राइवेट लिमिटेड, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे के बगल में, गोरेगांव पूर्व, समय- दोपहर 2 बजे.
- मुंबई ऑफ़लाइन कार्यशाला: स्थान- ड्रीम सिटी टूर्स एंड ट्रेवल्स, एमएल कैंप, माटुंगा लेबर कैंप, धारावी, 29 सितंबर तक, समय- 12 से 6 बजे तक.
- क्रेडाई-एमसीएचआई: स्थान- जियो कन्वेंशन सेंटर, बीकेसी, बांद्रा पूर्व, समय- 11.30 से शाम 7.30 बजे तक.

# भाजपा के अध्यक्ष शेलार ने किया आचार्य पवन त्रिपाठी का सत्कार

■ **मुंबई, (सं).** श्री सिद्धिविनायक मंदिर न्यास के कोषाध्यक्ष पद पर मुंबई भाजपा उपाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी का चयन किया गया है. यह नई जिम्मेदारी मिलने पर मुंबई भाजपा अध्यक्ष एड.आशीष शेलार ने शनिवार को मुंबई भाजपा कार्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम में आचार्य पवन त्रिपाठी का सत्कार किया. सत्कार समारोह में विधायक राजहंस सिंह, मुंबई भाजपा महासचिव संजय उपाध्याय, उत्तर भारतीय मोर्चा के अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, प्रतीक कर्पे, आर. डी. यादव, रमाकांत गुप्ता, वीरेंद्र दुबे, प्रदीप त्रिपाठी, बलवंत वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे.



## पनवेल शहर में तलाठियों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवी मुंबई.** पनवेल तहसील में जिले भर से नवनियुक्त तलाठियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, इसमें नव नियुक्त तलाठियों को राजस्व ऑनलाइन कार्य पद्धति, ई-फसल निरीक्षण, आपदा प्रबंधन, चुनाव और खाद्य आपूर्ति के साथ-साथ राजसी शिष्टाचार के बारे में जानकारी दी गई. इस कार्यशाला में तलाठियों को वित्तीय साक्षरता के माध्यम से बचत करने की कोशिश के महत्व को समझाया. कार्यशाला में निवासी नायब तहसीलदार संभाजी शेलार, मंडल अधिकारी शशिकांत सानप आदि ने मार्गदर्शन किया.

## परिसंवाद | 'नवभारत' कार्यालय में आए धर्म गुरु स्वामी गौरीश ने कई मुद्दों पर रखे विचार

# फडणवीस की वापसी, हिंदू धर्म की जरूरत

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** भारत भूमि से आदि कैलाश का दर्शन स्वप्न साकार होने जैसा है और इस सपने को साकार करने के लिए संपूर्ण हिंदू समाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभारी रहेगा. 'नवभारत' कार्यालय में आए धर्म गुरु स्वामी गौरीश ने परिसंवाद के दौरान विभिन्न मुद्दों पर विचार रखे. उन्होंने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नारा दिया था कि मैं पुनः आऊंगा. 2024 का विधानसभा चुनाव हिंदू धर्म आह्वान कर रहा है कि फडणवीस आप फिर से आइए, ताकि महाराष्ट्र के मंदिरों में महाप्रसाद लोग बिना किसी शंका या हिचकिचाहट के ग्रहण कर सकें. तिरुपति मंदिर में जो कुछ हुआ, उसके बाद महाराष्ट्र में भी लोग ईश्वर के प्रसाद को संदेह की नजर से देखने लगे हैं.



### हिंदुओं की आस्था पर चोट करने का दुस्साहस

ठाणे के शाहपुर में मां श्रीदंबाकाली मंदिर बनवा रहे गौरीश गुरु ने कहा कि तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डू में कथित तौर पर गाय, सूअर और मछली की चर्बी मिलाने की लैब रिपोर्ट को बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है. यह हिंदू धर्म के साथ-साथ क्रूर व्यवहार ही नहीं है, बल्कि हिंदुओं की आस्था पर चोट करने का दुस्साहस किया गया है. खैर, संतोष की यह बात है कि सुप्रीम कोर्ट ने धर्म भ्रष्ट करने की इस साजिश की सुनवाई करने का फैसला किया है.

### भारतीय भूमि से आदि कैलाश दर्शन हुआ संभव

गौरीश गुरु ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पीएम ने लोगों से अपील की थी कि श्री राम के नाम पर दो बार वोट दिया और अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बना रहा है और अब तीसरी बार कैलाश के नाम पर वोट दें. महादेव की कृपा से मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए. इस बार कैलाश दर्शन उत्तराखंड से शुरू हुई है. अपने देश से आराध्य शिव का दर्शन करना पुण्य कमाने जैसा है. स्वामी ने भारत की सीमा पर स्थित लिपुलेख से आदि कैलाश का दर्शन करने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया. केंद्र सरकार के इस कदम से भारत के हिंदू अपनी सरजमीन से अपने आराध्य का दर्शन कर सकेंगे.

नवभारत संवाद

### भगवान विष्णु अत्याचारियों को करेंगे दंडित

स्वामी ने कहा कि तिरुपति में केवल हिंदू धर्म के खिलाफ साजिश नहीं हुई, बल्कि भगवान विष्णु के खिलाफ साजिश हुई है और इसके लिए भगवान विष्णु अत्याचारियों को दंडित करेंगे. उन्होंने कहा कि तिरुपति प्रकरण के बाद महाराष्ट्र के हिंदुओं को सावधान हो जाना चाहिए और ऐसे नेता को सत्ता की बागडोर सौंपने चाहिए जो हिंदुओं की आस्था को समझे, उनकी हिफाजत करे. यह कार्य फडणवीस से बेहतर और कोई नहीं कर सकता.



### हिंदू धर्म के खिलाफ रणनीति के तहत साजिश

- गुरु ने कहा कि 1850 में कारतूस के कवर को गाय और सुअर की चर्बी का बनाकर जो काम अंग्रजों ने किया था, वही काम इस समय ईसाई धर्म अपना चुके वाईएसआर कांग्रेस के जगन मोहन रेड्डी ने तिरुपति के लड्डू में गाय और सुअर की चर्बी मिलाकर किया है. तिरुपति में उसी तरह की साजिश की बू आ रही है. जहां हिंदू धर्म के खिलाफ एक रणनीति के तहत साजिश की जा रही है.


## वर्गीकृत विज्ञापन

### CHANGE OF NAME

■ I, **Anita Anil Salunkhe**, wife of Ex - **Nk, Salunkhe Anil Namadev**, S.No. **3189797N** R/o. **B/14, Shree Ganesh Krupa Apartment, Hajimalang Road, Kalyan (E), Dist. Thane - 421306** (Maharashtra), have changed my name from Anita alias Kumari Anita to **Anita Anil Salunkhe** vide Affidavit.

**नोटिस** विज्ञापनों में प्रकाशित होने वाले सभी डिस्प्ले, क्लासीफाइड, निधन एवं अन्य विज्ञापनों के लिये इस समाचार पत्र की कोई जबावदारी नहीं है. पाठकों से निवेदन है कि विज्ञापन आजमाने के पूर्व कृपया अपने स्तर पर उसकी पुष्टि करके स्वयं को संतुष्ट कर लें.

वर्गीकृत विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मुकेश : 9702867178



नवभारत वैवाहिकी

### वर चाहिए

■ वधु 52 उंचाई 5' 2' M.A. Bed. गवर्नमेंट टीचर, 80,000/-, 14 एकड़ खेती, घर गाड़ी स्वयं का हैं. जाति व शिक्षण की अट नहीं. घर जवाई मान्य तुरंत शादी हेतु संपर्क करें : मो. 7709259407, 9156935719.

■ गरीब कुटुंबातील वधु वय-27, उंची 5.3, शिक्षण 10 वी, भांडायाच्या दुकानात काम करते. वेतन 10,000/- (जात-मराठा) अंतरजातीय चालेल. मुलीलावडील नाही. अपेक्षा-कष्टाळू, मुलगा हवा. त्वरित विवाह. 7058846590.

■ 48/5'4''/ गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल टीचर मासिक आय 75000 घरजमाई तलाकशुदा नौकरीपेसा रिटायर्ड, सभी कास्ट मान्य संपर्क मोबाइल नंबर-7389991876. (56223)

### वधु चाहिए

■ 35/5'5'' बी.डी.एस. डॉक्टर, निजी क्लीनिक/ घर, हेतु बी.डी.एस. अथवा बी.फार्मा/ डी.फार्मा या रेल्वे, बैंक या अन्नू सरकारी/ गैर सरकारी संस्था में कार्यरत वधु चाहिए (छत्तीसगढ़ को प्राथमिकता) मोबाइल-8839799040. (56236)

■ मोनू अग्रवाल 20.10.96, बी.कॉम डीवोसी रोलिंग मिल रायपुर, इंकम 1 करोड़ सालाना, सुंदर स्मार्ट युवक हेतु वधु चाहिए. फोटो बायोडाटा भेजिए. व्हाट्सअप नंबर-9039321951. (254949)

वैवाहिक विज्ञापन प्रत्येक रविवार को सिर्फ 500/- रुपये में

**सावधान**
''पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि वे किसी भी विज्ञापन के अनुसार, कार्य करने से पूर्व समुचित जांच कर लें. वर/वधु के स्तर, आयु, आय संबंधी विवरण के संबंध में विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए दावों और वर्णनों के लिए यह समाचारपत्र समर्थक अथवा उत्तरदायी नहीं है.''
''जीवनसाथी का चयन करते हुए भावी संतान में जनन संबंधी विकार से बचने के लिए स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा सकता है.''

ADVERTORIAL

## हृदय महत्वपूर्ण होता है: युवाओं में कार्डिएक स्क्रीनिंग जल्द करना क्यों जीवन रक्षक होता है?

हृदय हमारे स्वास्थ्य का केंद्र है और यह बात युवाओं के लिए भी सच है. अक्सर हम हृदय की समस्याओं को बुज़ुर्गों के साथ जोड़ते हैं, लेकिन सच्चाई ये है कि हृदय संबंधी समस्याएँ युवाओं में भी चुपचाप उभरती हैं. हृदय संबंधी जाँच जल्द करवाना युवा हृदयों को सुरक्षित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और दीर्घ कालिक सेहत को सुनिश्चित कर सकता है.

### जल्द स्क्रीनिंग (जाँच) क्यों ज़रूरी है?

- **हृदय की छिपी हुई समस्याओं को पहचानें:** युवाओं में हृदय की कई स्थितियाँ कम या कोई लक्षण नहीं दिखाती हैं. जल्द स्क्रीनिंग से छिपे हुए जोखिम जैसे एरिदमिया, जन्मगत हृदय विकार या कार्डियोमायोपथी को जानने में मदद करती है.
- **सडन कार्डिएक डेथ्स (एससीडी) की रोकथाम करें:** युवाओं खासकर एथलीटों में अचानक हृदय संबंधी मौतों का जोखिम होता है. जाँच के माध्यम से जल्द पहचान होने से जीवन के लिए घातक मामलों की रोकथाम हो सकती है.
- **अनुकूलित जीवनशैली संबंधी बदलाव:** जाँच कराने से व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुसार जीवनशैली संबंधी सुझाव दिए जा सकते हैं, जिससे जीवन में हृदय के लिए स्वस्थ आदतें अपनाने में सहायता मिलती है.
- **हृदय की देखभाल संबंधी लागत घटती है:** संभावित हृदय संबंधी समस्याओं को पहचानने से समय पर इलाज शुरू हो सकता है, जिससे दीर्घ कालिक स्वास्थ्य संबंधी भार घटता है.

**हृदय की जाँच जल्द करवाने के लिए निम्नलिखित जाँचों का सुझाव आमतौर पर दिया जाता है:**

1. रक्तचाप का मापन
2. 2डी ईको और इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ईसीजी)
3. कोलेस्ट्रॉल और लिपिड प्रोफाइल
4. रक्तशर्करा जाँच (निराहार रक्त ग्लूकोज़)
5. स्ट्रेस टेस्ट (एक्सरसाइज़ ट्रेडमिल टेस्ट)

अपोलो हॉस्पिटल्स कार्डिएक सेंटर अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ व्यापक हृदय देखभाल की सुविधा प्रदान करता है जिसमें उन्नत स्वास्थ्य जाँच, 3री पीढ़ी के कैथ लैब्स और 5जी एनेबल्ड कार्डिएक एंबुलेंसेस शामिल हैं. हमारी विशेषज्ञों की टीम एंजियोप्लास्टी से लेकर हार्ट ट्रांसप्लांट तक की प्रक्रियाओं में कुशलता रखती है. मरीज़ केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, हम समुचित परिणामों के लिए व्यक्तिगत रूप से उपचार प्रदान करते हैं.



**डॉ. महेश घोगरे**
सीनियर कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी
अपोलो हॉस्पिटल्स, नवी मुंबई

सेक्टर - 23, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई | टेलीफोन: 022 33503350 / 62806280
ER: 1066 | www.apollohospitals.com/mumbai
Apollo HOSPITALS


नवभारत
को 27 वे वर्धापन की
हार्दिक शुभकामनाएँ!
प्रमोदकुमार पांडेय
उत्तर भारतीय युवा नेता व समाजसेवी
अंबरनाथ, जिला ठाणे, महाराष्ट्र


नवभारत
को 27 वे वर्धापन की
हार्दिक बधाई
एड. कृष्णा रसाल पाटील
अध्यक्ष - अंबरनाथ शहर ब्लॉक कॉंग्रेस कमिटी
दयानंद चोरघे
अध्यक्ष- ठाणे जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी
विनोद ठाकरे
उद्योगपति राजनोली, ता. भिवंडी
एड. रोहन रसाल पाटील
अंबरनाथ


नवभारत
२७ वा वर्धापन दिन
हार्दिक बधाई!
राजेंद्र घोरपडे
नगरसेवक, कुबनप
भाजपा गटनेते व प्रवक्ते
मा. नगराध्यक्ष
कुळगांव बदलापूर नगरपरिषद
सौ. रुचिता रा. घोरपडे
मा. नगरसेविका,
कुळगांव बदलापूर नगरपरिषद


27
नवभारत
संस्करण के 27वे वर्धापन दिन की सभी को
हार्दिक बधाई!
सौ. अपर्णा कु. भोईर
मा. नगरसेविका, अं.न.प.
कुणाल भोईर
अध्यक्ष,मनसे, अंबरनाथ


नवभारत
को 27 वे वर्धापन की
हार्दिक बधाई!
संदीप लकडे
जिला संगठक,
मनसे, अंबरनाथ


नवभारत
मुंबई संस्करण के 27 वे वर्धापन दिन की सभी को
हार्दिक बधाई!
सदाशिव पाटील
मा. बांधकाम सभापती,
शहर अध्यक्ष, रा.कॉं.प., अंबरनाथ
सचिन पाटील
मा. नगरसेवक
अंबरनाथ नगरपरिषद


नवभारत
को 27 वे
वर्धापन की
हार्दिक शुभकामनाएं!
कॅप्टन आशिष दामले
सरचिटणीस - राष्ट्रवादी काँग्रेस पक्ष, महाराष्ट्र प्रदेश
मा. उपनगराध्यक्ष - कुबनप
कुलगांव - बदलापुर नगर परिषद, बदलापुर, जिला ठाणे


नवभारत
२७ वा वर्धापन दिन
नवभारत
के 27 वे वर्धापन दिन की सभी को
हार्दिक शुभेच्छा
किसन कथोरे
विधायक -
मुरबाड विधानसभा क्षेत्र,
जिला -ठाणे महाराष्ट्र



|| जय श्री अग्रसेन ||
अग्रवाल समाज कल्याण (रजि.)
कल्याण - महाराष्ट्र
अग्रसेन महाराज जयंती महोत्सव
अहिंसा एवं समाजवाद के प्रणेता, अग्रकुल पिता महाराजा अग्रसेनजी को कोटि कोटि वंदन करते हुए उनकी ५१७८ वी जयंती के उपलक्ष में माता की चौंकी, प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान और महाप्रसाद का आयोजन किया जा रहा है। आप सभी सहपरिवार सादर आमंत्रित है। रविवार ६अक्टूबर २४, शाम ६.३० बजे से
स्थल :- मध्य रेलवे सिनियर इंस्टीट्यूट, रेलवे अस्पताल के सामने, कल्याण
माता की चौकी एवं प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मान
-: आमंत्रित कलाकार :-
राज माखीजा
-: आमंत्रित उपस्थिति :-
श्री महेशजी अग्रवाल
श्री पी डी सराफ
श्री प्रदीप रूंगटा
श्री योगेश अग्रवाल
श्री नवीन बंसल
श्री संजय अग्रवाल
श्री सुनिल पौद्दार,
डॉ. विवेक अग्रवाल,
श्री नरेंद्र अग्रवाल
श्री दामोदर अग्रवाल
श्री मुकेश जिंदल
श्री निरज गर्ग,
श्री नितिन पी अग्रवाल
अध्यक्ष
अनिल कुमार गर्ग
सचिव
नितिन अग्रवाल
कोषाध्यक्ष
रजनीश अग्रवाल
एवं समस्त कार्यकारणी...




GPS GROUP
GPS BUSINESS PARK
RERA REGISTERED
REDEVELOPMENT SPECIALIST
WISHING YOU A JOYFUL NAVRATRI FROM GPS GROUP!
MOST TRUSTED NAME IN AMBERNATH
YOUR SEARCH FOR
HOME | SHOP | OFFICE
ENDS HERE...
Special features of our Projects
PRIME LOCATIONS
ELEGENT DESIGNS
TIMELY POSSESSION
SAFETY & SECURITY
EARTHQUAKE RESISTANT CONSTRUCTION
APROVED BY ALL MAJOR BANKS & FINANCIAL INSTITUTIONS
MR. PRAMODKUMAR R. CHAUBEY
FOUNDER
MR. GYANDHAR P MISHRA
FOUNDER
201, 2nd Floor, Royal Jewels C H S, Plot No 19, Ambernath, Thane - 421501 (Opposite Hotel Sibu Palace, Near Ambernath Station East)
+91 9969 1969 31 / 8888 6961 49
www.gpsambernath.com




नवभारत
२७ वर्षे
अभिमानाची
आपले विचार
जपण्याची..!
नवभारत मुंबई
पुरवणीच्या वर्धापन
दिनानिमित्त
शुभेच्छा!
हार्दिक शुभेच्छा
डॉ. बालाजी किणीकर
आमदार,
अंबरनाथ विधानसभा
शिवसेना




0251 2808033
0251 6161023
www.regencyavana.com
REGENCY GROUP
Linking People, Building Trust
COME CLOSER TO GREENS!
75% OPEN GREEN SPACES
STOCK IMAGE
लिमिटेड पोडियम फेसिंग अपार्टमेंट्स*
1 बीएचके 50* लाख
2 बीएचके ₹ 71.20* लाख
3 बीएचके ₹ 95.85* लाख
शहाड रेल्वे स्टेशन से १.७ किमी की दूरी पर
लक्जूरिअस क्लबहाउस। ५० से भी अधिक सुविधायें।
भव्य प्रवेश लॉबी। ६२ एकर टाउनशिप।
प्रोजेक्टमें मंदिर और गुरुद्धारा। कन्विनियन्ट लोकेशन
साइट का पता: रीजेंसी अवाना, रीजेंसी अँटिलिया मे, सेंचुरी रेयॉन क्लब के पास, कल्याण-मुरबाड रोड, महाराष्ट्र - 421103.
Regency Avana registered via MahaRERA Reg. No.: P51700032759 (Phase - VI), MahaRERA Reg. No.: P51700052485 Phase - VIII) available on website - https://maharerait.mahaonline.gov.in under registered projects.
Strategy Partner Anarock Property Consultants Pvt. Ltd. MahaRera Reg. No. A519v00000108 available at https://maharerait.mahaonline.gov.in
*T & C Apply. Disclaimer: All the images, pictorials, visuals, elevations, perspectives, illustrations, model, specifications, plans, designs, drawings, dimensions, maps, facilities, amenities, features, and other information/details herein are conceptual, indicative and for representation purpose only and are not to scale, and is subject to the approval of the respective authorities. The Promoters/Developers/Architect reserve the right to add, alter, delete or replace any of these in the interest of the development, without any notice or obligation. This printed material does not constitute an offer or contract of any nature whatsoever between the Promoters/Developers and the recipient. All transactions in this development shall be subject to and governed by the terms & conditions of the Agreement for Sale to be entered into between the parties.
Alchemist/Clay
REGENCY AVANA
AT REGENCY ANTILIA
कल्याण - मुरबाड रोड